आश्विन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके | रांची
अधि. 26.8° | अधि. 27.1°
न्यून. 22.0° | न्यून. 22.5°

रांची, मंगलवार
16 सितंबर 2025
वर्ष-26, अंक- 225, पृष्ठ-12
मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# मुख्यमंत्री ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड पेसा नियमावली को लेकर वरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवार को उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित इस बैठक में उन्होंने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में पारंपरिक एवं स्थानीय स्वशासन व्यवस्था के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत की जाने वाली शक्तियों, अधिकारों और कार्यों से संबंधित पेसा नियमावली के विभिन्न उपबंधों पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा कानून के तहत किए गए उपबंधों का क्रियान्वयन इस तरह हो, जिससे राज्य के अनुसूचित क्षेत्र में स्थानीय स्वशासन की परंपरा को मजबूती मिलने के साथ जनजातीय समुदायों का आर्थिक- सामाजिक उत्थान और सशक्तिकरण हो सके।

इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमआर मीणा, विधि विभाग के प्रधान सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव, सचिव प्रशांत कुमार शेष पेज 11 पर

**अधिकारियों को दिए कई निर्देश**



## हेमंत सोरेन से टाटा मोटर्स लि. के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## हाइड्रोजन इंजन व इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण से कराया अवगत

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में टाटा मोटर्स लि० के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल में शामिल अधिकारियों ने टाटा मोटर्स लि. द्वारा हाइड्रोजन इंजन एवं इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से संबंधित कार्य प्रगति की जानकारी दी तथा इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट से संबंधित कार्य योजना एवं अद्यतन गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। शेष पेज 11 पर



## पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# एक करोड़ का इनामी समेत तीन नक्सलियों को पुलिस ने मार गिराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम पांतितीरी के लहर गोड्डा टोला में सोमवार की अहले सुबह 3-4 बजे पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी समेत तीन माओवादी ढेर हो गए। जबकि अभियान में शामिल कोबरा बटालियन के चार जवान घायल हो गए। झारखंड में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को उस वक्त सफलता हासिल हुई जब माओवादी पांतितीरी गांव में स्थानीय निवासी प्रेम कुमार पिता शिवराम टुडू के घर में छुपे थे। हजारीबाग पुलिस और कोबरा 209 बटालियन बरही की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर एक बड़ी सफलता हासिल किया है। मुठभेड़ में एक करोड़ के एक जबकि दो अन्य 25 लाख एवं 10 लाख के इनामी नक्सलियों को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है।

शेष पेज 11 पर

**अभियान में शामिल कोबरा बटालियन के चार जवान हुए घायल**



### लुगु पहाड़, झुमरा व पारसनाथ हुआ नक्सल मुक्त : डीजीपी

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में तीन इनामी नक्सली मारे गए। इस घटना के बाद पुलिस डीजीपी अनुराग गुप्ता, सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माइकल राज एस, और एसटीएफ के डीआईजी अनूप बिरथरे समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हजारीबाग पहुंचे। एसपी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीजीपी ने बताया कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज थे। सहदेव सोरेन पर 30, रघुनाथ हेंब्रम पर 58 और बिरसेन गंझू पर 36 मामले दर्ज थे। शेष पेज 11 पर

### नक्सलियों का होगा खात्मा : हेमंत सोरेन

**रांची।** राज्य में नक्सलियों के खात्मे के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संकल्पित है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कई बार कह चुके हैं कि नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अपने अंतिम चरण में है। बहुत जल्द राज्य से नक्सली खत्म हो जाएंगे।



### दैनिक यूपीआई भुगतान सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपए हुई



एआई जेनरेटेड

**मुंबई।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतानों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। यह नई सीमा सोमवार से प्रभावी होगी। इस कदम का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में बड़े भुगतानों को सुगम बनाना और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देना है।

हालांकि, एनपीसीआई ने पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) सीमा को 1 लाख रुपए प्रतिदिन पर बनाए रखा है।इससे पहले बड़े लेनदेन करने वाले यूजर्स को लिमिट का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें भुगतान तुकड़ों में या चेक एवं बैंक ट्रांसफर जैसे पारंपरिक तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता था। नए फ्रेमवर्क के तहत, कैपिटल मार्केट और इंश्योरेंस पेमेंट के लिए प्रति लेनदेन सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है शेष पेज 11 पर

**झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**

### नियुक्ति में विज्ञापन के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा

**रांची (आईएएनएस)**

झारखंड हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने सोमवार को नियुक्तियों में जाति प्रमाणपत्र को लेकर अहम फैसला सुनाया। अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञापन की तिथि के बाद जारी जाति प्रमाणपत्र मान्य नहीं होगा। ऐसे मामलों में अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा और उन्हें अनारक्षित श्रेणी में माना जाएगा। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान, न्यायमूर्ति आनंद सेन और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने कुल 44 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह निर्णय सुनाया।




शेष पेज 11 पर

**वक्फ कानून के कई प्रावधानों पर एससी की रोक**

### कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर फैसला लेने का अधिकार नहीं

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 पर पूरी तरह से रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी भी कानून की संवैधानिकता की धारणा होती है और उसे केवल अत्यंत दुर्लभ मामलों में ही रोका जा सकता है। हालांकि, कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाई है। अब कलेक्टर को भी प्रॉपर्टी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सोमवार को इस मामले में अंतरिम राहत पर फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। सोमवार को कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है

शेष पेज 11 पर



### राजस्व संबंधी शब्दावली पर आधारित डॉ सुनील सिंह की पुस्तक का लोकार्पण

# भूमि सुधार समाज सुधार की तरह है : एल खियांग्ते

- भूमि विवाद समाप्त करने के लिए उपयोग में बदलाव के अनुरूप रिकॉर्ड अपडेट हो
- बिहार की तरह आईटी का इस्तेमाल हो

सुनील बादल

**ग्लोसरी ऑफ लैंड रेवेन्यू रिकॉर्ड्स पुस्तक का लोकार्पण**




**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव और मिजोरम के भूमि सुधार कानून के रचयिता वर्तमान में झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एल खियांग्ते ने कहा कि भूमि में सुधार सीधे तौर पर समाज सेवा से जुड़ा है ।समाज में अनेक पूर्व की व्यवस्थाओं में से झारखंड के आज की व्यवस्था को राजस्व के अनुरूप व्यवस्थित करना कठिन कार्य है, खास तौर पर जनजातीय और पारंपरिक व्यवस्था के इतिहास का सम्मान करते हुए इसको व्यवस्थित करने में अधिकारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इससे अनेक आंदोलन और राजनीतिक दबाव जुड़े होते हैं। इनका समाधान करने के लिए भूमि के उपयोग और वर्गीकरण के बदलने के अनुरूप रिकॉर्ड को अद्यतन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी सर्वे सेटेलमेंट के पूरा नहीं होने से अनेक विवाद खड़े होते रहे हैं जिन्हें बड़े संदर्भ में सुलझाया जा सकता है ।श्री खियांग्ते ने कहा की बिहार की तरह आईटी का इस्तेमाल करके इसमें तेजी लाई जा सकती है और रिकॉर्ड को अपडेट किया जा सकता है। अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते उन्होंने बताया कि लोहरदगा में अनुबंध आधारित नए अमीनों को जमीन के पुराने रिकॉर्ड समझ में नहीं आ रहे थे तब रिटायर्ड अमीन को बुलाकर उन्हें पढ़वाया गया इस तरह की चुनौतियां आती रहती हैं और इसके समाधान के लिए राजस्व तथा अंचल अधिकारियों को एक मंच से जुड़ना चाहिए ताकि वे एक दूसरे के अनुभव साझा कर इसका समाधान कर सकें ।डॉ सुनील कुमार सिंह की पुस्तक ग्लोसरी ऑफ लैंड रेवेन्यू रिकॉड्र्स के लोकार्पण में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए उन्होंने कहा की इस तरह की चुनौतियां और समस्याओं का समाधान करने में यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो सकती है इनकी पहले की भी पुस्तकें प्रशासनिक कार्यों में संदर्भ के तौर पर इस्तेमाल की जाती रही हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड के इतिहास तथा राजस्व पर कई प्रामाणिक पुस्तकों के रचयिता डॉक्टर सुनील कुमार सिंह ने अपनी पुस्तक के संदर्भ में बताया कि आज लोग इंटरनेट का इस्तेमाल राजस्व शब्दावली की खोज के लिए करते हैं जो प्रामाणिक नहीं है इस कारण इस पुस्तक की रचना की गई है। इतिहास विभाग के पूर्व विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आई के चौधरी ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कि आज पुस्तक पथ में वीरानी छाई है जबकि डॉक्टर कुमार सुरेश सिंह जैसे विद्वान प्रशासनिक अधिकारियों की लेखकीय कड़ी में डॉक्टर सुनील सिंह की पुस्तक बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज तक झारखंड का पूर्ण इतिहास नहीं आया जिसकी आज भी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा की राजस्व की जानकारी का अथाह सागर है डॉक्टर सिंह के पास और उनकी अन्य पुस्तकों की तरह यह पुस्तक भी पेचीदगियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी। क्रॉउन पब्लिकेशन रांची से प्रकाशित इस पुस्तक के प्रकाशक राजेंद्र प्रसाद आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आईटीआई सभागार में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों और पूर्व अधिकारियों सहित बुद्धिजीवी और वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री बलबीर दत्त, बैजनाथ मिश्र उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री ने हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा की दरगाह पर की चादरपोशी

नवीन मेल संवाददाता

- मुख्यमंत्री ने रिसालदार शाह बाबा से समस्त राज्य वासियों की सुख, समृद्धि, अमन-चैन, प्रगति एवं खुशहाली के लिए दुआएं मांगी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को 218वें उर्स के अवसर पर रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह पहुंचे। मुख्यमंत्री ने वहां परंपरा के अनुरूप चादरपोशी कर समस्त राज्य वासियों के लिए सुख, समृद्धि, अमन-चैन, प्रगति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी लोग उर्स के मौके पर हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के दरगाह में चादरपोशी के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कि आज मैने यहां चादरपोशी की रस्म अदा कर रिसालदार शाह बाबा से समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की है।

# राज्य में 700 अबुआ मेडिकल स्टोर खुलेंगे : डॉ अंसारी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में 700 अबुआ मेडिकल स्टोर खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी घोषणा करते हुए पूरे राज्य में अबुआ मेडिकल स्टोर खोलने का निर्देश दिया है, ताकि गरीबों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराई जा सके। पहले चरण में 700 स्टोर खोले जाएंगे। अगले चरण में स्टोर की संख्या बढ़ाई जाएगी। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के सुदूर इलाके तक दवाइयां पहुंचें और इलाज के अभाव में किसी गरीब की जान न जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल झारखंड के गरीबों को मजबूत बनाएगी।

अब दवा के अभाव में किसी की जान नहीं जाएगी। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा उपस्थित थे। डॉ अंसारी ने बताया कि इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को इंदौर (मध्यप्रदेश) से करेंगे। झारखंड में पंचायत स्तर से लेकर मेडिकल कॉलेज तक हर जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।

### भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती मनी, मंत्री ने कहा

# आधुनिक झारखंड का निर्माण इंजीनियरों के बिना संभव नहीं

नवीन मेल संवाददाता



- कहा कि आज के युवा इंजीनियर्स एम. विश्वेश्वरैया के आदर्शों को अपनाकर झारखंड के सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं

**रांची।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत की जब भी कल्पना की जाती है, उसमें इंजीनियरों की भूमिका हमेशा अग्रणी रही है। आप सभी के योगदान से ही आधुनिक झारखंड का निर्माण संभव है। हमारी सरकार को आपसे उम्मीद है और भरोसा है कि आप बिना किसी समझौते के ऐसे स्ट्रक्चर बनाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों तक मजबूती से खड़े रहें।

वह सोमवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 58वां अभियंता दिवस समारोह कार्यक्रम में बोल रही थीं।

दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि भारत में 15 सितंबर को मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, जिन्हें देश के महानतम इंजीनियरों में से एक माना जाता है, की स्मृति और श्रद्धांजलि के रूप में इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। इंजीनियरिंग और समाज के विकास के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान और नवाचारों के कारण विश्वेश्वरैया को भारतीय इंजीनियरिंग का जनक भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आज के युवा इंजीनियर्स एम. विश्वेश्वरैया के आदर्शों को अपनाकर झारखंड के सशक्त, आधुनिक और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम में शहरी विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार तथा पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों मंत्रियों ने अभियंताओं की भूमिका को राज्य की आधारभूत संरचना, स्वच्छ जलापूर्ति, आवास और शहरी विकास से जोड़ते हुए उनके योगदान की सराहना की।

समारोह में अभियंताओं की समाज-निर्माण, नवाचार और सतत विकास में भूमिका पर प्रकाश डाला गया। और अभियंताओं के तकनीकी ज्ञान, सामाजिक प्रतिबद्धता और झारखंड के सर्वांगीण विकास में योगदान की सराहना की गई।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज करेंगे नियुक्ति पत्र का वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज मंगलवार को नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) एवं गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5 तक) को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम अपराह्न 12:30 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित द्वितीय तल सभागार में आयोजित है।इस अवसर पर विभागीय मंत्री , मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे ।

# चैंबर ने मनाया 65वां स्थापना दिवस




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का 65वां स्थापना दिवस सोमवार को चैंबर भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक अध्यक्ष स्व रायबहादुर हरकचंद जैन एवं संस्थापक मानद सचिव स्व आत्माराम बुधिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन के साथ हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने सभी पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल में हुई उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि 65 वर्ष पूर्व संस्थापक सदस्यों ने 'संगठन ही शक्ति है' के मूल मंत्र पर चैंबर की स्थापना की थी और आज यह संगठन उद्योग-व्यवसाय के विकास में एक वटवृक्ष की तरह खड़ा है। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने प्रदेश के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# झारखंड के 5 जिलों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी, 12 जिलों में येलो अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता



- रांची के कांटा टोली चौक के पास गड्ढे में स्कॉर्पियो कार। फोटो सौजन्य सोशल मीडिया


**रांची।** झारखंड के कई हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई। मौसम विभाग ने 16 सितंबर यानी मंगलवार सुबह पांच जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी और 12 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी और उत्तर-पूर्वी बांग्लादेश पर बने चक्रवाती हवाओं के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बुधवार तक तक भारी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर से खराब मौसम से राहत मिलने की उम्मीद है। आईएमडी ने मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक गिरिडीह, देवघर, दुमका, जामताड़ा और धनबाद के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया, जबकि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है।

मौसम अधिकारी ने कहा कि इसी तरह का 'ऑरेंज' अलर्ट लातेहार, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के लिए जारी किया गया है। गढ़वा, पलामू, लोहरदगा, रांची, रामगढ़ और गिरिडीह के लिए 16 सितंबर की सुबह से 24 घंटे के लिए और 17 सितंबर की सुबह से 11 जिलों के लिए समान अवधि के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है। रविवार दोपहर से रांची में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह 8:30 बजे से 24 घंटों में शहर में 40.8 मिमी बारिश हुई। उन्होंने बताया कि झारखंड में 1 जून से 15 सितंबर के बीच 20 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान राज्य में सामान्य 920.8 मिमी बारिश के मुकाबले 1100.5 मिमी बारिश हुई।

अधिकारी ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले में सबसे अधिक 59 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई। उसके बाद सरायकेला-खरसावां में 53 प्रतिशत और रांची में 49 प्रतिशत बारिश दर्ज की गई। हालांकि, पाकुड़ जिले में 15 सितंबर तक 26 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई।

भारी बारिश ने न केवल सब्जी उत्पादकों को प्रभावित किया, बल्कि दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों में भी बाधा डाली। रांची की कई पूजा समितियों के अनुसार, रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण उन्हें अपनी थीम को आकार देने में परेशानी हो रही है। मूर्ति निर्माताओं को भी बारिश के मौसम में मूर्तियों को सुखाने में इसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आनंद ने कहा कि पूजा समितियों को सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि इस साल दुर्गा पूजा मानसून के आखिरी चरण में मनाई जाएगी।

### नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने का विरोध करने पर पिता को पीटा



**रांची।** जगन्नाथपुर बड़ा खटाल की रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग लड़की से छेड़खानी की गई है। आरोप करण कुमार, अभिषेक कुमार और मंटू कुमार पर लगा है। इस संबंध में नाबालिग की मां ने जगन्नाथपुर थाना में तीनों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। नाबालिग की मां ने आवेदन में कहा गया कि शनिवार को तीनों आरोपी उनके घर में जबरन घुस गए। उनकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़ाछाड़ करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति के साथ के मारपीट करने लगे। इस दौरान उनके पुत्र का मोबाइल भी छीन लिया। जान से मारने की धमकी दी, जिसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

# जैक अध्यक्ष व सचिव का साधुवाद : प्रतुल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि सोमवार को जैक कार्यालय में अध्यक्ष स्तर पर बैठक कर इनवेलिड रिजल्ट पर नीतिगत फैसला ले लिया गया है। इस बात पर सहमति बन गई है कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव उच्च विद्यालय रोल चंदवा के 11वीं कक्षा के छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। 130 छात्रों का रिजल्ट इनवैलिड होने के कारण उनका वर्ष खराब नहीं होने दिया जाएगा। प्रतुल ने बताया कि इस संबंध में उनकी जैक के उच्च अधिकारियों से बात हुई जहां से यह जानकारी सामने आई ।उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएगी और 12वी का फॉर्म भरने से वंचित 130 छात्रों को भी फॉर्म भरने दिया जाएगा। प्रतुल ने इस बड़े कार्य के लिए जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा, सचिव जयंत मिश्रा एवं जैक के तमाम पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य है की भाषा का गलत ऑप्शन भर देने के कारण जस्टिस एलपीएन शाहदेव प्लस टू विद्यालय, रोल, चंदवा के 130 छात्रों का परिणाम रोक दिया गया था।

यह आदिवासी बहुल इलाका था और इसके अधिकांश छात्र आदिवासी थे। मामले की जानकारी मिलने पर प्रतुल शाहदेव ने इसे मुख्यमंत्री के समक्ष ट्वीट कर उठाया। प्रतुल ने इस विषय पर कल ही जैक अध्यक्ष एवं सचिव से बातचीत कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद जैक कार्यालय में आज इस विषय पर उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें छात्रों के हित में नीतिगत फैसला लिया गया। जिसका आज सकारात्मक परिणाम निकला है।

### एक आईपीएस अधिकारी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की हो रही है लीपा-पोती : शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड कैडर के एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा व्हिस्ल ब्लोअर एक्ट के तहत सुरक्षा उपकरणों की खरीद में लगाए गए गंभीर आरोपों पर राज्य सरकार के रवैये पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरणों की खरीद में भारी भ्रष्टाचार के आरोप सामने आने के बाद भी हेमंत सरकार ने पूरे मामले को दबाने का काम किया है। प्रतुल ने कहा उक्त आईपीएस अधिकारी ने आरोप लगाया था कि सुरक्षा उपकरणों को उनके बाजार मूल से चार गुना से 5 गुना ज्यादा कीमतों पर खरीदा गया है। कनीय अधिकारी को वरीय अधिकारी पर जांच की जिम्मेदारी दे दी गई। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि शुरुआत में तो महीनों तक सरकार ने इन आरोपों पर संज्ञान ही नहीं लिया। बाद में जब दबाव बढ़ा तो जिस अधिकारी पर आरोप लगाए गए थे, उससे कनीय अधिकारी आईजी नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जांच समिति बनवा दी गई। यह अपने आप में हास्यास्पद और अनैतिक कदम था कि एक कनिष्ठ अधिकारी अपने वरीय अधिकारी की जांच कैसे करे? भारी हंगामे के बाद सरकार ने समिति बदली और एडीजी स्तर के अधिकारी टी कांडास्वामी को अध्यक्ष बनाया।लेकिन वे लंबे समय तक अवकाश पर रहे थे जिससे जांच की गति ठहर गई। जानकारी के अनुसार समिति की एक भी बैठक अभी तक नहीं हुई है। यह सब दर्शाता है कि सरकार गंभीर जांच चाहती ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में जुटी है।

**इंडिया**

# भारतीयता के बूते वैश्विक ब्रांड बनता भारत और विरोध

वाजपेयी जी ने एक बार कहा था कि हम भारतीय विश्व में जहां भी जाते हैं, अपने साथ एक छोटा सा भारत लेकर जाते हैं। मारीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम की यात्रा से लगा कि भारतीय जहां भी जाते हैं अपने माता पिता के संस्कारों के साथ अपने गांव,समाज या क्षेत्र के रीति रिवाज साथ लेकर जाते हैं । भले समय की दौड़ में उसमें धूल जम जाए पर हमारे मन से भारत और उसकी स्मृति कभी मिटती नहीं। यही कारण है कि विदेशों में पीढ़ियों के बाद भी छोटा भारत बसा हुआ है । यही हाल भारत के अंदर रोजगार के लिए पलायन करने वाले लोगों का है जो अपने जन्मस्थान या जड़ों की स्मृति को सदियों बाद भी जीवित रखते हैं । पाकिस्तान से आए शरणार्थी जो अब भारत के अभिन्न अंग बन चुके हैं पर उनके मन के कोने में अपने जन्मस्थान या बचपन की यादें आज भी ताजा हैं । झारखंड, बिहार सहित भारत के हिंदी भाषी ग्रामीण क्षेत्रों से कुछ देशों में गए हुए मजदूर जिन्हें गिरमिटिया कहा जाता है अपने साथ अपनी कपड़ों की गठरी में श्रीरामचरितमानस, हनुमान चालीसा, सत्यनारायण की कथा, देवी-देवताओं के चित्र मंगलसूत्र, सिंदूर-टिकुली, पाजेब, करधनी, तीज-त्योहार में उपयोग आने वाला सामान आदि सभी कुछ साथ रख लेते थे। गिरमिटिया मजदूर, अनुबंधित या ठेका मजदूर होते थे पर चूंकि सरकार यानी गवर्नमेंट ले जाती थे इसलिए गोर्मेंटिया से गिरमिटिया नामकरण हो गया । मॉरीशस और फ़िजी जैसे देशों में ये राष्ट्राध्यक्ष तक बने पर वस्तुतः ये गुलाम ही हुआ करते थे। 'इंडेंचर्ड लेबर' या गिरमिटिया मजदूर जिन्हें अंग्रेजों ने कभी 'गोल्डन लैंड' का मनमोहक स्वप्न दिखाकर, तो कभी डरा-धमकाकर, भयभीत करके, कोर्ट कचहरी, भूमि जब्त कर लेने की धमकी देकर जबरन अपने गुलाम देशों में श्रमिक के रूप में भेजा करते थे । इस प्रकार गए हुए ऐसे भारतीय मजदूर जो उन कथित 'गोल्डन लैंड्स' में जाकर जीवन अपने देश लौटने का किराया भी नहीं जुटा पाए और बेबस होकर वहीं मर-खप गए। गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, जमैका, फिजी, मॉरीशस, मलेशिया, फिजी, दक्षिण अफ्रीका के युगांडा, केन्या, तंजानिया जैसे कुछ अन्य देशों में आज इन्हीं भारतीय गिरमिटियों के वंशज आज अपने श्रम, लगन, ध्यान, देशप्रेम, से भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रहें हैं। हमें बड़ा गौरव का भान होता है कि इन देशों में ये कभी दीन-हीन रहे ये भारतीय गिरमिटिया मजदूर कितने ही अभावों में रहें हों, कितनी ही भूख से मर-मर गए हों किंतु अपराधी नहीं बने। गिरमिटिया मजदूरों के वंशजों ने इन देशों में अपने श्रम से अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक, नैतिक, राजनैतिक आधारपीठ का निर्माण कर लिया है। उपरोक्त सभी देशों में गए हुए भारतीय गिरमिटिए, वहां समरस हो गए हैं। अलगाव या देशविरोधी भाव तो इन्हें छू भी नहीं गया है। इसी तरह बड़ी संख्या में कनाडा में बसे भारत मूल के लोग हैं जिन्होने भारत को एक सम्मानित ब्रांड बना दिया है । दिलचस्प बात यह है कि कनाडा में पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल जैसे भारतीय उपप्रायद्वीप के लोग भी अपने को भारतीय यानी इंडियन बताते हैं और अपनी दुकानों के नाम द इंडियन स्टोर रखते हैं जिसपर भरोसा कर ग्राहक बड़ी संख्या में जाते हैं । वहां के लोग बताते हैं कि यदि वे अपने स्टोर का नाम द पाकिस्तानी स्टोर रख दें तो ग्राहक बिदक जाएंगे। तथाकथित सभ्य अंग्रेजों ने ज्ञात रूप से 1.2 मिलियन और अज्ञात रूप से, न जाने कितने लाख विवश-बेबस भारतीयों को अपने उन्नीस ग़ुलाम देशों में जबरन भेज दिया था। यह मानवता के प्रति कथित 'जेंटलमैन अंग्रेजों' का अपराध था। 1917 में बड़े विरोध के बाद ब्रिटिशर्स ने इस अपराध श्रृंखला को रोका था, तब तक लाखों भारतीय परिवार हजारों किमी दूर उन अंग्रेजी कॉलोनियों से स्वदेश लौटने हेतु तड़प रहे थे। आज यह गर्व का विषय है कि अंग्रेजी के किताबों के अनुसार निपट अशिक्षित, विपन्न, साधनहीन भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के वंशज, अपनी ईमानदारी और भारतीयता के बल पर इन देशों में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मंत्री, गवर्नर, प्रशासक, न्यायाधीश, उद्योगपति, बिजनेस टायकून, कंपनी कार्पोरेटर, साहित्यकार, एकेमेडिशियन्स, प्रेरक संत आदि-आदि के रूप में अपनी छटा बिखेर रहे हैं। हजारों किमी दूर के इन देशों में जहां कभी भारतीयता का नाम भी नहीं था वहां प्रतिवर्ष सभी भारतीय उत्सव बड़े ही उल्लास व उत्साहपूर्वक मनाए जाते हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




एआई जेनरेटेड

# भाजपा को भ्रष्टाचार पर बोलने का अधिकार नहीं : विनोद पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रवक्ता के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठ फैलाकर भ्रष्टाचार पर बोलने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। जिस तरह से भाजपा नेता ने सुरक्षा उपकरणों की खरीद को लेकर राज्य सरकार पर निराधार आरोप लगाए हैं, वह पूरी तरह से राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। सुरक्षा उपकरणों की खरीद से जुड़ा मामला प्रारंभ से ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार देखा जा रहा है। शिकायत आने के बाद सरकार ने न केवल संज्ञान लिया, बल्कि जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की समिति गठित की है। समिति की कार्यवाही नियमों के तहत चल रही है, और निष्पक्ष रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बताना चाहिए कि जब केंद्र में उनकी सरकार है, तब उन्होंने राज्य को जांच में सहयोग क्यों नहीं दिया? भाजपा नेता का बयान सिर्फ सुर्खियां बटोरने और ईमानदार सरकार को बदनाम करने की कोशिश है। विनोद पांडेय ने स्पष्ट कहा कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे सख्त रुख हेमंत सोरेन सरकार ने अपनाया है। सरकार हर शिकायत पर संज्ञान लेती है, परंतु किसी भी जांच को मीडिया ट्रायल का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा को सलाह है कि वह झूठे बयान देने के बजाय तथ्यों का सम्मान करे और संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा रखे।

**इस बार सात दिनों तक चलेगा एक्सपो उत्सव 2025**

# आज से शुरू हो रहा है झारखंड का 27 वां कंज्यूमर फेयर एक्सपो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी मैदान में एक्सपो उत्सव 2025 का आयोजन मंगलवार से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद होंगे। श्री प्रसाद कार्यक्रम का उद्घाटन शाम पांच बजे करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रतीक जैन, एक्सपो के मुख्य संचालक सिद्धार्थ जायसवाल, सिद्धार्थ चौधरी, जेसी साकेत अग्रवाल व प्रवक्ता आदित्य जालान ने मोरहाबादी मैदान में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि एक्सपो उत्सव 2025, 16 सितंबर से शुरू हो रहा है। इस बार 27 वां एक्सपो फेयर 7 दिनों तक चलेगा, पूर्व के वर्षों में यह पांच दिनों का होता आया है।

## देश के कोने-कोने और विदेश के 12 देशों से 400 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे

- एक्सपो उत्सव 2025 में देश के कोने-कोने और विदेशों से 12 देशों के 400 से अधिक स्टॉल
- मेले में अपने-अपने अनूठे उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करेंगे। इस कंज्यूमर फेयर में स्टॉल धारकों द्वारा ग्राहकों को 5% से लेकर 50% तक के विशेष डिस्काउंट दिए जाएंगे, ताकि लोग अपनी पसंद की वस्तुएं और सेवाएं आकर्षक दरों पर खरीद सकें।



**विशेष कार्यक्रम :** इन सात दिनों में एक्सपो उत्सव में प्रतिदिन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें डांस कॉम्पटीशन, पेंटिंग, योगा, फैशन शो, डॉग शो, तंबोला, हेल्दी बेबी एंड मॉम शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, वॉइस ऑफ एक्सपो और फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन जैसे आकर्षक इवेंट शामिल होंगे। इस कंज्यूमर फेयर में लोग अपनी पसंदीदा चीजों की खरीदारी करने के साथ-साथ अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनोरंजन और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी उठा सकेंगे।

## प्रमुख आकर्षण

- इस साल, एक्सपो में आरामदायक शॉपिंग अनुभव के लिए अत्याधुनिक एसी जर्मन हैंगर लगाए गए हैं जो पूरी तरह से वाटर प्रूफ है।
- सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि आगंतुकों को एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल मिल सके।
- बच्चों के लिए रोमांचक राइड्स और गेम्स के साथ फनगोला एम्यूजमेंट पार्क एक खास आकर्षण होगा।
- महिलाओं और लड़कियों के लिए विशेष रूप से पिंक हैंगर तैयार किया गया है, जहां उनके लिए खासतौर पर डिजाइन किए गए कपड़े, एक्सेसरीज और ब्रांडेड कॉस्मेटिक्स उपलब्ध होंगी।
- फूड ज़ोन में विभिन्न प्रकार के व्यंजन और जायके उपलब्ध होंगे, जहां भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय भोजन के स्टॉल्स होंगे।
- स्टार्टअप बाजार में नए उद्यमियों को अपने प्रोडक्ट्स और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा, जहां स्टॉल्स विशेष रूप से रियायती दरों पर दिए गए हैं।
- अर्बन जोन में घर के साज सज्जा व उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर के बेहतरीन विकल्प भी उपलब्ध होंगे।

**उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, कहा**

# सभी सही शिकायतों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनता दरबार में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, पेंशन, सड़क निर्माण, जल जमाव एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित रही। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सुदूर क्षेत्रों से आए आवेदकों को प्राथमिकता देते हुए प्रखंडवार बारी-बारी से सभी शिकायतों को सुना। प्रत्येक मामले पर उन्होंने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिए।




**बैंक खाता ऑन होल्ड का मामला :** सोनाहातू निवासी आशुतोष महतो ने अपने बैंक खाते को ऑन होल्ड किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। न्यायालय द्वारा वर्ष 2022 में उनके पक्ष में निर्णय दिए जाने के बावजूद बैंक द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने एलडीएम, रांची से बात की और शीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

**भ्रष्टाचार पर सख्ती :** जमीन से जुड़े मामलों में आवेदकों द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत पर उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि "प्रमाण मिलने पर दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ फौरन कार्रवाई होगी।

**राजस्व संबंधी जटिल मामले :** जनता दरबार में दाखिल-खारिज, पंजी-2 सुधार, मुआवजा भुगतान जैसे कई मामले आए जिस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। राजस्व जटिल मामलों में उपायुक्त ने दस्तावेजों का गहन अवलोकन कर आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

**सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामले :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने एक बार फिर से कहा कि जनहित के मुद्दों का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता दरबार आमजनों को न्याय दिलाने का सशक्त माध्यम है और हर सही शिकायत पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



# समन्वय की कमी के कारण छात्र छात्राओं को हो रही है परेशानी : अभिषेक शुक्ला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के कुल सचिव से मुलाकात कर उन्हें छात्र-छात्राओं की परेशानियों से अवगत कराया। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा के रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत स्नातक सत्र 2022–26 के सेमेस्टर-5 के छात्र-छात्राएं को फॉर्म भरने की समस्या को लेकर परेशानियों का सामना करना पर रहा हैं। शुक्ला ने कहा के विश्वविद्यालय द्वारा बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है, लेकिन इस बीच अधिकांश विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों की समन्वय की कमी के कारण छात्रों में असमंजस और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई महाविद्यालयों द्वारा अब तक परीक्षा के अंकों को विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड ही नहीं किया गया है।कुछ महाविद्यालयों में अब तक मिड-सेमेस्टर परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी है, जिसके कारण छात्रों के परिणाम अधूरे हैं।इस परिस्थिति में छात्रों के सामने यह संकट है कि यदि वे अंतिम तिथि तक फॉर्म भरते हैं, तो उन्हें बिना किसी गलती के लेट फाइन देना पड़ेगा जो छात्र-छात्राओं के हित में कहीं से उचित नहीं है। अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व मे पहुंचे छात्र-छात्राओं ने मांग रखी कि परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को कम से कम एक सप्ताह तक बढ़ाया जाए और इसे बिना लेट फाइन के किया जाए, ताकि सभी छात्र-छात्राओं को न्याय मिल सके।

# कायस्थ महासभा ने मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- **इंजीनियरिंग के क्षेत्र में विश्वेश्वरैया का कार्य अनुकरणीय : शैलेश**


इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले भारत रत्न से सम्मानित इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर महासभा के रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि उन्होंने भारत के प्रगति और विकास के लिए इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बेमिसाल कार्य करते हुए एक ऐसी विरासत और दूर दृष्टि कोण छोड़ गए की इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत सभी के लिए अनुकरणीय है। उनकी दूर दृष्टि विशेष कर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके जीवन चरित्र का सर्वाधिक अनुकरणीय गुण है। उन्होंने चलती ट्रेन की आवाज सुनकर ट्रेन की पटरी का खामियां को बता कर ट्रेन को न सिर्फ दुर्घटना होने से बचाया बल्कि इस घटना उनके इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दूर दृष्टि चरित्र को दर्शाता की इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वह कितने समर्पित थे। उनके जीवन से इंजीनियरिंग के क्षेत्र में समर्पण की भावना से प्रेरणा लेकर के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में भारतीय इंजीनियरों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

# प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय में कवि सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. प्रसिद्ध कवि नरेश बंका ने अपनी छोटी-छोटी रचनाओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। डॉक्टर सुरेंद्र कौर नीलम ने श्रृंगार गीत पढ़ा। रजनी शर्मा चंदा, सदानंद यादव, सूरज श्रीवास्तव ने कविता की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजश्री जयंती ने हिंदी के महत्व को बताया। इस अवसर पर नसीर अफसर, शालिनी नायक वह अन्य कवियों ने भी अपनी प्रस्तुति दी।






## वेव्स ओटीटी से दूरदर्शन ने दिया सार्वजनिक प्रसारण को नया स्वरूप : दिवाकर कुमार



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के जनसंचार विभाग द्वारा सोमवार को दूरदर्शन का स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर रांची दूरदर्शन केंद्र के सहायक निदेशक दिवाकर कुमार ने विकसित भारत के लिए सार्वजनिक प्रसारण" विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक प्रसारक है, जो शिक्षा, कृषि, शोध, अंतरिक्ष कार्यक्रमों, सरकारी योजनाओं और ऑपरेशन सिंदूर जैसी पहलों की जानकारी आम जनता तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि दूरदर्शन हाल के वर्षों में कई नई पहल कर रहा है। इनमें वेव्स ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म, जो आकाशवाणी और दूरदर्शन की सामग्री को निःशुल्क डिजिटल रूप से उपलब्ध कराता है, तथा विश्व ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य भारत को वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन केंद्र बनाना है। उन्होंने "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" जैसे जनस्वास्थ्य अभियानों, 8वें पोषण माह और रक्षा बलों के साथ समन्वय की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. देवव्रत सिंह, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष ने दूरदर्शन के इतिहास पर अपने विचार साझा किए और हम लोग धारावाहिक, 1992 में पहले निजी चैनल ज़ी टीवी zee tv की शुरुआत तथा मन की बात जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख किया। वहीं, सहायक प्रोफेसर डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने दूरदर्शन दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन डॉ. अमृत कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# राज्यभर में कल से चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी ने की समीक्षा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक राज्यभर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाना है। इसमें सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडलीय अस्पताल, सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में विशेष अभियान चला कर महिलाओं के स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य सलाह और आवश्यक इलाज किये जायेंगे। शिविर में पुरूष भी अपना स्वास्थ्य जांच और परामर्श का लाभ ले सकते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्णवाल ने सोमवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के सभागार से सभी जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन, के साथ वर्चुअल मोड में बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ इलाज करना नहीं है बल्कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए जागरूकता भी फैलाना है। उन्होंने कहा कि एक नारी किसी भी परिवार की रीढ़ होती है उनके स्वस्थ रहने से पूरा परिवार सशक्त होता है। उन्होंने सिविल सोसाइटी, रेड क्रॉस, आइएमए और प्राईवेट हॉस्पीटल्स के प्रतिनिधियों से भी अपील की है कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। जिलों के अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में भाग लेने वाले लाभार्थियों की ऑनलाइन डेटा इंट्री ससमय सुनिश्चित हो। अभियान को लेकर राज्य स्तर से पर्यवेक्षण के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला और प्रखण्ड स्तर से भी निगरानी किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान आयुष्मान भारत, आभा कार्ड बनाने और ई-केवाईसी के लिए क्यिस्क लगाये जायेंगे। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए भी शिविर की व्यवस्था होगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि बीपी, शुगर, टीबी, ओरल-ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य समेत अन्य कई बीमारियों से सम्बन्धित जांच और परामर्श दिए जाएंगे। गंभीर बीमारी के लक्षण वाले मरीजों को बेहतर इलाज के लिए भी व्यवस्था की जाएगी।



### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में जनभागीदारी जरूरी : डॉ. नेहा अरोड़ा

बीमार होकर इलाज कराने से बेहतर है कि अपनी नियमित जांच कराकर संभावित बीमारियों से बचे रहे। झारखण्ड आरोग्य सोसाइटी की कार्यकारी निदेशक डॉ नेहा अरोड़ा ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान तभी सफल होगा जब ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी होगी, इसके लिए सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

## न्यूज बॉक्स

### फुटबॉल टूर्नामेंट में दबंग नदी टोला ने मारी बाजी



**मांडर।** मांडर प्रखंड के हतमा मैदान में युवा फुटबॉल क्लब मांडर हतमा असोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रबूल अंसारी उपस्थित रहे। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दबंग क्लब नदी टोला और युवा स्पोटिंग क्लब हेसाल घुघरी आमने-सामने हुए। रोमांचक मुकाबले को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ी रही। दर्शकों ने खिलाड़ियों के हर मूव और गोल पर तालियों और जयकारों से उत्साह बढ़ाया। फाइनल में दबंग क्लब नदी टोला ने शानदार प्रदर्शन कर विजयी परचम लहराया, जबकि युवा स्पोटिंग क्लब हेसाल घुघरी ने भी कड़े मुकाबले में बेहतरीन खेल दिखाया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम पुरस्कार स्वरूप 10 हजार रुपये नगद, ट्रॉफी एवं खस्सी प्रदान किया गया। उपविजेता टीम को 5 हजार रुपये नगद एवं खस्सी दिया गया। वहीं तीसरे स्थान पर रहे युवा विकास क्लब बुड़ाखुखरा और नया टोली ए.बी.सी.डी. टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, सचिव पवन गोप समेत आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### डीएवी सिल्ली ने स्टेट लेवल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में जीते 40 पदक



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल,सिल्ली ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स स्टेट लेवल (2025-26) प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 16 स्वर्ण पदक,19 रजत पदक और 05 कांस्य पदक जीतकर कुल 40 पदक अपने नाम किए।यह प्रतियोगिता झारखंड के विभिन्न डीएवी विद्यालयों डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (बिस्टुपुर) डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (रामगढ़), डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल (रजरप्पा) में आयोजित की गई जिसमें स्किपिंग,वुशु एवं कराटे, तथा वेटलिफ्टिंग जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने दमदार खेल कौशल दिखाया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "स्किपिंग (यू-14, यू-17, यू-19, छात्र एवं छात्राएं) : 8 स्वर्ण, 16 रजत,3 कांस्य, वुशु एवं कराटे (यू-17, यू-19, छात्र एवं छात्राएं) 7 स्वर्ण, 2 रजत,2 कांस्य वेटलिफ्टिंग (यू-14,यू-17, छात्र एवं छात्राएं) : 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्या बी. शरण ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से खेल शिक्षक विजय कुमार मंडल,प्रशिक्षकों एवं सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### टीम तुलसी पटेल ने सदस्यों से मांगा जीत का आशीर्वाद




**रांची।** चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए प्रतिदिन सदस्यों से संपर्क कर रहे है। टीम के सभी उम्मीदवारों ने कमान संभालते हुए प्रचार अभियान में जोर शोर से लगे हुए है। सोमवार को भी टीम ने बारिश के कारण फोन और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सदस्यों से समर्थन मांगा। वहीं, टीम तुलसी पटेल ने बैठक कर आगे की रणनीति तय की और प्रचार अभियान को तेज करने का निर्णय लिया। अधिक से अधिक सदस्यों तक पहुंचने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा टीम तुलसी पटेल ने चैंबर के वरिष्ठ सदस्यों के साथ भी बैठक की और जीत का आशीर्वाद मांगा। मौके पर तुलसी पटेल ने कहा कि चैंबर का चुनाव व्यवसायियों की आवाज़ को बुलंद करने का एक माध्यम है। हम सभी मिलकर एक मजबूत और सक्रिय नेतृत्व देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी सदस्यों का आशीर्वाद और समर्थन हमें लगातार मिल रहा है, जिससे हमारा उत्साह और अधिक बढ़ गया है। हमारी प्राथमिकता व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान, पारदर्शी संचालन और युवाओं को नेतृत्व में स्थान देना है। इस अवसर पर इस अवसर पर तुलसी पटेल, ज्योति कुमारी, राहुल साबू, विकास विजयवर्गीय, दीनदयाल वर्णवाल, अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, विमल फोगला, अरुण भरतीया, नवीन गाड़ोदिया, मनोज मिश्रा, विकास झाझरिया, विनीता सिंघानिया, मोनिका गोयनका, विकास मोदी, कमलेश संचेती, संतोष अग्रवाल, सुमित कक्कड़, प्रकाश अग्रवाल समोता, कुलवंत सिंह सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

### संत पॉल्स कॉलेज में मना हिंदी दिवस

- **छात्रों ने लेखन, कविता पाठ और चित्रकला से सजाई हिंदी की महफिल**

**रांची ।** हिंदी के प्रचार –प्रसार, सांस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उदेदय के साथ संत पॉल्स कॉलेज हिंदी विभाग की ओर से सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी लेखनी, कविता पाठ और चित्रकला में हिंदी के साहित्यकारों ,कवियों लेखकों और बुद्धिजीवियों की रचनाओं के तत्कालिक और वर्तमान महत्ता को जीवंत किया । कार्यक्रम में आयोजित लेखन प्रतियोगिता में छात्रों की ओर से स्वरचित कविताओं की सिलसिलेवार प्रस्तुति की गई। वहीं दूसरी ओर कविता प्रतियोगिता में हिंदी के साहित्यकार और लेखकों की रचना के साथ उनकी चित्रों को उकेरा । इसमें छात्रों ने मुंशी प्रेमचंद , मृदुला गर्ग, कबीर दास, मीरा बाई, रवीन्द्र नाथ टैगोर ,महादेवी वर्मा, कृष्णा सोबती जैसी साहित्यकारों को आकृति और आकार दिया । सेमेस्टर एक की छात्रा ने हिंदी दिवस मनाने के उदेदश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष हिंदी दिवस के लिए राष्ट्रीय एकता और वैश्विक पहचान की ताकत- विषय लिया गया है । इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ अनुज कुमार तिग्गा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन का किया गया । इस अवसर प्राचार्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हिंदी दिवस की शुभकामना दी।

**जेएचएमडीआई परियोजना को लेकर जेआईसीए के सहायक निदेशक का ने किया भ्रमण**

## माइक्रो ड्रिप इरीगेशन तकनीक से किसानों की आय में होगी वृद्धि

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जापान इंटरनेशनल कॉरपेरेशन एजेंसी (जेआईसीए) मुख्यालय के सहायक निदेशक नाकायामा शोता ने रांची जिले के नामकुम प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के चेने और सरवल गांवों में जेएचएमडीआई परियोजना के तहत संचालित प्लॉटों का दौरा किया। इस परियोजना को जेआईसीए के सहयोग से रांची जिले के 12 प्रखंडों में लागू किया गया। जिसका उद्देश्य माइक्रो ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों की आजीविका को सशक्त करना है।

**बहुद्देशीय सामुदायिक केंद्र और सोलर कूल चेम्बर का अवलोकन**

भ्रमण के दौरान नाकायामा शोता ने खरसिदाग गाँव में बहुद्देशीय सामुदायिक केंद्र और सोलर कूल चेम्बर का अवलोकन किया, जहां उन्होंने स्थानीय किसानों, विशेष रूप से महिला किसानों (दीदियों) के साथ परियोजना के प्रभाव और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य परियोजना के सुचारू संचालन की समीक्षा करना और इसके दूसरे चरण के लिए उच्चाधिकारियों के साथ रणनीतिक बैठक करना था।

- **दीदियों के समर्पण और उत्कृष्ट कार्य की सराहना**

नाकायामा शोता ने परियोजना के कार्यों और किसानों के प्रयासों पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से दीदियों के समर्पण और उत्कृष्ट कार्य की सराहना की, साथ ही उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "जेएचएमडीआई परियोजना न केवल कृषि उत्पादकता को बढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।"

भ्रमण के दौरान राज्य कार्यालय से जेआईसीए के मुख्य परिचालन अधिकारी प्रवीण सिंह, परियोजना प्रबंधक पंकज सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशिकांत नीरज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेल में 'नैतिकता एवं मनोवृत्ति परिवर्तन' पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) 2025 के उपलक्ष्य में सेल के रांची स्थित इकाइयों में 'नैतिकता एवं मनोवृत्ति परिवर्तन' पर एक अर्ध-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वीएडब्ल्यू-2025 की थीम के अनुरूप कार्यपालकों में जागरूकता, सत्यनिष्ठा और नैतिक आचरण को बढ़ावा देना था। ये सत्र नैतिक आचरण, मनोवृत्ति अभिविन्यास, निर्णय लेने की रूपरेखा और एक पारदर्शी एवं जवाबदेह संगठनात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने में व्यक्तिगत जिम्मेदारी की भूमिका पर व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे। कार्यशाला का संचालन भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची (आईआईएम रांची) के प्रख्यात संकाय सदस्यों प्रो. ए हजारिका और प्रो. जीएम मराठे ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को इंटरैक्टिव व्याख्यानों, केस स्टडी और चर्चाओं के माध्यम से शामिल किया।

## केजीबीवी में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांके।** केजीबीवी कांके में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के बैंड ग्रुप की मनमोहक प्रस्तुति से पूरे वातावरण में उत्साह और उल्लास का माहौल बन गया। छात्राओं द्वारा सभी अभिभावकों को तिलक लगाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती अंजलि गांगुली ने स्वागत भाषण दिया और विद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं की रूप रेखा अभिभावकों के समक्ष रखी। उन्होंने विद्यालय और छात्राओं की प्रगति संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं।इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की टॉप-10 छात्राओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से बीपीओ मंजुला बिलुंग, सीआरपी अरविंद मिश्रा, स्थानीय प्रतिनिधि वार्ड सदस्य रुबी मिंज, मुखिया, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। विद्यालय की शिक्षिकाएं रेशमा परवीन, रश्मि कुमारी, सरिता तिर्की, एसएमसी सचिव यमुना नागुरवार, सरिता सिन्हा, प्रातिमा कुमारी, सुमन, बिंदु कुमारी तथा मनतु, मनोज और सतीश भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में प्रधानाचार्या अंजलि गांगुली ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार प्रकट किया और छात्राओं की शिक्षा में अभिभावकों से निरंतर सहयोग का आग्रह किया।

## झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं : शेखर जमुआर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केरल के कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025-26 में झारखंड की टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए एक रजत एवं दो कांस्य पदक अर्जित कर राज्य का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता से लौटने के उपरांत आज झारखंड जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारीगण एवं पदक विजेता खिलाड़ी, युवा कार्य एवं खेल निदेशालय, झारखंड के निदेशक शेखर जमुआर से औपचारिक भेंट किए। निदेशक शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि "झारखंड के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। यह उपलब्धि समस्त राज्यवासियों के लिए गर्व का विषय है। विभाग खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएँ एवं संसाधन उपलब्ध कराता रहेगा, जिससे वे भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य एवं देश का नाम रोशन कर सकें।

झारखंड जिम्नास्टिक्स संघ के प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इस सफलता से उनका मनोबल और ऊँचा हुआ है तथा आने वाले समय में वे और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे। इस अवसर पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के महासचिव निशिकांत पाठक, उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, संघ के प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहू, विजेता खिलाड़ी,विकाश कुमार गोप, अनुराग कुमार, कुमारी ऋष्टि राज, टोनु गोपाल, अमित गोप, चाहत कुमार केरकेटा, सूरज केशरी, करण कुमार, चंदा कुमारी, करिश्मा उराँव, दशमी कुमारी, रिया कुमारी, दिशा महेश्वरी, सपना कुमारी, परमेश्वर राय, आकाश कुमार महतो एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## सात पाड़हा की बैठक में 18 सितंबर को सुकुरहुटू में जितिया जतरा आयोजन का निर्णय

**चान्हो।** सुकुरहुटू जितिया जतरा टांड़ में रविवार को सात पाड़हा की बैठक पाड़हा राजा जगन्नाथ उरांव की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी 18 सितंबर को कोटवार गांव सुकूरहुटू में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात पाड़हा जितिया जतरा के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया. निर्णय लिया गया कि जतरा में दोपहर दो बजे तक अपने सांस्कृतिक वेशभूषा व गाजे-बाजे के साथ सभी अपना खोड़हा लेकर पहुंचेंगे. मौके पर मुखिया महादेव भगत, मंगल देव उरांव, राजू तिर्की, जगन्नाथ उरांव, आलोक उरांव, कपिल पहान, सुखदेव पहान, महादेव पहान, दीवा पहान, पोठे पहान, संजय पहान, प्रकाश पहान, लूडो उरांव, महरु उरांव, गंदरु उरांव, मुन्ना उराव, पीयूष उरांव, खुदिया उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

## सामाजिक कुरीति निवारण व महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो बेसरा की अध्यक्षता में सामाजिक कुरीति निवारण एवं महिला सशक्तिकरण पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, प्रखंड प्रमुख, आंगनबाड़ी सेविकाएं, किशोरी बालिकाएं सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा, बाल विवाह, लिंगानुपात में असंतुलन आदि के उन्मूलन हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय भगत ने सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन प्रथा, बाल विवाह, लिंगानुपात में असंतुलन आदि के उन्मूलन हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया। इन योजनाओं के उद्देश्य और लाभों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने समाज में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख बुंडू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बुंडू, और अंचल अधिकारी बुंडू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## बीआईटी मेसरा में हिंदी साहित्य पर चर्चा



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा के हिंदी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित हिंदी पखवाड़ा का समापन सोमवार को हुआ। इसमें प्रतिभागियों के बीच कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र आदित्य वत्स, रोहित सुथार, अभय आनंद, सौम्य पाराशर, अभय त्रिपाठी और अनन्य कृष्णा ने हिंदी कविता वाचन किया। इसके बाद साहित्य सुधा का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य पर चर्चा की गई। जिसमें रांची वीमेंस कॉलेज के हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ कुमारी उर्वशी सहित अन्य ने अतिथियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डीन छात्र कल्याण डॉ भास्कर कर्ण हिंदी प्रकोष्ठ के उप-हिंदी अधिकारी डॉ अमित तिवारी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन के विभागाध्यक्ष प्रो संजय कुमार झा सहित अन्य शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## टीम आदित्य मल्होत्रा ने मेन रोड में की पदयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** चैंबर चुनाव को लेकर टीम आदित्य मल्होत्रा ने सोमवार को बारिश में भी मेन रोड में पदयात्रा की और सदस्यों से मुलाकात कर वोट देने का आग्रह किया। टीम के सदस्यों ने जीईएल चर्च और सैनिक मार्केट का दौरा किया और सदस्यों से मिलकर टीम के सदस्यों की जानकारी दी एवं अपना विजन भी साझा किया। उम्मीदवारों ने भी सदस्यों की समस्याओं को सुना और जल्द ही इसका हल निकालने का आश्वासन दिया। टीम के सदस्यों ने बिग शॉप, कावेरी रेस्टोरेंट, कुलदीप संस एंड ज्वेलर्स, कमालिया सेल्स, मां गायत्री ज्वेलर्स, उर्वशी ड्रेसेस, ज्वेल्स इंडिया समेत कई प्रतिष्ठानों का दौरा किया। मौके पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आदित्य मल्होत्रा ने अपनी प्राथमिकता को गिनाते हुए कहा कि उनकी टीम व्यापारियों की हर स्तर की चुनौतियों को समझती है और चुनाव जीतने के बाद उनका हर निर्णय सदस्य हित में पारदर्शिता और सहभागिता के साथ लिया जाएगा।

टीम के इस पदयात्रा अभियान में व्यापारियों का उत्साह और समर्थन देखने लायक रहा। बारिश के बावजूद टीम की सक्रियता ने यह संदेश दिया कि वे हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़े रहने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हमारी टीम में उद्योग, व्यापार, रियल एस्टेट, डॉक्टर, सीए, टेक्सटाइल, एफएमसीजी, ट्रांसपोर्ट और महिला उद्यमियों जैसे विविध क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। हर सदस्य अपने क्षेत्र में सिद्धहस्त है और चैम्बर के साथ-साथ समाज व राज्य के हित में कार्य करने का संकल्प लिए खड़ा है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा चतुर्थ से द्वादश तक के भैया-बहनों के बीच अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और इसका प्रचार-प्रसार करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। निबंध लेखन से विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम के साथ-साथ अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है।

प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर चार वर्गों-शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग में निर्धारित शब्द सीमा में निबंध लेखन की प्रतियोगिता संपन्न हुई।जिसमे शिशु वर्ग-महाकुंभ का आंखों देखा या कानों सुना रोमांचक वर्णन,बाल वर्ग-महाकुंभ का पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व,किशोर वर्ग-महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन एवं तरुण वर्ग- महाकुंभ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में चयनित निबंध को प्रांतीय स्तर फिर अखिल भारतीय स्तर पर सम्मिलित कराया जाएगा। अखिल भारतीय स्तर पर चयनित निबंध को विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्कृति संस्थान के द्वारा पुरस्कृत किया जाता है।इस निबंध प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्या डॉ गायत्री कुमारी,मिथिलेश कुमार खन्ना,राकेश कुमार सहाय,बच्चूलाल तिवारी,सेखर कुमार,इंद्रजीत सिंह,गौतम कुमार,उषा कुमारी,श्वेता पंडा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### एसपी ने क्राइम मीटिंग का किया आयोजन

# पूजा के दौरान विधि व्यवस्था क़ायम रखने के संबंध में दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार द्वारा एसपी कार्यकय कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार में 15 सितंबर को क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़/ सभी पुलिस निरीक्षक / थाना/ओपी प्रभारी प्रभारी को अपने-अपने अधिक्षेत्र में सघन गश्ती करते हुए निगरानी रखने तथा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ का कार्यालय ज्ञापांक-4833/गो०. दिनांक-13.09.2025 द्वारा निर्गत पत्र में दिये गये बिन्दुओं पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शांतिपूर्ण रूप से त्योहार को सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिया गया।

बैठक में लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी ) की समीक्षा की गई। संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने/ चोरी, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों का उद्भेदन करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करते हुए लंबित कांडों में अद्यतन कांड दैनिक समर्पित करने तथा लंबित कार्रवाई को पूर्ण करते हुए त्वरित गति से कांड का अनुसंधान पूर्ण कर कांड को निष्पादित करने, एनइटीजीआरआइडी (1गांडिव 2. सुदर्शन ) का प्रयोग करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पी०जी० पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाया करने एवं जगरूकता अभियान चलाने, प्त् ।क् में सड़क दुर्घटना से संबंधित डाटा का एंट्री करने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत ।।एफ-1 टू 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने ब्ब्ज्ट लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, न्यू क्रिमिनल ला के तहत ई साक्ष्य एप का उपयोग, जुआ, अवैध शराब, गंजा के विरूद्ध सघन छापमारी कर कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया।

बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु/रामगढ़, परिचारी, पुलिस केन्द्र रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा, यातायात थाना प्रभारी रामगढ़, सभी थाना/ ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहें।

**● एसपी ने आम लोगों से की अपील:** एसपी अजय कुमार द्वारा अगामी पर्व / त्योहार को लेकर आम जनता से अपील किया गया है की -

1. कोई भी व्यक्ति घर को खाली छोडकर लंबे समय के लिए आते-जाते है तो उसकी सूचना संबंधित थाना/ओ०पी० प्रभारी को देगें ताकि उनके घरों पर निगरानी रखी जा सके।

2. किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटो/वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया यथा-फेसबुक,/ टविटर(एक्स)/वाटसअप/ इंस्टग्राम/यू टयूब शेयर/अपलोड करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें।

# किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है : सुधीर मंगलेश

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार, सीरु में सोमवार को मुख्यमंत्री बकरा विकास योजना के तहत 10 लाभुकों के बीच बकरा एवं बकरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता एवं मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश तथा पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शशि सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री बकरा विकास योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और महिलाओं एवं गरीब परिवारों की आय बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने लाभुकों से आग्रह किया कि वे इन पशुओं की देखभाल कर अपनी जीविका और आय में बढ़ोतरी करें, ताकि सरकार की मंशा पूरी हो सके।

पशुपालन पदाधिकारी डॉ. शशि सिन्हा ने योजना की तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि बकरा एवं बकरी पालन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने लाभुकों को प्रशिक्षण एवं पशु चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

स्थानीय ग्रामीणों ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह पहल गरीब एवं किसान परिवारों के लिए वरदान साबित होगी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली, छोटन महतो,महेंद्र ओहदार, सुमित कुमार, राजीव कुशवाहा,गणेश महतो आदि उपस्थित थे ।

## दुर्गा पूजा समिति घंघरी के अध्यक्ष बने प्रेमानंद



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड स्थित ग्राम घंघरी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की एक अहम बैठक सोमवार दोपहर में की गई । जिसमें आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्वक मनाने हेतु नए समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार तथा संचालन लालमोहन प्रसाद के द्वारा की गई ।वहीं प्रस्ताव पारित करते हुए एक नए समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रेमानन्द सिंह को पूजा समिति का अध्यक्ष, उमेश यादव को उपाध्यक्ष , जितेंद्र गुप्ता को सचिव , उपसचिव अजय यादव, कोषाध्यक्ष कपिलदेव यादव और उपकोषाध्यक्ष सोनू विश्वकर्मा को बनाया गया ।ज्ञात हो पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व रघुनाथ सिंह के आकस्मिक निधन से पूर्व समिति को भंग करना पड़ा जो आजीवन समिति के अध्यक्ष रहे थे ।प्रेमानन्द सिंह पूर्व अध्यक्ष के ज्येष्ठ पुत्र हैं जिन्हें सर्व सम्मति से यह जिम्मेवारी सौंप गई है। अपने सम्बोधन में प्रेमानन्द सिंह ने कहा मैं पिता जी के बताए मार्ग पर चलूंगा। सबका साथ लेकर पूजा सफल बनाएंगे ,ग्रामीणों ने जो दायित्व दिया है उसे ईमानदारी से निभाना है और ग्रामीणों ने जो प्यार सम्मान दिया उसका दिल से आभार प्रकट करता हूं । ग्रामीणों में रामेश्वर प्रसाद, ललन प्रेमी, हीरालाल पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण भक्त उपस्थित थे ।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय में हिंदी सप्ताह का भव्य उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह के उदघाटन सह एकल व्याख्यान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो.( डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो.(डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.)अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार और हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वर्गीय राधा देवी व गोविंद साह के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा माहौल सांस्कृतिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. अनामिका, विभागाध्यक्ष, रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़) ने हिंदी की वैश्विक पहचान और संभावनाएं विषय पर एकल व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि "हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। यह हमारी संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्रीय एकता की सशक्त आधारशिला है। आज विश्व पटल पर हिंदी की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है और यह समय की मांग है कि युवा पीढ़ी हिंदी को आत्मविश्वास के साथ अपनाए।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा कि हिंदी विभाग का यह प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृभाषा के प्रति गर्व और अपनत्व की भावना ही हमें वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाती है।

सचिव प्रियंका कुमारी ने हिंदी दिवस कि हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता के लिए हिंदी के साथ सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान जरूरी है।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने स्वागत भाषण में हिंदी सप्ताह की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आने वाले दिनों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता-पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति अभिरुचि और रचनात्मकता का विकास करना है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने अत्यंत प्रभावी ढंग से किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा ने प्रस्तुत किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र की शुरूआत 22 सितंबर से

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 22 सितम्बर को कलश स्थापना के बाद नवरात्र पूजन से होगा। यह जानकारी माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि नवरात्र पूजन 22 सितम्बर से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन में मुख्य यजमान हर्ष आनंद व उनकी पत्नी निशु आनंद होंगे। 29 सितम्बर को मंदिर परिसर में नव दुर्गा जागरण मंडली रामगढ़ द्वारा माता की चौकी में भजन कीर्तन किया जाएगा। वहीं 30 सितम्बर को हवन, कंजक पूजन एवं एक अक्तूबर को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री मारवाह ने बताया कि नवरात्र कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

# पेशनधारियों की पात्रता सत्यापन के लिए लगाए जा रहे हैं पंचायतवार शिविर

**● आधार कार्ड, बैंक खाता, पहचान पत्र, मृत्यु व विकलांगता प्रमाण पत्र की हो रही है जांच**

नवीन मेल संवाददाता

**बरही।** राष्ट्रीय सुरक्षा कोषांग हजारीबाग को निगरानी में प्रखंड कार्यालय की ओर से प्रत्येक पंचायत में पेशनधरियों के सत्यापन व अंकेक्षण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा के पेशनाधारियों का सत्यापन व अंकेक्षण किया जाना है।

बरही प्रखंड में यह शिविर दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं। जो 10 सितंबर से प्रारंभ हो चुका है. दूसरे चरण के तहत 15 और 16 सितंबर को कोनरा, बसरिया उर्फ पंचमाधव, बेंदगी, विजैया, खोड़ाहार, मलकोको, रसोईयाधमना, दुलमहा, केदारुत और गौरियाकरमा पंचायत सचिवालय में लगाया जाना है. शिविर पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं. शिविर को सफल बनाने के लिए बीडीओ ने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं से पात्र लाभुको को शिविर तक लाने की अपील किया है. पात्रता सत्यापन के लिए आधार पर आधार कार्ड, बैंक खाता, पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

### दुर्घटना जोन के बावजूद अब तक प्रारंभ नही हो सके हैं ब्लड स्टोरेज यूनिट बैंक

# पैथोलॉजिस्ट की कमी के कारण ब्लड स्टोरेज यूनिट या बैंक नही किए जा सके हैं प्रारंभ : सीएस

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** आए दिन बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को खून के अभाव में तड़पते देखा जाता है. कई मरीज ब्लड के अभाव में दम तक तोड़ देते हैं. जनप्रतिनिधियों के बार बार के आश्वासन व स्थानीय अस्पताल प्रशासन के प्रयास के बाबजूद अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक या ब्लड स्टोरेज यूनिट प्रारंभ नही होना गंभीर मुद्दा है. जानकारी के अनुसार अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड स्टोरेज यूनिट के लिए सभी उपकरण, भवन आदि उपलब्ध हैं. इस संबंध में कई बार स्थानीय स्तर से पत्राचार भी किए गए. परंतु अब तक कोई सार्थक परिणाम दिखाई नहीं देता नजर आ रहा है. ब्लड की सुविधा नहीं होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों या जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कई बार इसके अभाव में मरीजों की मृत्यु तक होने के मामले देखने को मिले हैं. बाबजूद अब तक की गई सभी कारवाई या आश्वासन खोखले नजर आ रहे हैं।

**● क्या कहते हैं सीएस ?**

मामले के संबंध में सीएस डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जिले में ब्लड बैंक या ब्लड स्टोरेज यूनिट चालू नहीं होने के मुख्य कारण पैथोलॉजिस्ट की कमी है. बिना पैथोलॉजिस्ट के इसे चालू नही किया जा सकता है. पूरे जिले के मात्र एक पैथोलॉजिस्ट हैं. उपकरण और भवन उपलब्ध है परंतु मैन पॉवर की कमी है. मामले को उन्होंने भी गंभीरता से लिया है. शीघ्र हीं डीएमएफटी कोष से पैथोलॉजिस्ट नियुक्त करने की प्रक्रिया की जाएगी. इसके बाद ही ब्लड बैंक या स्टोरेज यूनिट चालू किए जा सकते हैं. उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी गंभीरता से सार्थक पहल करने की आवश्यकता है।

### निजी विद्यालय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी पहुंचे सीओ कहा - उचित फोरम तक पहुंचाई जाएगी मांग

# विद्यालय प्रबंधन को स्थानीय लोगों को देना होगा लाभ : मो कयूम

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** विभिन्न मांगों को लेकर निजी विद्यालय संघर्ष समिती के बैनर तले पिछले 8 सितंबर से ग्रिजली विद्यालय के गेट के समीप धरना प्रदर्शन जारी है. सातवें दिन सोमवार को अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष कयूम अंसारी, अरविंद कुमार यादव, कोल्हुआकला के पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, टेकलाल यादव, पप्पू खान आदि कई लोग धरना में शामिल हुए. इनलोगों ने प्रदर्शनकारियो की मांगो को जायज बताते हुए विद्यालय प्रबंधन से तत्काल करवाई की मांग किया. मौके पर चंदवारा प्रखंड के सीओ भी धरनास्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों की मांगों से अवगत हुए और उचित फोरम तक पहुंचाते हुए कारवाई का आश्वासन दिया. अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ने बताया कि ग्रिजली विद्यालय की मनमानी से आम लोग परेशान हो चुके है. उन्होंने संघर्ष मोर्चा समिति के मांगो से अवगत कराते हुए कहा कि मोर्चा विद्यालय प्रबंधन के द्वारा ली जा रहे मनमाने शुल्क, जुर्माना, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क, सिक्योरिटी मनी इत्यादि का विरोध करती है. इसके अलावा स्थानीय विद्यार्थियों को मासिक शुल्क में 50% के रियायत, दिव्यांग व बीपीएल परिवार के विद्यार्थियों को निःशुल्क पढ़ाई, एक ही दुकान से पुस्तक की खरीदारी पर रोक, विद्यालय प्रबंधन समिति में स्थानीय अभिभावकों की भागीदारी, मल मूत्र निकासी के उचित व्यवस्था, सीएसआर कोष का विवरण, कक्षा 1 से 12 तक एनसीईआरटी पुस्तक लागू करने, स्थानीय लोगो को रोजगार आदि जैसे मांगो पर तत्काल निर्णय लेने की मांग करती है. उन्होंने बताया कि मांगे पूरी होने तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा. कार्यक्रम में संतोष यादव, बासुदेव यादव, मो सलामत, उमेश चंद्र वंशी, राजू यादव, शत्रुघ्नयादव, टिंकू यादव

# बरही के करसो गांव से 17 वर्षीय युवती लापता, पुलिस ने दर्ज किया मामला




नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** करसो गांव से 17 वर्षीया युवती के गुमशुदगी का मामला सामने आया है। मामले को लेकर मां ने बरही थाना में मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार युवती 8 सितंबर से गायब है। परिजनों ने इस संबध में पूरी छान बीन किया। सगे संबंधियों से भी जानकारी ली परंतु कोई सुराग नहीं मिला। अंततोगत्वा युवती की मां ने बरही थाना को लिखित सूचना देते हुए उचित कारवाई की मांग किया है। आवेदन के अनुसार गुमशुदगी के समय युवती 5 फीट की है जिसका रंग सांवला है और हरे रंग का कुर्ती व प्लाजो पहनी हुई है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कारवाई के लिए जुट गई है।

### समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक

# एक माह के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें : कंचन सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपविकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं।बैठक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 173 का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें अब तक 98 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने एक माह के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत लाभुकों का चयन कर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को केंद्रवार सर्वे कर एक माह के अंदर पात्र लाभुकों की पहचान एवं चयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, पूरक पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत सभी परियोजनाओं को अगस्त 2025 तक का अभिश्रव एक सप्ताह के भीतर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि समय पर राशि का भुगतान हो सके।पोषण अभियान कार्यक्रम में उपायुक्त ने सभी लाभुकों का आधार लिंक कर एफआरएस सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की वर्तमान स्थिति, नए केंद्रों के निर्माण कार्य, पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा भी की गई।

# डाक बीमा योजनाओं की प्रगति की सिमडेगा में हुई समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सोमवार को भारतीय डाक विभाग की ओर से डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन रॉयल पैलेस सिमडेगा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक जीवन बीमा रांची के प्रबंधक अमित कुमार और वरिष्ठ अतिथि गुमला डाक अधीक्षक संजय कुमार संगम रहे। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में डाककर्मी एवं ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ अमित कुमार ने डाक जीवन बीमा की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए किया। उन्होंने बताया कि भारतीय डाक जीवन बीमा प्रीमियम के साथ अधिक बोनस का लाभ प्रदान करता है, जिससे आम लोगों को सुरक्षा और बचत दोनों का लाभ मिलता है।इस मौके पर संजय कुमार संगम ने उपमंडल डाक प्रबंधक का स्वागत करते हुए एक पेड़ "माँ" के नाम समर्पित किया। वहीं, निरीक्षक विनय कुमार ने भी डाक अधीक्षक को एक पेड़ अर्पित कर स्वागत किया। कार्यशाला का संचालन विकास अधिकारी शिव शंकर ठाकुर ने किया।कार्यक्रम में पोस्ट मास्टर विजय चौधरी, वासुदेव कुमार, प्रदीप द्विवेदी, डाक अधीक्षक सरोज कुमार, प्रियंका समेत जिले और प्रखंड स्तर के अनेक डाक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस कार्यशाला का उद्देश्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और ग्रामीण क्षेत्र में डाक जीवन बीमा की पहुँच को और प्रभावी बनाना था।

# जलडेगा के तुरूपडेगा में जलमीनार अधूरा, गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** राज्य सरकार ने सभी गांवों को सोलर जलमीनार के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना शुरू की थी। लेकिन जलडेगा प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत तुरूपडेगा गांव के लोग आज भी साफ पानी से वंचित हैं। वहां वर्षों पहले जलमीनार का निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से काम अधूरा ही छोड़ दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्हें जलमीनार लगने की जानकारी मिली थी, तो गांव में खुशी का माहौल था। लोगों को उम्मीद थी कि अब गर्मियों में पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। मगर आज भी हालात पहले जैसे ही हैं। बरसात के मौसम में खेत और डाड़ी का गंदा पानी ही ग्रामीणों की प्यास बुझा रहा है।गांव के जूनाथन हेमरोम, सैमुएल टोपनो, जोहान सिंदुरिया, जेम्स लुगुन, सेरनुस टोपनो, विश्राम लुगुन, पतरस जोजो, बगल टोपनो, विक्सल लुगुन, विनोद टोपनो, सुखमति देवी, उजारमनी टोपनो, ग्लोरिया टोपनो, विनीता लुगुन, कृति देवी, जुसफिना सिंदुरिया, सुषमा देवी, चंपा देवी समेत कई लोगों ने बताया कि जब मां कंस्ट्रक्शन कंपनी के बबलू और पंकज टोप्पो ने एक साल से अधिक समय पहले काम अधूरा छोड़ दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के कारण वे आज भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर अधूरा पड़े जलमीनार कार्य को पूरा कराने की मांग की है।

# महिलाएं शिक्षित होंगी, तभी देश सही मायनों में होगा मजबूत: जोसिमा खाखा

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर ठेठाईटांगर प्रखंड के रुगड़ाबहार और सेवई गोरियाबहार गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रूप से उपस्थित थी।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, उर्मीला केरकेट्टा, प्रतिमा कुजूर, शोभेन तिग्गा, सूचिता तिर्की, ज्योति मिंज, संगीता एक्का, महिमा कुल्लू, तारामणि सोरेंग, अनिता तोपनो और प्रीति एक्का सहित महिला मोर्चा की अनेक कार्यकर्ता शामिल थीं। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है। हम महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और उत्थान के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। हर महिला को यह अधिकार है कि वह न केवल सुरक्षित महसूस करे, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका मज़बूती से निभाए। जब महिलाएँ सुरक्षित होंगी, शिक्षित होंगी और आत्मनिर्भर होंगी, तभी समाज और देश सही मायनों में मजबूत बनेगा। जोसिमा ने कहा कि महिलाओं की सेहत और स्वच्छता को लेकर समाज में अभी भी जागरूकता की कमी है। मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह हर महिला के जीवन का सामान्य और प्राकृतिक हिस्सा है। स्वच्छता और सही साधनों के इस्तेमाल से महिलाएँ कई बीमारियों से बच सकती हैं। हमारा प्रयास है कि गांव की हर महिला और बेटी तक यह संदेश पहुँचे कि वे बेझिझक अपनी सेहत और अधिकारों के बारे में बात करें। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की आधी आबादी यानी महिलाओं के जीवनस्तर को ऊपर उठाना भी है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएँ स्वस्थ और आत्मनिर्भर होंगी तभी समाज और देश मजबूत बनेगा।

## कोलेबिरा प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया जितिया पर्व

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ और बरसलोया सहित आसपास के क्षेत्रों में जितिया पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माताओं ने निर्जला उपवास रखकर संतान की लंबी आयु की कामना की। हिंदू मान्यता में जीवितपुत्रिका व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। यह व्रत भगवान जिम्बुतवाहन को समर्पित है। महिलाओं ने संजोत (नहाय-खाय) परंपरा निभाते हुए भोग तैयार कर चिल्हो सियारो को अर्पित किया और प्रसाद ग्रहण किया। अष्टमी के दिन सूर्योदय से निर्जला व्रत रखकर पूजन-अर्चन किया गया।

# बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों व सहिया का प्रशिक्षण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहिया के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय कृमि दिवस, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और मुख्यमंत्री सारथी योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई।राष्ट्रीय कृमि दिवस को लेकर ग्रामीणों को कृमिनाशक दवा सेवन हेतु प्रेरित करने और दवा वितरण की प्रक्रिया समझाई गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत अंतरा कार्यक्रम के माध्यम से परिवार नियोजन संबंधी जानकारी दी गई। वहीं मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत युवाओं को आवासीय कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने और इसके लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई।योजना के अंतर्गत स्विंग मशीन ऑपरेटर, फैशन डिजाइनर, टेलिकॉम कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश, फीटर फेब्रिकेशन समेत कई कोर्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# केरया पूर्वी ग्राम सभा में योजनाओं में पारदर्शिता और अधिकारों की रक्षा पर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** पंचायत केरया में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता, लाभुक समितियों की निष्पक्ष भागीदारी और भारतमाला परियोजना के दौरान आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत में सरकारी राशि की लूट और लाभुक समितियों को दरकिनार कर काम बांटे जा रहे हैं। उन्होंने तय किया कि अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि परियोजनाओं में CNT, SPT, PESA और भूमि अधिग्रहण कानूनों का पालन अनिवार्य है। जिला महासचिव एलेक्स जॉनसन केरकेट्टा ने कहा कि बिना स्थानीय समुदाय की भागीदारी कोई भी परियोजना सफल नहीं हो सकती। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष का संकल्प लिया।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को रोजगार और सुविधाएं मिलनी चाहिए : देवेंद्र महतो

**नवीन मेल संवाददाता**




**कोलेबिरा।** प्रखंड के अघरमा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लरबा मैदान में युवा क्लब लरबा के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय लाल गंधर्व नाथ शाहदेव स्मृति 13वीं फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मुकाबला वनडीपा कोलेबिरा और देवा टोली के बीच खेला गया, जिसमें देवा टोली कोलेबिरा की टीम विजयी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेएलकेएम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे। देवेंद्र महतो का स्वागत जेएलकेएम जिला अध्यक्ष सुमन कल्लू के नेतृत्व में फूल-माला पहनाकर किया गया। खेल समिति के कोषाध्यक्ष सुनील खड़िया ने बताया कि लाल गंधर्व नाथ शाहदेव लरबा मौजा के राजा थे, जिन्होंने समाजसेवा और खेल दोनों क्षेत्रों में योगदान दिया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए देवेंद्र महतो ने कहा कि खेल विशेषकर फुटबॉल युवाओं में अनुशासन और टीम भावना विकसित करता है। उन्होंने राज्य सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को रोजगार और बेहतर सुविधाएँ मिलनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने टूर्नामेंट को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता और उपविजेता टीमों को खस्सी और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोहन गोप (अध्यक्ष), सुनील खड़िया (कोषाध्यक्ष), सुरेंद्र यादव (सचिव), लाल उमाशंकर नाथ साहदेव, लाल जयशंकर नाथ साहदेव, लाल सिधार नाथ साहदेव, लाल अंशुमान नाथ साहदेव, लाल कीर्तिमान नाथ साहदेव, लाल आनंद नाथ साहदेव, लाल विजेंद्र नाथ साहदेव, रविंद्र सिंह, विकास मघैया, कलेवर प्रधान, बनेश्वर सिंह, ललित सिंह, विनोद नाग, कर्मवीर साहू, गुना भगत, पंचम एक्का, सोहन महतो, प्रमोद साहू, रितेश कुमार, प्रकाश प्रधान, रंजीत नायक, दिलेश्वर साहू, संजय कुमार साहू, मुन्ना कुमार समेत बड़ी संख्या में जेएलकेएम पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारों मसीही विश्वासी हुए शामिल विधायकों ने दिया एकता का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** प्रखण्ड ठेठईटांगर के केरेया पंचायत अंतर्गत देवबहार रचाकोना मंडली के क्रुस टोंगरी में रविवार को भव्यता और श्रद्धा के साथ क्रुस विजय पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फादर निकोदिन सोरेंग, फादर ग्राबियल, फादर हेरमोन, फादर अमृत बरवा और फादर थॉमस सोरेंग ने मिसा बलिदान चढ़ाया। कार्यक्रम में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। इसके अलावा बांसजोर जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना, मुखिया क्रिस्टीना लकड़ा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, सुचिता तिर्की, विजय किंडो, अशोक तिर्की, आसित केरकेट्टा, अनेक धर्म बहनें और हजारों की संख्या में मसीही विश्वासी मौजूद थे।अपने संबोधन में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि क्रुस विजय पर्व त्याग, बलिदान और विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में भाईचारे, एकता और सेवा की भावना को और सशक्त करने का संदेश देता है।सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करते हैं। आस्था से जुड़े इन पर्वों से लोगों में शांति, प्रेम और सहयोग की भावना बढ़ती है।

**शिक्षक दिवस** — संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा में हिंदी दिवस और शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

# छात्रों ने गीत, कविता, नृत्य से समारोह को सजाया

- **प्रार्थना गीत, कविता पाठ, भाषण, नृत्य और गायन जैसी प्रस्तुतियां हुईं**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा ।** संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के छात्रों ने सोमवार को पास्टर सेंटर, पुरना पानी में हिंदी दिवस और शिक्षक दिवस का संयुक्त समारोह धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें ढाई सौ से अधिक छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रार्थना गीत, स्वागत गान, अभिनंदन पत्र वाचन, भाषण, कविता पाठ, गायन और नृत्य जैसे सृजनात्मक प्रस्तुतियों ने सभी को प्रभावित किया। सेमेस्टर-5 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं छात्रा अलिशा ने अभिनंदन पत्र पढ़ा।हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. जयंत कुमार कश्यप ने कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्रीय एकता तक का आधार है। उन्होंने इसे देशवासियों की संवेदना की भाषा बताते हुए सभी से हिंदी को मन से अपनाने का आह्वान किया।शिक्षक दिवस पर उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही हमें अंधकार से निकालकर प्रगति के मार्ग पर ले जाते हैं।

## भवन निर्माण कार्यालय में अभियंता दिवस धूमधाम से मनाया गया

- **मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की नई प्रतिमा का किया गया अनावरण**

**सिमडेगा।** भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के अवसर पर भवन निर्माण कार्यालय सिमडेगा में इंजीनियर्स डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता सहित कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।पेयजल एवं स्वच्छता प्रखंड के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार ने कहा कि अभियंता राष्ट्र निर्माण के सच्चे कर्णधार होते हैं। सड़क, पुल, भवन, विद्युत, पेयजल जैसी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण उन्हीं की मेहनत और दूरदर्शिता से संभव है। उन्होंने अभियंता दिवस को आत्मनिरीक्षण और प्रेरणा का अवसर बताया। वक्ताओं ने कहा कि मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने आधुनिक इंजीनियरिंग को नई दिशा दी और उनका जीवन सभी अभियंताओं के लिए आदर्श है।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंजीनियरों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अभियंता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकास की नींव अभियंताओं के कंधों पर टिकी है और जिले व राज्य की प्रगति में उनका योगदान महत्वपूर्ण है।इस अवसर पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता मनीष चंद्र पूर्ति, उज्ज्वल बाड़ा, शिव शंकर साहू, आकाश लकड़ा, रामनरेश राम, सुकुमार महतो, प्रवीण कुमार, अंकित कुमार, कुंदन कुमार, समेत कई अभियंता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्यूज बॉक्स

### एस.के. बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

**कोलेबिरा।** एस.के. बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सचिव रमेश प्रसाद एवं बालमुकुंद प्रसाद उपस्थित रहे। महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें गीत, कविता पाठ एवं नाटक शामिल थे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने गुरुजनों की महत्व और मार्गदर्शन की भूमिका को रेखांकित किया। विद्यार्थियों ने अपने प्रिय शिक्षकों को उपहार एवं माला पहनाकर सम्मानित भी किया।महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार गुप्ता ने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के प्रति गंभीर और जागरूक रहने की अपील की।

### कोलेबिरा में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण गुणवत्ता पर विशेष जोर

**कोलेबिरा।** त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र गुग्गी ने सोमवार को कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों और प्रतिष्ठान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सभी प्रतिष्ठानों को वार्षिक मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र, कीट नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली का रिकॉर्ड, जल परीक्षण रिपोर्ट एवं FoSTaC प्रशिक्षण प्रमाणपत्र उपलब्ध रखना अनिवार्य है। साथ ही परिसर की स्वच्छता और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच करने पर बल दिया गया।गुग्गी ने स्पष्ट किया कि त्योहारी मौसम में विशेष रूप से दूध और दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। उपभोक्ताओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बानो में झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक

**बानो।** बानो प्रखंड के नगर भवन में झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन ने की। इस दौरान विभिन्न पदों के लिए प्रस्ताव रखे गए जिन्हें जिला, केंद्रीय एवं वरीय समिति की सहमति के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, झामुमो जिला सचिव सफिक खान और महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग उपस्थित रहीं। विधायक गुड़िया ने कहा कि संगठन को सक्रिय रूप से चलाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। महिला मोर्चा गठन से संगठन और मजबूत होगा तथा सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने में मदद मिलेगी।जिलाध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि महिला मोर्चा झामुमो संगठन का महत्वपूर्ण विंग है, इसलिए अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर इसे सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुँचाने की अपील की।जिला सचिव सफिक खान ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय रूप से पार्टी से जुड़े रहने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की बात कही।

### कांग्रेस छोड़ सामुएल बुढ़ झामुमो में शामिल तोरपा विधायक ने किया स्वागत

**बानो।** बिंतुका पंचायत निवासी एवं प्रखंड कांग्रेस महासचिव रहे सामुएल बुढ़ ने रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर ली। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया और झामुमो जिला सचिव सफिक खान ने उन्हें पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर झामुमो जिला समिति, केंद्रीय समिति और प्रखंड समिति के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सामुएल बुढ़ ने कांग्रेस से नाता तोड़कर झामुमो का दामन थामने के बाद कहा कि वे अब झामुमो की विचारधारा के साथ समाज और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। नेताओं ने उनके आने को पार्टी की मजबूती करार दिया और कहा कि इससे संगठन को जमीनी स्तर पर लाभ मिलेगा।इस मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कंडुलना, फिरोज अली, नुसरत खातून, सुनिल खेस, प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग, बानो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, तुरतन गुड़िया, आलोक बारला, लोरेंस बागे, सचिव अमित बडिंग, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम, 20 सूत्री अध्यक्ष विदेशिया बड़ाइक, उपाध्यक्ष मनीर खान, समेत कई पंचायत कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

### ठेठईटांगर मदरसा में बच्चों के विकास हेतु शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद मदरसा में रविवार को बच्चों के समग्र विकास के लिए विशेष शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के बीच कुरआन शरीफ वाचन, नूरानी कायदा और अन्य प्रतियोगिताएँ कराई गईं। विजयी प्रतिभागियों के साथ सभी बच्चों को पुरस्कृत कर नियमित रूप से मदरसा आने के लिए प्रोत्साहित किया गया।कुरआन शरीफ प्रतियोगिता में अंसरा फातिमा, मो. हम्माद, मो. अदनान और अम्मापारा वर्ग में मो. साद, मो. तौसीफ, मिमसाद आलम विजयी रहे। नूरानी कायदा में सदफ आरा, उमैरा जीनत, सारा परवीन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों ने नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों को नियमित रूप से मदरसा भेजने का संदेश दिया।मदरसा के उस्ताद व इमाम हाफिज मो. ने कहा कि बचपन में सीखी बातें जीवनभर याद रहती हैं, इसलिए दुनियावी तालीम के साथ दीन की तालीम भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों को नियमित मदरसा भेजने की अपील की। कार्यक्रम में हाफिज मोकतार, हाफिज शमीम और हाफिज फुजैल को अंजुमन द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर स्थानीय नौजवान, अभिभावक और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ठेठईटांगर जामा मस्जिद में जलसा-ए-सीरतुन्नबी, बड़ी संख्या में लोग शामिल

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में रबीउल अव्वल माह के अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन के बैनर तले जलसा-ए-सीरतुन्नबी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश को याद किया।जलसे की शुरुआत मुफ्ती सकैब की कुरआन पाक की तिलावत से हुई। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद स.अ.व. का जीवन सब्र, इंसाफ और इंसानियत का पैगाम है। हाफिज मो. मोकतार ने कहा कि नबी ने हमेशा बराबरी, भाईचारे और गरीबों की मदद का संदेश दिया। मुफ्ती इसराफिल साहब ने कहा कि पैगम्बर की सुन्नत पूरी इंसानियत के लिए रहनुमाई का स्रोत है।वक्ताओं ने नौजवानों से अपील की कि वे इस्लामी तालीम और पैगम्बर की बताई राह को अपनाएं। जलसे के अंत में मुल्क में अमन, भाईचारा और तरक्की की दुआ की गई। आयोजन में अंजुमन और मस्जिद कमेटी के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में इंजीनियर डे पर स्टूडेंट लेड कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल में स्वर्गीय सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियर डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट लेड कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने विज्ञान, गणित, हिंदी और इंग्लिश विषयों पर कुल 20 प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें से 8 प्रस्तुतियाँ मेरिट सर्टिफिकेट हेतु चयनित की गईं। साकिब और रिदा को बेस्ट प्रेजेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुशीला देवी, पूर्व प्राचार्या, राजकीय कृत मध्य विद्यालय घोचोलटोली रहीं। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा बच्चों को अच्छे संस्कार और जीवन मूल्यों से जोड़ती है। प्राचार्या पी. एल. केरकेट्टा, प्रबंधन समिति की अध्यक्षा मनोरमा एक्का एवं वरिष्ठ शिक्षिका लता कुजूर ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।शिक्षिका आकांक्षा मिन्ज़ ने सर विश्वेश्वरैया के योगदान पर प्रकाश डाला। संचालन राहुल कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुनूरेन, लता, अंजू, सुमैया, छोटेलाल, लक्ष्मी, सोनी, रिजवाना और देवती का विशेष योगदान रहा।

# "बंग गौरव सम्मान 2025" से सम्मानित हुए डॉ. बैद्यनाथ कुमार

● कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में विशिष्ट साहित्यिक योगदान के लिए मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** 14 सितंबर 2025 को कोलकाता स्थित जोड़ासांको, कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की जन्मस्थली रथीन्द्र मंच प्रेक्षागृह में विश्व पुस्तक तारक कीर्तिमान संस्था द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस भावपूर्ण अवसर पर रांची के मारवाड़ी महाविद्यालय के बांग्ला विभाग के प्राध्यापक डॉ. बैधनाथ कुमार को "बंग गौरव सम्मान 2025" से अलंकृत किया गया।

डॉ. कुमार ने हाल ही में "रामायण-महाभारत में वनवास" विषय पर अत्यंत महत्वपूर्ण शोध कार्य कर रांची विश्वविद्यालय से विद्वत् उपाधि (डी.लिट.) प्राप्त की है। उनके इस मौलिक कार्य को भारतीय साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में एक विशिष्ट योगदान के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एम.ए. भागवत द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत हैं।

समारोह में उपस्थित साहित्यकारों, अध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने डॉ. कुमार के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रशंसा व्यक्त की। यह सम्मान उनके साहित्यिक समर्पण, विद्वता तथा संस्कृति सेवा का प्रतीक बनकर उभरा है।

# नामकुम में पोस्ते की खेती के खिलाफ किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** प्रखंड सभागार में सोमवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम सह शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर मौजूद थे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों से पुष्कर ने कहा कि पोस्ते की खेती करने से जमीन की उर्वरता नष्ट होती है और आनेवाली नस्लें बर्बाद हो जाती हैं। इसलिए एक-एक ग्रामीण को पोस्ते की खेती नहीं करने के लिए जागरूक करना होगा। वहीं प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख वीणा कुमारी,डीएसपी अमर पांडेय, बीडीओ विजय कुमार, सीओ कमल किशोर सिंह, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, विधायक प्रतिनिधि एतवा उरांव सहित अन्य लोगों ने प्रशासन के साथ मिलकर गांव में बैठक कर लोगों को पोस्ते की खेती के खिलाफ जागरूक करने और क्षेत्र में लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने और खेती के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पूजा समितियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसे प्रशासन की ओर से दूर करने की बात कही गई। मौके पर रमेश पांडेय, मनीष राय, अनिल वर्मा, रिंकू राय, हेमंत लोहार, बलकेश्वर सिंह, संतोष झा और संजय शर्मा आदि मौजूद थे।

## गुमला में आरसेटी सलाहकार समिति की अंतिम तिमाही बैठक संपन्न

# स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) सलाहकार समिति की अंतिम तिमाही बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति, लंबित आवेदनों के निष्पादन तथा लाभुकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान बताया गया कि प्रतिमाह 100 लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सितंबर माह तक यह लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका। इस पर उपायुक्त ने डीपीएम, जेएसएलपीएस को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आरसेटी गुमला परिसर में ग्रीन हाउस और ड्रिप इरिगेशन जैसे मॉडल स्थापित किए जाएं तथा इसके लिए प्रस्तावित राशि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, राज मिस्त्री प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षुओं की सूची डीसीसी कार्यालय से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया।

निर्णय लिया गया कि सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षुओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कल्याण विभाग की होगी, जिसे आगामी बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। प्रशिक्षुओं की संख्या बढ़ाने के लिए उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय कर मोबिलाइजेशन अभियान तेज करें। साथ ही, ऋण से संबंधित लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश दिए गए। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि आरसेटी का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसलिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लक्ष्य के अनुरूप संचालित करना और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, निदेशक आरएसईटीआई, एलडीएम गुमला सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में युवक की धारदार हथियार से हत्या, दो गिरफ्तार, चार फरार

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में एक 29 वर्षीय युवक की पत्नी के सामने ही धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात एमजीएम थाना क्षेत्र के बारीडीह सिरका टोला में हुई। पुलिस ने सोमवार को इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जगदीश हेंब्रम के रूप में हुई है। रविवार की सुबह करीब सात बजे वह अपनी पत्नी सारंती हेंब्रम के साथ जंगल से लकड़ी लेने के लिए निकला था। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोगों से उनका सामना हुआ। आरोपियों ने उन्हें लकड़ी लेने से रोक दिया। इस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। आरोपियों ने पहले सारंती हेंब्रम को पानी में धक्का देकर गिरा दिया और इसके बाद जगदीश पर कुल्हाड़ी और तलवार से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोटों के कारण जगदीश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना सारंती ने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सारंती के बयान पर छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें कोंदा हेंब्रम, अंजली हेंब्रम, बुधु हेंब्रम, बादल हेंब्रम, सरकार हेंब्रम और सनातन हेंब्रम शामिल हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कोंदा हेंब्रम और सरकार हेंब्रम को गांव से गिरफ्तार कर लिया। बाकी चार आरोपी फरार हो गए। पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं।

एमजीएम थाना क्षेत्र के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला आपसी रंजिश और जंगल से लकड़ी लेने को लेकर पुराना विवाद प्रतीत होता है। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है।

# सरकारी विद्यालय की छात्राओं के लिए अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की हुई शुरुआता

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को उच्च शिक्षा में आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त एवं शिक्षित बनाने के उद्देश्य से अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की शुरुआत की गई है। इस स्कॉलरशिप के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रम की संपूर्ण अवधि के लिए प्रति वर्ष 30,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह राशि छात्रा अपनी ट्यूशन फीस अथवा शिक्षा संबंधी अन्य आवश्यक खर्चों में उपयोग कर सकेगी।

इस पहल का लाभ वही छात्राएँ उठा सकेंगी जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा नियमित रूप से सरकारी विद्यालय से पूरी की है और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक डिग्री या डिप्लोमा (अवधि 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नामांकित हैं।

**यह स्कॉलरशिप निम्नलिखित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की छात्राओं हेतु उपलब्ध है:**

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड।

● **आवेदन की प्रक्रिया**

पहला चरणः 10 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक

दूसरा चरणः 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते है।

छात्रा भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा विश्वसनीय निजी कॉलेज/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हो सकती है।

## चैनपुर में दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर बैठक

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक चैनपुर के दुर्गा मंदिर परिसर में हुई, जिसमें चैनपुर थाना क्षेत्र के जॉन और थाने के एएसआई नंदकिशोर कुमार ने हिस्सा लिया।बैठक में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक यमुना केशरी,अध्यक्ष शशिभूषण सिंह अन्य सदस्यों के साथ पूजा के सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई।अधिकारियों ने पूजा के दौरान सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस के बारे में जानकारी दी, ताकि पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।इस दौरान, अधिकारियों ने पूजा समिति के सदस्यों से सभी नियमों का पालन करने की अपील की और आपसी सहयोग बनाए रखने पर जोर दिया। बैठक में पूजा स्थल में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, और अन्य जरूरी सावधानियों पर भी चर्चा की गई।

## सिसई प्रखंड में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक "स्वच्छोत्सव" थीम पर 16 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सिसई के द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य प्रखण्ड, पंचायत व ग्राम स्तर पर व्यापक रूप से ग्रामीणों को जागरूक करना है और ग्राम स्तर पर स्वच्छता तथा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन में स्थायित्व को बनाए रखना शामिल है। उप विकास आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी जिला जल एवं स्वच्छता समिति गुमला के पत्र में अंकित बिंदुवार एवं तिथिवार "स्वच्छता ही सेवा" के तहत अभियान चलाते हुए 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक उपरोक्त के संदर्भ में निर्धारित गतिविधियों का प्रतिदिन फोटोग्राफ (एसबीएम) समन्वयक के मोबाइल नंबर पर भेजने का निर्देश दिया गया है।

## किसी में दम नहीं कि चैंबर को हमसे छीन ले : अनूप

**चाईबासा।** चाईबासा चैंबर ऑफ कॉमर्स का विवाद बढ़ता जा रहा है. चैंवर के संस्थापक सह नवनियुक्त अध्यक्ष अनूप कुमार सुल्तानिया ने कहा कि 26 जनवरी 2001 को हमलोगों ने चैंबर की स्थापना की थी. इसलिए यह संस्था पहले भी हमारी थी, आज भी है और आगे भी रहेगी. किसी में दम नहीं कि इसे हमसे छीन ले. जो लोग इस मुगलते में हैं कि हमारी सदस्यता समाप्त कर वे लोग चैंबर और इसकी 50 लाख रुपये राशि को हड़प लेंगे. वैसे लोगों को इसका माकूल जवाब दिया जायेगा. आज हमने शपथ ग्रहण के माध्यम से चैंबर को अपने नियंत्रण में ले लिया है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो जाएंगे। उनके जन्मदिन को लेकर भाजपा बेड़ो मंडल व नरकोपी मंडल की संयुक्त बैठक बेडो. के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के तहत सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया । आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान,खेलकूद, रक्तदान शिविर और एक पेड़ मां के नाम लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, बेड़ो भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजू दास, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा, मुखिया जतरू उरांव, बिरसा उरांव, सुखदेव कच्छप, अरुण प्रसाद, मनोज साहु, प्रदीप कुमार,नारायण महली, बुदु उरांव, कमलेश महतो, जगमोहन बड़ाईक, गणेश महथा और शंकर बड़ाईक सहित अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

## एसीसी हाई स्कूल खलारी में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** एसीसी हाई स्कूल खलारी में सोमवार को हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। प्रशासक जामवंत सिंह, प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी, उप प्रधानाध्यापिका अर्चना उपाध्याय तथा शिक्षक रवि गिरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया।एसएन तिवारी ने हिंदी को देश की एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान है। जामवंत सिंह ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। अर्चना उपाध्याय ने छात्रों को हिंदी साहित्य से जुड़ने और रचनात्मक लेखन की ओर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने




हिंदी दिवस के महत्व पर आधारित कविताएं व भाषण प्रस्तुत किए।

# पसीने से भींगे तो इतिहास बदल देंगे : मुकेश चौहान

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरीडीह।** शहर के कार्मेल उवि व दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीपीएस में सोमवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। कहा कि जब आप खुश रहते हैं या दोस्तो के साथ रहते हैं तो सेल्फी लेते है।

वहीं जब आप दुखी या तनाव मे रहें तब सेल्फी ले। जब दोनो फोटो को आप देखते हैं तो तनाव वाले फोटो को डिलीट कर देते है। क्योकि उस फोटो मे आपका चेहरा अच्छा नही दिखता है।

उन्होने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्म लेती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। जब आप पसीने से भिंगेंगे तो कपड़ा बदलेंगे, लेकिन सकारात्मक मेहनत से निकले पसीने से भिंगेंगे तो इतिहास बदल देंगे।

दोनों स्कूल में खुशी क्लास का संचालन कर रहे प्रकाश मिश्रा ने कहा कि तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए। असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं है। बल्कि इस पर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है। कार्मेल स्कूल में अध्यक्षता शिक्षक मुकुंद मुरारी पाठक व धन्यवाद ज्ञापन दीपक हांसदा ने किया। डीपीएस में अध्यक्षता प्रिंसिपल सोनी तिवारी, विषय प्रवेश अनंदिता गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य विकाश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।


समाहरणालय, कोडरमा — संशोधित

(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

:– सूचना :–

प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025–26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 554/राँची, दिनांक 10.09.2025 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में खेल निदेशालय, झारखण्ड, राँची अंतर्गत विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीड़ा, सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स एवं जे०एस०एस०पी०एस० अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला स्तर पर प्रतिभा चयन खोज का आयोजन किया जाना निर्धारित है। उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता से संबंधित दिशा निर्देश निम्नवत् है:–

| क्र०सं० | प्रतियोगिता का स्तर | खेल विद्या का नाम | वर्ग | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला स्तरीय प्रतिभा चयन खोज 2025–26 | फुटबॉल | बालक/बालिका | 18.09.2025 एवं 19.09.2025 | 8:00 A.M To 5:00 P.M | बागीटाँड़ स्टेडियम, कोडरमा। |
| 2. | | बैडमिंटन | बालक/बालिका | | | |
| 3. | | एथलेटिक्स | बालक/बालिका | | | |
| 4. | | कबड्डी | बालिका | | | |
| 5. | | कुश्ती | बालक/बालिका | | | |

1. खेल निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं खेलगाँव राँची स्थित जे०एस०एस०पी०एस० क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों कि आयु सीमा वित्तीय वर्श के 1 अप्रैल, 2025 को 10 वर्श की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वर्श का आयु पूर्ण नहीं किया हो। (विद्यालय द्वारा निर्गत बोनाफाइड प्रमाण पत्र/ नगर निगम अथवा पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।)
2. सेन्टर ऑफ एक्सेलेंस हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयु सीमा 16 से 22 वर्श के बीच होना चाहिए।
3. दो पासपोर्ट साईज फोटो (अद्यतन)
4. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्श से अधिक है, लेकिन जिन्होंने कम–से–कम राश्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशीप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
5. विभाग द्वारा संचालित डे–बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र/क्रीड़ा किसलय केन्द्र/खेलो इंडिया सेन्टर के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने कम–से–कम राश्ट्रीय चैम्पियनशीप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशीप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें सीधे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
6. मेडिकल फिटनेस–खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में उपयुक्त पाया जाना चाहिए।
7. प्रतिभागियों का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Skill Test के आधार पर होगी।
8. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।
9. खिलाड़ी को माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में उत्कृश्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का नामांकन विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में रिक्ति के अनुसार मेडिकल परीक्षण एवं संबंधित अभिलेखों के जाँचोपरांत किया जाएगा।
11. जिला स्तरीय प्रतिभा चयन खोज 2025–26 में उपरोक्त विभिन्न खेल स्पर्धा में चयनित प्रशिक्षुओं को दिनांक 24.09.2025 से 25.09.2025 तक राँची में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन खोज 2025–26 में भाग लेगें।

नोट:– उपर्युक्त **Battery Test** के उपरांत प्रतिभा चयन खोज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का **Specific Skill Test** किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, कोडरमा एवं श्री अशोक कुमार तुरी, जिला खेल समन्वयक, कोडरमा के मोबाईल नं0–8210345455 से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 361967 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (25-26)D



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)

कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला

आम सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अर्न्तगत पशुपालन प्रक्षेत्र की योजना/कार्यकमों के लिए गुमला जिला के पशुपालक यथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य जाति के ए0पी0एल0/बी0पी0एल0/वर्ग के सभी महिला पुरुश लाभुकों/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों, जिसमें असहाय विधवा औरतों /दिव्यांग/निःसंतान दंपति (उम्र कम से कम 50 वर्श)महिला, पुरुश को प्रथमिकता के आधार पर ग्राम सभा द्वारा चयन किया जाना है। ग्राम सभा की अनुसंशा के साथ पूर्ण विवरण सहित आवेदन संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से जिला पशुपालन पदाधिकारी गुमला के नाम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क0 सं0 | कार्यकम/योजना का नाम | योजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मॉडल बकरा–बकरी इकाई (8+2) | 49600/– | 90% अधिकतम 44640/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 18600/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57800/– | 90% अधिकतम 52020/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 43350/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 3 | 400 बैकयार्ड लेयर (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन)की की योजना | 118200/– | 90% अधिकतम 106380/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 88650/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन 500 ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67500/– | 90% अधिकतम 60750/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 50625/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |
| 5 | बतख चूजा वितरण की योजना (30 चूजा) | 3400/– | 90% अधिकतम 3060/– | अनु0ज0जा0/अनु0जा0/असहाय विधवा औरतें/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति (उम्र कम से कम 50 वर्ष) |
| | | | 75% अधिकतम 2550/– | अनु0जन0ज0/अनु0जा0/अन्य जाति के लाभुक |

पशुपालन क्षेत्र की योजना के लिए लाभुक चयन हेतु अहर्ता एवं शर्तें:–

1. ग्राम का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
2. योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जार्ति के सभी महिला पुरुश/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के सदस्यों को प्राथमिकता के तौर पर दिया जाएगा। जिसमें महिलाऐं/असहाय विधवा औरतों /दिव्यांग/निःसंतान दंपति का चयन नियमानुसार किया जाएगा।
3. सभी योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य कि अनुरुप ग्रामों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति की अनुसंशा के उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अंतिम रुप से चयन किया किया जाएगा।
4. चयनित ग्रामों में लाभुकों का चयन संबंधित ग्राम के ग्राम सभा द्वारा किया जाएगा, चयन प्रकिया में निम्न बातों का पालन करना अनिवार्य है:–
   क) चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो, इस संबंध में लाभुक को आवासीय, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार संख्या जमा करना अनिवार्य होगा।
   ख) चयन प्रकिया में पशुपालन गतिविधि से जुड़े पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
   ग) वैसे लाभुक जिन्हें पूर्व में राज्य या केन्द्रीय योजना का लाभ मिल चुका है उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।
   घ) बकरा विकास योजना ,सूकर विकास योजना के अंतर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन/ब्रायलर के लाभुको का चयन 5–5 इकाइयों के कलस्टर में किया जाएगा।
5. पशुपालन योजना के अंतर्गत योजना का कियान्वयन अनुदान–सह–लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर किया जाएगा।
6. योजना/कार्यक्रम अंतर्गत पशु पक्षी के निवास के लिए पशु पक्षी शेड, आवास अदि की व्यवस्था मनरेगा के अभिसरण से किया जाएगा।
7. पशु पक्षियों की आपूर्ति नियमानुसार निदेशालय से निबंधित/सूचीवद्ध आपूर्तिकर्ता के द्वारा लाभुकों को योजना के आलोक में किया जाएगा।
8. योजना अंतर्गत दवा, मिनरल मिक्सचर सामग्री एवं उपकरण आदि हेतु अनुदान की राशि निदेशालय द्वारा निर्धारित इकाई दर, विशिष्टियों एवं योजना के आलोक में लाभुकों को उपलब्ध कराया जाएगा।
9. योजना के अन्तर्गत चयनित लाभुकों का Escrow Account/Dedicated bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि खोले गये Escrow Account/Dedicated bank Account में ही DBT के माध्यम हस्तांतरित किया जाएगा। लाभुक अन्तिम रुप से चयन होने पर अपना अंशदान एक माह के अन्दर खोले गये Escrow Account/Dedicated bank Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
10. इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन ग्राम सभा से अनुसंशा के साथ प्रखंड स्तरीय समिति के पास दिनांक– 11.10.2025 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला

PR 362013 Animal Husbandry (25-26)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

शिष्यों की एक मण्डली से: "तुम सबको आपस में उसी प्रकार प्रेम एवं एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए, जिस प्रकार तुमने मेरी सेवा की है। मैं सबका सेवक हूँ।" - श्री श्री परमहंस योगानन्द

## संपादकीय

### मोदी की पूर्वोत्तर यात्रा

प्रधानमंत्री मोदी की तीन पूर्वोत्तर राज्यों- मिजोरम, मणिपुर और असम की यात्रा के दौरान जो घोषणाएं हुईं, वे महत्वपूर्ण तो हैं ही, इन्हें ऐतिहासिक भी कहा जाए, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मई, 2023 में इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 260 लोग मारे गए और तकरीबन 60 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। करीब दो वर्ष पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद राज्य के अपने पहले दौरे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिया गया शांति का संदेश महत्वपूर्ण है। उनका यह कहना कि मणिपुर ही वह भूमि थी, जहां पहली बार भारतीय राष्ट्रीय सेना ने राष्ट्र ध्वज फहराया था, राज्य के गौरवपूर्ण अतीत और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है। राज्य को भारत माता के मुकुट का रत्न बताते हुए कुकी बहुल हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित चुराचांदपुर के लिए 7,300 करोड़ रुपये से अधिक और मैतेई बहुल इंफाल के लिए करीब 1,200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा कर प्रधानमंत्री ने पीड़ितों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और समूचा देश उनके साथ है। राजनीति में कई फैसले रणनीतिक आधारों पर लिए जाते हैं। पिछले दो वर्षों में मणिपुर का मुद्दा देश के भीतर और बाहर जिस तरह से उठाया गया, वह किसी से छिपा नहीं है। यह भी नहीं भूला जा सकता कि किस तरह यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर को लेकर प्रस्ताव पारित हुआ, जिसे सरकार ने देश का आंतरिक मामला बताते हुए उचित ही खारिज कर दिया था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मणिपुर में शांति बनी रहे और प्रधानमंत्री मोदी के दौरे ने जो उम्मीदें जगाई हैं, वे पूरी हों। अपनी मिजोरम यात्रा में प्रधानमंत्री ने आठ हजार करोड़ रुपए,से भी अधिक की सैरांग-बैरवी रेल लाइन का शुभारंभ किया है, जो इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। जाहिर है कि इससे मिजोरम के किसान और व्यवसायी देश भर के बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे; कई क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेंगे, सो अलग। असम यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य को करीब बारह हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी है, जो क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को यकीनन सहारा देंगी। कुल मिलाकर देखें, तो प्रधानमंत्री का पूर्वोत्तर दौरा केवल परियोजनाओं तक सीमित नहीं, यह एक दृष्टि का प्रतिबिंब है। म्यांमार से हो रही घुसपैठ समेत विभिन्न समूहों के बीच विश्वास बहाली की चुनौतियां बेशक हैं, लेकिन पूर्वोत्तर में प्रधानमंत्री ने शांति के साथ विकास का जो पैगाम दिया है, वह जमीनी स्तर पर दिखे भी, तो यह सबसे बड़ी कामयाबी होगी। राजनीति और सोशल मीडिया पर बहुत बातें कहीं गईं हैं पर पूर्वोत्तर में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।

*अपनी मिजोरम यात्रा में प्रधानमंत्री ने आठ हजार करोड़ रुपए,से भी अधिक की सैरांग-बैरवी रेल लाइन का शुभारंभ किया है, जो इस मायने में ऐतिहासिक है कि यह पहली बार मिजोरम की राजधानी को भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी।*

# प्रधानमंत्री मोदी का शासन : गुजरात मॉडल से भारतीय मॉडल तक



लंबे समय तक भारत के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने वाले बहुत ही कम नेताओं ने किसी राज्य में मुख्यमंत्री का दायित्व भी संभाला है। देश के ज्यादातर प्रधानमंत्री 'राष्ट्रीय' स्तर के नेता रहे हैं और उनके पास संघीय स्तर पर काम करने का अनुभव बहुत ही कम रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसके चंद अपवादों में से एक हैं। जब नरेन्द्र मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने, तो वे अपने साथ गुजरात में एक दशक के राज्य-स्तरीय शासन से विकसित हुए कामकाज के एक नए दर्शन को लेकर आए। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने इस बात को बारीकी से देखा कि योजनाएं अंतिम छोर पर क्यों विफल या सफल होती हैं और फिर एक ऐसे दृष्टिकोण को परिष्कृत किया जिसने उन्हें शासन के केन्द्र में महज नीति-निर्माण के बजाय क्रियान्वयन को रखने वाला पहला प्रधानमंत्री बनाया। बिजली से लेकर बैंकिंग और कल्याण से लेकर बुनियादी ढांचे के मामले में, इस दर्शन ने तब से आज तक भारतीय राज्य द्वारा अपने नागरिकों की सेवा करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है। नीतिगत केन्द्रबिंदु के रूप में क्रियान्वयन में नरेन्द्र मोदी के दृढ़ विश्वास को, बिजली क्षेत्र से संबंधित उनके दृष्टिकोण में देखा जा सकता है। गुजरात में, उन्होंने देखा कि गांवों में खंभे और लाइनें तो हैं, लेकिन वास्तव में बिजली नदारद है। इसका समाधान उन्होंने ज्योतिग्राम योजना के रूप में निकाला, जिसके तहत फीडरों को अलग किया गया ताकि घरों को 24 घंटे बिजली मिल सके और खेतों को बिजली का एक निश्चित हिस्सा मिल सके। प्रधानमंत्री के रूप में, उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिए इस सिद्धांत को आगे बढ़ाया। इस योजना के जरिए 18,374 गांवों को भरोसेमंद तरीके से बिजली उपलब्ध कराई गई। वर्ष 2023 तक आते - आते, बिजली की यही आपूर्ति सामूहिक रूप से 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 29 प्रतिशत का योगदान करने वाले देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की रीढ़ बन गई। बैंकिंग क्षेत्र में भी इसी सिद्धांत को फिर से दोहराया गया। कागजों में तो ग्रामीण परिवारों के बैंक में खाते थे, लेकिन व्यवहार में वे निष्क्रिय थे। जन-धन ने इस स्थिति को बदल दिया। आधार और मोबाइल फोन को व्यक्तिगत बैंक खातों से जोड़कर, एक कमजोर पड़ी व्यवस्था को सीधे धन हस्तांतरण की बुनियाद बना दिया गया। इससे धन बिना किसी बिचौलिए के नागरिकों के हाथों में पहुंचा, बर्बादी पर लगाम लगी और सरकारी खजाने को भारी रकम की बचत हुई। इसके बाद आवास क्षेत्र की बारी आई। प्रधानमंत्री आवास योजना ने भुगतान को निर्माण कार्यों से जोड़ा, उनकी निगरानी के लिए जियो-टैगिंग का इस्तेमाल किया और बेहतर डिजाइन पर जोर दिया। पिछली सरकारों के अधूरे घरों के उद्घाटन के चलन को पलटते हुए, पहली बार लाभार्थियों को पूरी तरह निर्मित और रहने लायक घर मिले। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में संघीय प्रणाली गुजरात ने नरेन्द्र मोदी को यह भी दिखाया कि प्रगति किस प्रकार केन्द्र और राज्य के बीच समन्वय पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, यह सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद का दर्शन बन गया। दशकों से अटके पड़े वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को राज्यों के साथ आम सहमति बनाकर पारित किया गया। जीएसटी परिषद ने राजकोषीय संवाद को संस्थागत रूप दिया और एक एकीकृत राष्ट्रीय बाजार का निर्माण किया। इसके अलावा, उन्होंने राज्यों को हस्तांतरित किए जाने वाले केन्द्रीय करों का हिस्सा बढ़ाया। इससे राज्यों को अपनी प्राथमिकताएं तय करने में ज्यादा वित्तीय गुंजाइश एवं स्वायत्तता मिली। साथ ही, उन्होंने व्यापार में सुगमता के आधार पर राज्यों की रैंकिंग करके और सुधारों को पुरस्कृत करके प्रतिस्पर्धी संघवाद को बढ़ावा दिया। इन बदलावों ने राज्यों को न सिर्फ धन प्राप्त करने वाले के रूप में, बल्कि भारत की विकास गाथा में हितधारक के रूप में भी कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बुनियादी ढांचे के मामले में, गुजरात के बीआईएसएजी मानचित्रण से संबंधित प्रयोगों को पीएम गति शक्ति के रूप में विस्तारित किया गया, जहां 16 मंत्रालय और सभी राज्य अब एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 1,400 परियोजनाओं की योजना बना रहे हैं। इससे अनुमोदन में लगने वाले समय में कमी आ रही है और क्रियान्वयन में सामंजस्य स्थापित हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी के लिए, कल्याणकारी योजनाएं हमेशा उत्पादकता से जुड़ा निवेश रही हैं जिनका उद्देश्य इनके लाभार्थियों को सशक्त बनाना है। गुजरात के कन्या केलवणी नामांकन अभियान ने महिला साक्षरता को 2001 के 57.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 2011 तक 70.7 प्रतिशत कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर, इसे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में परिवर्तित किया गया। इस कार्यक्रम का संबंध बाल लिंगानुपात में सुधार से है, जो 2014 के 918 से बढ़कर 2023 तक 934 हो गया। लड़कियों के स्कूल जाने से उनकी शादी देर से होती है, उनके स्वास्थ्य में सुधार होता है और दीर्घकालिक उत्पादकता बढ़ती है। इससे वे वेतनभोगी कार्यबल में प्रवेश कर सकी हैं और इस प्रकार राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी ढंग से भाग ले रही हैं। मातृ स्वास्थ्य का भी उतना ही ध्यान रखा गया। गुजरात की चिरंजीवी योजना ने संस्थागत प्रसवों पर सब्सिडी दी, जिससे मृत्यु दर में कमी आई। केन्द्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने मातृत्व लाभ और पोषण को जोड़ा। इससे तीन करोड़ से अधिक महिलाओं को सहायता मिली। इसका मार्गदर्शक विचार एक ही था: सामाजिक व्यय से निर्बलता में कमी आनी चाहिए, विकल्प बढ़ने चाहिए और भावी कार्यबल की क्षमता बढ़नी चाहिए। शायद, गुजरात मॉडल का सबसे सूक्ष्म प्रभाव मानसिकता में बदलाव है।वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलनों ने दिखाया कि कैसे निरंतर जुड़ाव धारणाओं को बदल सकता है, एक राज्य को निवेशकों की नजर में एक विश्वसनीय निवेश गंतव्य बना सकता है और नौकरशाहों को व्यवसाय के अनुकूल बना सकता है। इसी अनुभव ने 'मेक इन इंडिया' को आकार दिया, जिसने सुव्यवस्थित मंजूरियों, भूमि गलियारों और बुनियादी ढांचे की तैयारी के जरिए विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी। वर्ष 2014 और 2024 के बीच, भारत ने 83 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया, जो इसकी कार्यान्वयन क्षमता और दीर्घकालिक विश्वसनीयता में भरोसे का संकेत देता है। नागरिकों के स्तर पर भी उम्मीदें बदल गईं। पहले, योजनाओं का मूल्यांकन घोषणाओं से होता था। आज, आम भारतीय यह मानकर चलते हैं कि सरकार द्वारा समर्थित बिजली, शौचालय, बैंक खाते, सब्सिडी वाली गैस जैसी आवश्यक वस्तुएं वास्तव में उन तक पहुंचेंगी। इस तरह की चुपचाप की गई सेवाओं की आपूर्ति और सुविधाओं के सामान्यीकरण ने एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति का निर्माण किया है जहां वादों को उनके क्रियान्वयन से मापा जाता है, न कि उनके इरादों से। कई मायनों में, यह बढ़ी हुई उम्मीद गुजरात मॉडल की सबसे ठोस विरासत है।

'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' महज एक नारा भर नहीं है। इसकी छाप रोजमर्रा की जिंदगी में साफ दिखाई देती है: बिजली अब लक्जरी नहीं रही, कल्याण सीधे तौर पर उपलब्ध हो रहा है, बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाएं डिजिटल समन्वय से बनाईं जा रही हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा दिखावे के बजाय मापने योग्य नतीजों की दृष्टि से डिजाइन की गई है। यह अब एक ऐसा भारतीय मॉडल है जिसने शासन को अंतिम छोर तक पहुंचाया है और देश के कोने - कोने में जनजीवन को प्रभावित किया है। जब भारत 2047 तक विकसित भारत बनने का अपना लक्ष्य हासिल करेगा, तो ऐसा इसलिए संभव हो सकेगा क्योंकि एक प्रधानमंत्री ने शासन को ही नए सिरे से परिभाषित किया है। क्रियान्वयन को प्रशासन की कसौटी बनाकर, उन्होंने भारत की विशाल मशीनरी को वादों से हटाकर काम करने वाली मशीनरी में बदल दिया है। यही छाप, जिसका परीक्षण पहले गुजरात में हुआ और जो फिर पूरे देश में फैला, श्री नरेन्द्र मोदी की निर्णायक विरासत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**मनसुख एल मांडविया**
केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

## विश्वकर्मा पूजा पर विशेष

### दुनिया के पहले इंजीनियर और वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा

भगवान विश्वकर्मा की पूजा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 सितंबर दिन बुधवार को मनाई जाएगी, विश्वकर्मा पूजा को विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। धर्म ग्रंथो में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी का वंशज माना गया है। ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तु कला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी,और देवज्ञ उनके पुत्र है। इन पांचो पुत्र को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। विश्वकर्मा शिल्प शास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेष्ठ ज्ञाता माने जाते हैं। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्यौहार है जिसे शिल्पकार कारीगर,श्रमिक एवं सभी लोग मानते हैं। यह पर्व ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार और निर्माता भगवान विश्वकर्मा को समर्पित होता है। विश्वकर्मा एक ऐसे देवता है जिन्होंने स्वर्ग और यहां तक की देवताओं के कुछ सबसे बड़े महलों का निर्माण किया, उन्हें कारीगरों शिल्पकारों और इंजीनियरों का देवता के रूप में भी पूजा जाता है। उन्हें सृष्टि का पहला इंजीनियर भी कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा की पूजा जो भी कोई व्यक्ति करता है उसका घर, दुकान, कारोबार, सभी उन्नति करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के दिन सच्चे मन से दान करने से अच्छे कर्म बढ़ते हैं और समृद्धि, सफलता और खुशी मिलती है विश्वकर्मा पूजा पर विशिष्ट वस्तुओं का दान करके भक्त विश्वकर्मा के साथ एक सानिध्य स्थापित करते हैं और विकास के साथ प्रचुरता के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माता यानी दुनिया का निर्माण करने वाले, इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहले इंजीनियर और वास्तु कार माना जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**संजय सर्राफ**



# हिंसा के बावजूद नेपाल में लग रहे हैं मोदी मोदी के नारे

बांग्लादेश, श्रीलंका के बाद अब हमारे एक और पड़ोसी नेपाल से भी तख्तापलट की घटना सामने आई है। इन सभी देशों में एक जैसी हिंसक घटनाओं के बाद अब भारत में भी एक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की जा रही है कि नेपाल की घटना से हमारे देश के आकाओं को भी सीख लेनी चाहिए। देश की सत्ता पर विश्वसनीयता को लेकर कोई सवाल नहीं है फिर भी ऐसी कोशिश जारी है। ऐसी कोशिश तब की जा रही है जब हिंसा में संलग्न लोगों ने नेपाल के लिए मोदी जैसा प्रधानमंत्री की इच्छा जताई है। नेपाल का यह "मोदी मिसाल" तब है जबकि इन्हीं आंदोलनकारियों के द्वारा वहां की संसद, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, मीडिया संस्थान, होटल, बैंक और नगरपालिका तक को आग के हवाले कर दिया गया है। गुस्सा इतनी कि देश के एक पूर्व प्रधानमंत्री की धर्मपत्नी को उनके आवास सहित जिंदा जला दिया गया और विपक्षी नेताओं से लेकर मंत्रियों तक को सरेआम दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया है। वस्तुतः श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी दिखने वाली नेपाल की यह हिंसा सिर्फ सत्ता के प्रति आक्रोश का मामला भर नहीं था। यदि ऐसा कुछ होता तो बैंक, न्यायालय, मीडिया हाउस, होटल, पर्यटन की संभावना और किसी राजनेता की पत्नी को हिंसा का शिकार न बनाया जाता। इसी तरह एक साथ देश के विभिन्न भागों में अवस्थित अठारह जेलों को तोड़ कर तेरह सौ से अधिक दुर्दांत अपराधियों को नहीं भगा दिया जाता। आखिर सुप्रीम कोर्ट, बैंक, मीडिया हाउस, होटल जैसे संस्थानों ने देश का क्या बिगाड़ा था और यदि सत्ता से चिढ़ थी तो प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद इसपर विराम लग जाना चाहिए था। ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया क्योंकि मामला सिर्फ सत्ता के विरुद्ध आक्रोश का नहीं था बल्कि गुस्सा पुराना था और निशाने पर वह व्यवस्था था जिसके अंतर्गत उस गोरक्षक राजा को साजिशन पदच्युत कर दिया गया जिसमें नेपाली जनमानस साक्षात पशुपति का दर्शन करता रहा है। इतना ही नहीं यह आक्रोश उस व्यवस्था से भी था जब वामपंथ के नाम पर सरकार के पैरोकार गोवध करते और फिर उसका चलचित्र बनाकर उसे पूरे देश में प्रदर्शित करने का दुस्साहस दिखाते। अभी जब नेपाल जल रहा है तब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध को इस हिंसा का मुख्य वजह बताया जा रहा है। यह पूर्ण सत्य नहीं है क्योंकि जब सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लग ही गया था तो फिर इतने बड़े पैमाने पर लोग हिंसा के लिए इकट्ठा कैसे हो गए? अचानक में ऐसा हो पाना लगभग असंभव है। अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं उसके अनुसार यह उस हैश टैग का कमाल था जब सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने के पहले ही यहाँ "नेपो बेबी" और "नेपो किड" जैसे शब्द ट्रेंड कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि "नेपो बेबी" व "नेपो किड" जैसे शब्दों के बूते नेपाल में राजनेताओं और प्रभावशाली लोगों के बच्चों की विलासिता पूर्ण जिंदगी, भाई भतीजावाद व भ्रष्टाचार से हासिल सुख सुविधाओं को जनाक्रोश का टूलकीट बनाया गया। इसके लिए अन्य लोकतांत्रिक विकल्प भी चुने जा सकते थे परन्तु बेरोजगारी, महंगाई, नागरिक सुख सुविधाओं के अभाव और पलायन से बेहाल आम नेपाली युवाओं को एक टूलकीट के बूते भड़का कर हिंसक बनाना आसान था और हुआ भी यही सबकुछ। इस हिंसा में साजिश की बू इसलिए भी आ रही है क्योंकि ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि अमेरिकन तंत्र के लिए प्रतिबंध लगा दिए गए और चीन की टिक टॉक व रेडिट को समय रहते छुट मिलती चली गई। निसंदेह किसी भी संप्रभु देश की सरकारों को ऐसे प्रतिबंध लगाने या छुट देने का पूरा अधिकार है। नेपाल की सरकार ने अपने इसी अधिकार का प्रयोग किया परन्तु चीन समर्थित इस व्यवस्था को अराजकता फैलाना था और इसके लिए पूरे घटनाक्रम के बहुत पहले ही तख्तापलट की पटकथा लिखी जा चुकी थी। भारतवर्ष की स्थिति इन सबसे अलग है क्योंकि यहाँ का लोकतंत्र जीवंत है और अपनी लोकप्रियता के बल पर लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले दल सत्ता में हैं। हाँ, भारत में भी कुछ विघ्नसंतोषी तथाकथित टूलकीट का हिस्सा बनने की फिराक में जरूर नजर आ रहे हैं। यह सबकुछ सत्ता के लालच की कुंठा हो सकती है और इसी वजह से भारतीय व्यवस्था में भी उन्हें श्रीलंका, बांग्लादेश और अब नेपाल नजर आने लगा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

पड़ोस की बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

सभी लोग यदि देखते , रह जायेंगे ख्वाब।
चौकीदारी वक्त की कौन करेगा सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# हिंदी दिवस के रहते हिंदी

हिंदी भाषी प्रदेशों में हिंदी तो मातृभाषा ही है। अब हिंदी जब मातृभाषा ही है तो कम से कम तीन-चार पीढ़ियों तक इसे पढ़ने की रूचि ही नहीं रही और यही स्थिति आगामी तीन - चार पीढ़ियों तक रहने की संभावना दिखती है। हमने मान लिया कि हिंदी मातृभाषा है, उसे क्या पढ़ना? हिंदी व्याकरण से उनका वही संबंध रहा जो मेरा राजनीति से है । हिंदी भाषी प्रदेशों में आक्रांताओं की भाषा अंग्रेजी पढ़ने पर अविभावकों का अधिक जोर रहता है । इस क्षेत्र में अंग्रेजी जिस श्रद्धा के साथ पढ़ी जाती है, दक्षिण में हिंदी उसी श्रद्धा से पढ़ी जाती है। हर हिंदी पखवारे में हिंदी में कार्य करने के लिए केंद्रीय कार्यालयों में शपथ दिलाई जाती है। कर्मचारी और अधिकारी यह शपथ उसी प्रकार लेते हैं जैसे विधायिका सत्यनिष्ठा की लेती है। हिंदी प्रयोग करने का उनका उमंग हमारी राष्ट्रभक्ति की भांति टिकता नहीं है। एक - दो दिनों बाद फुस्स। हम अंग्रेजी पढ़कर अपनी हीनता मिटाने में लगे हैं। कुछ गिने - चुने हिंदी प्रचारी उतनी ही हीन भावना से ग्रसित किए जा रहे हैं। इस संघर्ष में पहले की युवा पीढ़ी ने हिंगलिश प्रथा का अविष्कार किया। जिसमें हिंदी के साथ अंग्रेजी के एक - आध शब्द आवश्यक होते चले गए। कालांतर में विकास के साथ इसका भी स्वरूप बदलने लगा। आज की युवा पीढ़ी अंग्रेजी के स्लैंग, शब्दों के संक्षिप्तीकरण के साथ एक - आध हिंदी के शब्द जोड़ने लगे। इसे इंगलिहिंदी आप कह सकते हैं। हिंदी भाषा के आन्दोलनियों के बच्चे धड़ल्ले से अंग्रेजी संतों के नामाकरण वाले अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में पढ़ते । हिंदी से पहले उनकी शिक्षा अंग्रेजी सीखने से प्रारम्भ होती । मेरा दावा है कि आज की पीढ़ी बिरले ही हिंदी वर्णमाला को स्मरण रखती हो! हिंदी के प्रति हम हिंदी दिवस से लेकर हिंदी पखवारे तक मनाते हैं । स्वतन्त्रता के बाद होना यह चाहिए था कि जिस प्रकार हिंदी विलुप्तीकरण की ओर बढ़ रही है , यह नियति अंग्रेजी की होनी चाहिए थी। हमें अंग्रेजी दिवस और अंग्रेजी पखवारे मनाकर उसे वर्तमान में हिंदी की तरह सद्गति की ओर धकेल देना चाहिए था। लेकिन यह इसलिए नहीं हुआ क्योंकि जो राजनीतिक परिवार केंद्र की सत्ता में रही उसे अंग्रेजी भाषा और अंग्रेजी स्त्रियों से कभी मोह भंग हुआ ही नहीं। वे विदेशों में न जाने पढ़े भी कि नहीं, लेकिन ढोल बहुत पीटा। ऐसे में हिंदी की नैया डुबोने के अतिरिक्त उनसे अपेक्षा भी क्या की जा सकती थी। आज उनकी कृपा से ही हिंदी के प्रति विद्रोह कई प्रांतों में को हवा दी जा रही है। राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं करता जब तक परतंत्रता की मानसिकता से बाहर निकलकर अपने राष्ट्र और उसकी भाषा हिंदी पर गर्व न करे । लेकिन उन्हें राष्ट्र की क्या पड़ी थी? कैसी विडंबना है कि विशेषकर हिंदी भाषी प्रदेशों में भी कोई अहिन्दीभाषी अधिकारी आता है तो उसे हिंदी सीखनी पड़ती है। लेकिन न्यायालयों में ऐसा होने नहीं दिया गया। हिंदी अभी भी यहाँ उपेक्षित दासी ही रखी गयी। हिंदी जागरण, हिंदी प्रेम और राष्ट्रभक्ति को एक राजनीतिक ऐनक से देखे जाने की प्रथा चलाई गई। उन्हें संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगा। इसी मृगमरीचिका में हिंदी साहित्य के विशाल आँगन में मठ परम्परा चलाई जाने लगी। मठाधीशों ने रक्तध्वज फहराया और उसी की छाया में पलने वाले अयोग्य तक सम्मानित / पुरष्कृत होने लगे। माता सरस्वती के वे पुत्र जो हिंदी साहित्य को साधते रहे , उन्हें न केवल अनदेखा किया गया वरन उन्हें अपमान के घूँट तक पीने को विवश होना पड़ा। परिणाम यह हुआ कि हिंदी की उपेक्षा में वृद्धि ही होती चली गयी। हिंदी जहाँ थी, धीरे - धीरे बेचारी होने लगी। मनुष्यता की भांति अर्ध्यगामी होती चली गयी। अंग्रेजी उर्ध्वगामी ही रही । हिंदी की अवस्था यह हुई कि दुकानों तक की नाम पट्टिका अंग्रेजी में मिलने लगी और बहुत हिंदी प्रेम जगा तो उसे देवनागरी लिपि में लिख कर हिंदी प्रेम प्रदर्शित किया गया। आज हिंदी के समाचार पत्रों की हिंदी देखें तो बहुत निराशा होती है। अब हिंदी के शब्दकोश कोई पढ़ता नहीं, शब्दावली काम चलने लायक सिकुड़ गयी। कुछ षड़यंत्रकारियों ने क्लिष्ट हिंदी के शब्दों के वाक्यों को प्रचलित कर हिंदी का उपहास भी उड़ाने का प्रयास किया। वे समाज को हिंदी के प्रति दिग्भ्रमित करने में लगे रहे। यह नहीं बताया गया कि विश्व की सभी भाषाओं में सबसे समृद्ध शब्दावली हिंदी की है, हमारी वर्णमाला वैज्ञानिक है और हमें अपनी भाषा हिंदी पर गर्व करना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**




व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गुरदासपुर में राहुल गांधी को बाढ़ प्रभावित गांवों में जाने से रोका गया

**राहुल ने नाराजगी जताते हुए कहा -**

- "लोगों से मिलने से क्यों रोका जा रहा है?"
- राहुल गांधी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मौके पर बहस हुई।
- एसपी युगराज सिंह ने राहुल गांधी को समझाने की कोशिश की।
- भारी बारिश और दरियाओं के उफान से पंजाब के 13 जिलों में बाढ़ की स्थिति।

### राहुल गांधी को मिलने से क्यों रोका गया, केंद्र सरकार से जांच की मांग



राहुल गांधी के साथ मौके पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी बाढ़ पीड़ित लोगों से मिलना चाहते थे, लेकिन जिला प्रशासन की मदद से पंजाब सरकार ने उन्हें रोक दिया, जबकि लोग उनकी राह देख रहे थे। चन्नी ने आरोप लगाया कि बाढ़ से पहले सरकार ने कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए। सरकारी लापरवाही के कारण ही यह बाढ़ आई और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसकी जिम्मेदार पंजाब सरकार है। गुरदासपुर सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने भी राहुल गांधी को रोके जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोगों से मिलने आए थे, उन्हें रास्ते में क्यों रोका गया? इसका जवाब केंद्र और पंजाब सरकार को देना चाहिए। रंधावा ने आगे आरोप लगाया कि पंजाब सरकार ने दोनों दरियों का पानी एक साथ छोड़ दिया, जिससे पंजाब के कई इलाके डूब गए। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार इस पूरे मामले की जांच कराए।

**एजेंसी। गुरदासपुर**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान वे गुरदासपुर के दीनानगर इलाके के मकोड़ा पतन रावी दरिया किनारे पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की कोशिश की। लेकिन, जिला प्रशासन ने उन्हें रावी दरिया के पार बसे गांवों में जाने से रोक दिया। इस दौरान राहुल गांधी और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बहस भी हुई।राहुल गांधी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वह दरिया पार बसे गांवों के लोगों से मिलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें मिलने से क्यों रोका जा रहा है। मौके पर मौजूद एसपी युगराज सिंह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को समझाने की कोशिश करते हुए नजर आए। गौरतलब है कि हाल ही में हुई भारी बारिश और दरियाओं के उफान से पंजाब के कई जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। खेतों की फसलें नष्ट हो गईं और कई गांवों के घरों को भी भारी नुकसान हुआ है। पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश और नदियों के उफान से राज्य के 13 जिलों के 1,400 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लाखों लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। वहीं, लाखों हेक्टेयर फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

**बिहार को प्रधानमंत्री मोदी की सौगात, बोले-**

# पिछड़े को प्राथमिकता और गरीब की सेवा, यही मोदी का लक्ष्य है

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिया हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव में अंतरिम टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। बिहार चुनाव से पहले उनका यह दौरा महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी पूर्णिया में एकत्रित लोगों का अभिवादन किया। मोदी ने बिहार के पूर्णिया में लगभग 36,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद हैं। इसके साथ ही मोदी ने बिहार में कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने बिक्रमशिला-कटेरिया के बीच 2,170 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल लाइन का शिलान्यास किया, जो गंगा नदी के पार सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगी।

वहीं, अपने संबोधन की शुरूआत में माफी मांगते हुए मोदी ने कहा कि सबसे पहले मैं आप सभी से क्षमा चाहता हूँ। कोलकाता में मेरा कार्यक्रम थोड़ा लंबा हो गया, और इस वजह से मुझे यहाँ पहुँचने में देर हो गई। इसके बावजूद आप लोग इतनी बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद देने आए। आप इतने लंबे समय तक रुके। मैं आपका आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज यहां बिहार के विकास के लिए करीब 40 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। रेल, एयरपोर्ट, बिजली, पानी से जुड़ी ये परियोजनाएं सीमांचल के सपनों को पूरा करने का माध्यम बनेंगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यहां 40 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर भी मिले हैं। इन 40 हजार परिवारों के जीवन में आज एक नई शुरुआत हुई है। धनतेरस, दीपावली और छठ पूजा से पहले अपने पक्के घर में गृह प्रवेश बहुत सौभाग्य से होता है। मैं इन परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि आज का ये अवसर मेरे बेघर भाई-बहनों को भरोसा देने का भी है कि एक दिन उनको भी पक्का घर मिलेगा। ये मोदी की गारंटी है! हमारी सरकार ने पिछले 11 साल में 4 करोड़ से ज्यादा पक्के घर बनाकर गरीबों को दिए हैं।मोदी ने दावा किया कि अब हम 3 करोड़ नए घर बनाने का काम कर रहे हैं। जब तक हर गरीब को पक्का घर नहीं मिल जाता, मोदी रुकने या थमने वाला नहीं है। पिछड़े को प्राथमिकता और गरीब की सेवा, यही मोदी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित भारत के निर्माण में इंजीनियर्स की बहुत बड़ी भूमिका है।



# विपक्ष को बिहार में होता विकास नहीं दिख रहा : चिराग पासवान

**एजेंसी। पटना**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्हें राज्य का विकास नहीं दिख रहा है।

उन्होंने विपक्ष के राजधानी पटना में उद्योग नहीं लगाए जाने को लेकर लगाए गए पोस्टर पर कहा कि चुनाव का समय है और विपक्ष इस तरह की राजनीति करेगा। आज पटना एयरपोर्ट के बाद प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जा रहा है। बिहार को दो एम्स दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जितनी बार बिहार आए हैं उतनी बार हजारों-करोड़ की राशि की परियोजनाओं को बिहार को समर्पित करके गए हैं। कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अब तो बात सिर्फ शिलान्यास की नहीं है, कई योजनाओं का उद्घाटन भी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा, ''विकसित बिहार के जिस संकल्प के साथ हमलोग आगे बढ़ रहे हैं, उस संकल्प और मुहिम का मजबूती के साथ प्रधानमंत्री द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार का लाभ बिहार और बिहारियों को दिखने लगा है। ऐसे में विपक्ष को जो कहना है, कहे, हमलोग जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उस दिशा में बिना भटके हमलोग आगे बढ़ने का काम कर रहे हैं।"



भारत-पाकिस्तान के मैच में भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने को लेकर लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि यदि आप किसी से हाथ मिला रहे हैं और वही लोग आपके परिवार के सदस्यों पर हमला कर रहे हैं और उन्हें मार रहे हैं, तो ऐसी तस्वीरें निश्चित रूप से उनकी भावनाओं को आहत कर सकती हैं।उन्होंने कहा, "खेल खेला जाना था और हमारे खिलाड़ियों ने इसका समान रूप से सम्मान किया और उस खेल को उसी भावना से खेला। जीतकर, हमारे खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से उन पीड़ितों का सही मायने में सम्मान किया।"

उल्लेखनीय है कि रविवार को भारतीय क्रिकेट टीम ने दुबई में एशिया कप के एक मुकाबले में पाकिस्तान को एकतरफा अंदाज में 7 विकेट से शिकस्त दी। मैच खत्म होने के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भारतीय खिलाड़ियों से हाथ मिलाने के लिए कुछ देर तक इंतजार भी किया, लेकिन मैदान में कोई भी भारतीय खिलाड़ी नहीं पहुंचा। कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे भारत को जीत दिलाने के बाद सीधे ड्रेसिंग रूम लौट गए थे।

# पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सशस्त्र बलों की संयुक्तता पर जोर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी है। तीनों सेनाओं के सैन्य कमांडरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों की संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने समुद्री डकैती रोधी अभियानों व संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण व मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में भी सशस्त्र बलों की प्रशंसा की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कोलकाता में आयोजित 16वें संयुक्त (आर्मी, नेवी, एयरफोर्स) कमांडर्स सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सशस्त्र बलों की विभिन्न गतिविधियों पर अपने विचार रखे। यह सम्मेलन प्रत्येक दो वर्ष में एक बार आयोजित होता है। यह सशस्त्र बलों का सर्वोच्च स्तरीय मंथन मंच माना जाता है, जिसमें देश के शीर्ष सैन्य व नागरिक नेतृत्व भविष्य की सैन्य तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श करते हैं। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'ईयर ऑफ रिफॉर्म्स—ट्रांसफॉर्मिंग फॉर द फ्यूचर' है। यह विषय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और परिवर्तन की वर्तमान प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण, समुद्री डकैती रोधी अभियानों, संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी तथा मित्र देशों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने में सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2025 को रक्षा क्षेत्र में सुधारों का वर्ष बताते हुए रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और किसी भी परिस्थिति में विजयी होने के लिए संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने हेतु ठोस कदम जल्द से जल्द लागू किए जाएं। प्रधानमंत्री को इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने नए परिदृश्य में सशस्त्र बलों की संचालनिक तत्परता, उभरती प्रौद्योगिकियों और युद्धक रणनीतियों के परिप्रेक्ष्य में भविष्य के युद्ध तथा बीते दो वर्षों में लागू सुधारों और आने वाले दो वर्षों की योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। आने वाले दो दिनों में यह सम्मेलन विभिन्न संरचनात्मक, प्रशासनिक और संचालनिक मुद्दों की व्यापक समीक्षा करेगा। इसमें सभी सेनाओं से प्राप्त फीडबैक, वैश्विक अस्थिरताओं के बीच भारत की सैन्य तैयारी और प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप आगे की रोडमैप पर गहन चर्चा की जाएगी। भारतीय सशस्त्र बलों की यह एक बेहद महत्वपूर्ण 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' है। इस संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस में थलसेना, वायुसेना व नौसेना सेना के टॉप कमांडर्स मौजूद हैं। यहां साझा रणनीति, संयुक्त ऑपरेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस' का उद्घाटन किया।

**बिहार में नौकरियों को लेकर बवाल**

# बैरिकेड्स तोड़ आगे बढ़े छात्र, सरकार मौन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में छात्र सोमवार को राज्य में पुलिस कांस्टेबल और सरकारी नौकरियों की कमी के विरोध में सड़कों पर उतर आए। छात्रों का दावा है कि पिछले दो वर्षों से नए छात्रों की भर्ती के लिए कोई नई रिक्तियां नहीं आई हैं। छात्रों ने मांग की कि सरकार चुनाव शुरू होने से पहले इस संबंध में अधिसूचना जारी करे। हालांकि भारत के चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव अक्टूबर-नवंबर में होने की उम्मीद है। पटना में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च करते हुए छात्रों ने मांग की कि बिहार पुलिस सब-ऑर्डिनेट सर्विस कमीशन (बीपीएसएससी) और सेंट्रल सिलेक्शन बोर्ड ऑफ कांस्टेबल (सीएसबीसी) की उत्तर कुंजी छात्रों को दी जाए। एक प्रदर्शनकारी के अनुसार, छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रशासन के एक अधिकारी से मिलने गया और अपनी मांगें रखीं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुछ देर के लिए रोक दिया क्योंकि बैरिकेड्स लगाए गए थे। हालाँकि, कुछ जगहों पर बैरिकेड्स हटा दिए गए थे, जिससे कुछ छात्र आगे निकल गए। बैरिकेड्स के ऊपर खड़ी एक प्रदर्शनकारी खुशबू पाठक ने पत्रकारों से कहा कि छात्रों ने कई बार अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है, लेकिन प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। इसलिए आज हमें यह विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। हमारा विरोध पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। हम हाथ जोड़कर सरकार से अपनी माँगें पूरी करने की विनती करते हैं। उन्होंने एएनआई को बताया कि उत्तर कुंजी की कार्बन कॉपी और प्रश्न पुस्तिका बीपीएसएससी और सीएसबीसी द्वारा दी जानी है। बिहार इंस्पेक्टर का नोटिफिकेशन चुनाव से पहले दिया जाना है। हम शांतिपूर्ण तरीके से मार्च कर रहे छात्र हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी, नीतीश कुमार ने बताया कि पिछले दो सालों से पुलिस/कांस्टेबल की कोई नई रिक्तियाँ घोषित नहीं की गई हैं, जिससे उनके लिए पटना में रहकर पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। नीतीश कुमार ने एएनआई को बताया कि हम अंदर जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन हमें अंदर नहीं जाने दे रहा है। हम संवैधानिक तरीके से अंदर जाने की कोशिश कर रहे हैं।




# आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी, जिससे आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढ़ंग से काम करेंगे। आज आपको किसी व्यापारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा, वहां अधिकतर लोग आपकी बातों से सहमत होंगे।

**वृष :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके मन की इच्छा पूरी होगी तथा आर्थिक मामलों में भी लाभ मिलेगा। आज आप भविष्य को बेहतर बनाने के लिए नये कदम उठायेंगे। आज स्थिति आपके अनुकूल रहेगी और लवमेट के साथ रिश्ते में मिठास आयेगी। आज आपके मन में कुछ बड़े विचार आयेंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है, आपको किसी बड़ी कम्पनी के साथ काम करने का मौका मिलेगा। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया है, कोई नई स्टोरी लिखने के लिये मन में अच्छा टॉपिक आयेगा।

**कर्क :** आज आपका दिन ठीक - ठाक रहेगा। आज आप ज्यादा से ज्यादा समय परिवार के साथ बितायेंगे और जीवनसाथी के साथ कहीं हिल स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग भी कर सकते हैं। आज आपके लिए किसी स्थिति को लेकर ज्यादा सोचने की बजाय उस पर एक्शन लेना बेहतर रहेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करना चाहेंगे, उसे समय से पूरा करने में कामयाब होंगे। आज आप किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जाने का मन बनायेंगे, जिससे मिलकर आपको ख़ुशी होगी। आज दाम्पत्य रिश्तों में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप काम को करते समय अपने मन को शांत रखेंगे, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। इस राशि के अविवाहित व्यक्तियों को जल्द ही विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे। साथ ही किसी पारिवारिक समस्या का समाधान भी निकलेगा।

**तुला :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप कारोबार में अच्छा धन लाभ कमायेंगे, जिससे कारोबार में वृद्धि होगी और आपका मान -सम्मान बढ़ेगा। इस राशि के व्यक्तियों को आज किसी करीबी से कोई खुशखबरी मिलेगी, । आज करियर के मामले में आपके ऊपर क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आ सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कोशिश पूरी तरह से सफल होगी, जिससे आपका आत्मविश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आज आप दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएंगे। आज आप मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे और किसी बात को लेकर आपके मन में चल रही, शंका भी दूर होगी।

**धनु :** आज आपके मन में नए - नए विचार आयेंगे। आज आपको कार्य क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही आज आप अपने साथ काम करने वाले कर्मचारियों का उत्साहवर्धन भी करेंगे। आज आपको किसी बड़े व्यक्ति का साथ मिलेगा, जिनके माध्यम से आप जीवन की गहराई को समझ पायेंगे।

**मकर :** आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा, बड़ा प्रोजेक्ट आपको मिल सकता है। आज आपको किसी कंपनी से जॉब के लिये कॉल आ सकती है, धीरे - धीरे आपकी आर्थिक स्थिति पटरी पर वापस आएगी। आज किसी रिश्तेदार से चल रही।

**कुंभ :** आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ थोड़ा ज्यादा रहेगा। साथ ही किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने का मौका भी मिलेगा। आज आपके रुके हुए कार्य पूरे हो जायेंगे, जिससे आपको आनंद की अनुभूति होगी। आज आप खुद को फिट और तरोताजा महसूस करेंगे। आज दिन खत्म होते-होते आपको किसी से शुभ समाचार मिलेगा।

**मीन :** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आप जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं, वो आज किसी फ्रेंड की मदद से पूरा हो जाएगा। इस राशि की महिलाएं अपने प्रोफेशन को फॉलो करेंगी, जिससे वे अपने साथ -साथ कई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगी।

# उच्चतम न्यायालय के गठित एसआईटी ने वनतारा को 'क्लीन चिट' दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वनतारा से जुड़े मामलों की जांच कर रहे उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात के जामनगर स्थित इस प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र को 'क्लीन चिट' दे दी है।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि अधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतोष व्यक्त किया है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को प्रस्तुत की गई थी और शीर्ष अदालत ने सोमवार को इसका अवलोकन किया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद एक विस्तृत आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने भारत एवं विदेशों से जानवरों, विशेष रूप से हाथियों के अधिग्रहण के मद्देनजर कानूनों का पालन न करने के आरोपों पर वनतारा के खिलाफ तथ्यान्वेषी जांच करने के लिए 25 अगस्त को विशेष जांच दल का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों और गैर सरकारी संगठनों व वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को याचिकाकर्ता सी आर जया सुकिन द्वारा दायर याचिका को 'पूरी तरह से अस्पष्ट' बताया, जिसमें वनतारा में कथित तौर पर कैद किये गए हाथियों को उनके मालिकों को वापस करने के लिए एक निगरानी समिति गठित करने का अनुरोध किया गया था।

### फेसबुक पर दोस्त बनी महिला की हत्या के आरोप में अध्यापक हिरासत में

**जयपुर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक सरकारी अध्यापक को एक महिला की हत्या के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि महिला झुंझुनू से लगभग 600 किलोमीटर का सफर तय कर आरोपी अध्यापक से मिलने आई थी। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि आरोपी सदर थाना क्षेत्र के चवा गांव का मानाराम (38) है। उसने कथित तौर पर अपने घर पर मुकेश कुमारी (37) की सरिये से वार करके हत्या कर दी और फिर इसे दुर्घटना का रूप देने के लिए लाश को उसकी ही कार की ड्राइवर सीट पर रख दिया। मीणा ने कहा, ''महिला का शव रीको थाना क्षेत्र के शिव नगर में खड़ी कार में मिला। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी ने अपने घर पर उसकी हत्या की और बाद में शव को गाड़ी में रख दिया।'मीणा ने बताया कि शिक्षक और महिला अक्टूबर 2024 में फेसबुक के जरिए एक दूसरे के संपर्क में आए थे और तब से उनकी दोस्ती हो गई थी। महिला अक्सर उससे मिलने आती रहती थी और 10 सितंबर को बाड़मेर आकर उसके घर पर ठहरी थी।

# दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिजनों को 62.19 लाख मुआवजे का आदेश

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2019 में एक टैंकर के कारण सड़क दुर्घटना में मारे गए कार सवार 39 वर्षीय व्यक्ति के परिवार को 62.19 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

एमएसीटी सदस्य आर वी मोहिते ने टैंकर मालिक और बीमाकर्ता कंपनी 'द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी' को याचिका की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज के साथ संयुक्त रूप से और अलग-अलग मुआवजा देने का निर्देश दिया। यह आदेश 11 सितंबर को पारित हुआ था जिसकी प्रति रविवार को उपलब्ध कराई गई।

मृतक व्यक्ति के परिवार ने शुरू में एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने का अनुरोध किया था। पीड़ित मोहन शिरोशे 10 सितंबर, 2019 को कल्याण-नगर राजमार्ग पर कार से जा रहे थे तभी दूध ले जा रहा एक टैंकर तेज गति के साथ के गलत दिशा में मुड़ा और उनके वाहन से टकरा गया। टक्कर के कारण कार घूम गई और एक अन्य वाहन से टकरा गई।टैंकर चालक घटनास्थल से भाग गया, जबकि शिरोशे को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। याचिकाकर्ताओं, जिनका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता पी.एम. टिल्लू ने किया, ने तर्क दिया कि दुर्घटना टैंकर चालक की लापरवाही के कारण हुई। बीमाकर्ता, जिसका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता के.वी. पुजारी ने किया, ने दावे का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि टैंकर चालक के पास वैध लाइसेंस और परमिट नहीं था, और मृतक की भी लापरवाही थी। हालांकि, न्यायाधिकरण ने पाया कि टैंकर ही टक्कर का मुख्य कारण था, लेकिन मृतक की ओर से भी कुछ हद तक लापरवाही बरती गई थी। न्यायाधिकरण ने कहा, ''मुआवजे के आकलन के लिए टैंकर चालक की लापरवाही 80 प्रतिशत तक आंकी गई है और मृतक की लापरवाही 20 प्रतिशत आंकी गई है। न्यायाधिकरण ने बीमा कंपनी के पॉलिसी शर्तों के उल्लंघन के दावे को भी खारिज कर दिया, तथा कहा कि वह इस बात का कोई सबूत नहीं दे पाई कि टैंकर चालक के पास वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था।

**वक्फ संशोधन** | वक्फ अधिनियम पर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश, जयराम रमेश बोले -

# सरकार की मंशा पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

- आदेश उन सांसदों की भी जीत है जिन्होंने जेपीसी में इस अधिनियम का विरोध किया था

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगाने वाले सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का स्वागत किया और कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला न्याय, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों की जीत है। X पर एक पोस्ट में, कांग्रेस महासचिव (संचार) ने कहा कि अंतरिम आदेश न केवल विरोध करने वाले दलों के लिए, बल्कि संयुक्त संसदीय समिति के उन सभी सदस्यों के लिए भी एक बड़ी जीत है, जिन्होंने इस "मनमाने" कानून के खिलाफ अपनी असहमति व्यक्त की थी। जयराम रमेश ने कहा कि यह आदेश महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मूल कानून में निहित शरारती इरादों को खत्म करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करता है। उन्होंने आगे बताया कि विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने तर्क दिया था कि इस कानून के परिणामस्वरूप एक ऐसा ढाँचा तैयार होगा जहाँ कोई भी और हर कोई कलेक्टर के समक्ष संपत्ति की स्थिति को चुनौती दे सकेगा और ऐसे मुकदमे के दौरान संपत्ति की स्थिति अनिश्चित रहेगी।रमेश ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इन धाराओं के पीछे की मंशा हमेशा स्पष्ट थी - मतदाताओं को भड़काए रखना और धार्मिक विवाद भड़काने वालों को शामिल करने के लिए एक प्रशासनिक ढाँचा तैयार करना। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूरे वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय आने तक कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि संशोधित अधिनियम की कुछ धाराओं को संरक्षण की आवश्यकता है। अंतरिम आदेश पारित करते हुए, पीठ ने अधिनियम के उस प्रावधान पर रोक लगा दी जिसके तहत वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को पाँच वर्षों तक इस्लाम का अनुयायी होना आवश्यक था।

### 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है। उच्चतम न्यायालय ने अधिनियम के कई अहम प्रावधानों पर रोक लगा दी है, जिनमें वह धारा भी शामिल है, जिसमें केवल वैसे लोगों को किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित करने की अनुमति दी गई थी, जो पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन कर रहे हैं। हालांकि, अदालत ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा, "मेरा मानना है कि उच्चतम न्यायालय का यह निर्णय हमारे लोकतंत्र के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है।" उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधान पूरे मुस्लिम समुदाय के लिए लाभकारी हैं। मंत्री ने कहा, "वक्फ बोर्ड के माध्यम से संपत्ति पर क जा करने सहित होने वाले दुरुपयोग पर अब इस नए कानून के जरिए रोक लगेगी। उच्चतम न्यायालय पूरे मामले से भलीभांति अवगत था।




# सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। 5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले।

इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185.3 ओवर डाले। ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### हेनरी और सिल्स का प्रदर्शन

- न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए।
- वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफॉर्म किया।

### क्या है आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड?

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड एक पुरस्कार है, जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) हर महीने प्रदान करता है। यह अवॉर्ड मेंस और विमेंस कैटेगरी में दिया जाता है। यह पुरस्कार हर महीने के प्रदर्शन के आधार पर दिया जाता है। महीने भर के प्रदर्शन के आधार पर हर कैटेगरी के 3 प्लेयर्स को नॉमिनेट किया जाता है। इनका चुनाव स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी करती है। इसमें पूर्व क्रिकेटर, जाने माने खेल पत्रकार शामिल होते हैं। नॉमिनेशन के बाद दुनिया भर के फैंस वोट देते हैं।

**ऑपरेशन 'व्हाइट बॉल'**

# हार और टीम इंडिया के फैसले से सदमे में पाकिस्तान, पीसीबी ने दर्ज कराई शिकायत

**दुबई (आईएएनएस)**



भारत ने एशिया कप 2025 में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। मुकाबले के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, जिससे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) तिलमिला गया है। पीसीबी ने इसे 'खेल भावना के विरुद्ध' बताते हुए एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा, "टीम मैनेजर नवीद चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने के व्यवहार पर विरोध दर्ज कराया है। इसे खेल भावना के विरुद्ध माना गया है। इसके विरोध में हमने अपने कप्तान को पोस्ट मैच सेरेमनी में नहीं भेजा। पाकिस्तान के खिलाफ टॉस के दौरान भी कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया। हालांकि, पीसीबी ने कहा कि मैच रेफरी ने टॉस से पहले सलमान को इसकी जानकारी दे दी थी। पीसीबी ने कहा, "मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने टॉस के समय सलमान आगा को भारतीय कप्तान से हाथ न मिलाने के लिए कहा था। पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट ने इस व्यवहार को खेल भावना के विरुद्ध बताते हुए विरोध दर्ज कराया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्याओं में शामिल आतंकवादियों को मारने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया गया, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद 'ऑपरेशन व्हाइट बॉल' में भी भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। कप्तान सूर्या ने इस जीत को सशस्त्र बलों को समर्पित किया है। जीत के बाद सूर्या ने कहा, "हमने टीम के साथ मिलकर फैसला लिया। हम सिर्फ खेलने आए थे। हमने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ चीजें खेल भावना से परे होती हैं। हम यह जीत अपने सशस्त्र बलों को समर्पित करते हैं।

# सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन: फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज




**एजेंसी । नई दिल्ली**

सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है। इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुकाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका।

# केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से 54वें नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन का आयोजन




**गांधीनगर (आईएएनएस)**

केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से आयोजित 54वीं नेशनल स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशन के अंतर्गत सोमवार को शतरंज (बालिका) की राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा का शुभारंभ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 1 में हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रीय विद्यालयों की 216 बालिकाएं अंडर-17 तथा अंडर-19 श्रेणियों में हिस्सा ले रही हैं। केवीएस अहमदबाद की असिस्टेंट कमिश्नर मीना जोशी ने कहा, "हम 54वीं केवीएस राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की मेजबानी कर रहे हैं। इसमें 25 रीजन से करीब 216 बालिकाएं हिस्सा ले रही हैं। इस इवेंट का उद्देश्य है कि हमारे बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी शानदार प्रदर्शन करें।

हम सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। शतरंज जैसे खेल से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय टीमों के आगमन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। 'दीपशिखा प्रज्वलन' और 'हरित स्वागत' के साथ वातावरण को संस्कारमय और पर्यावरण अनुकूल बनाया गया। विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। केवीएस अहमदाबाद की असिस्टेंट कमिश्नर मीना जोशी ने खेलों के जरिए अनुशासन, एकता और मानसिक विकास की जरूरत पर बल दिया।

# यूएई के खिलाड़ी ने रच दिया इतिहास, अंग्रेज बल्लेबाज को पीछे छोड़ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**




एशिया कप 2025 का सातवां मैच यूएई और ओमान के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस मैच में वसीम 69 रन बनाकर आउट हुए। एशिया कप 2025 का सातवां मैच यूएई और ओमान के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में यूएई के बल्लेबाज मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वह टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज जोस बटलर का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस मैच में वसीम 69 रन बनाकर आउट हुए।

**मुहम्मद वसीम ने टी-20 इंटरनेशनल में बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड** : टी-20 इंटरनेशनल में गेंदों के हिसाब से सबसे तेज 3000 रन बनाने का रिकॉर्ड अब मुहम्मद वसीम का नाम है। उन्होंने 1947 गेंदों में 3000 रन पूरे किए। जोस बटलर ने 2068 गेंदों में 3000 रन पूरे किए थे। वह अब इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज आरोन फिंच का नाम है।

# सुनील गावस्कर ने हार के बाद पाकिस्तान के जमकर लिए मजे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने एक बार फिर अपनी बादशाहत दिखाते हुए रविवार को एशिया कप-2025 के मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। टीम इंडिया की इस जीत पर जश्न जैसा माहौल है क्योंकि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ये दोनों टीमें पहली बार भिड़ रही थीं और यहां पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। भारत की जीत के बाद पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान के मजे ले लिए हैं। पाकिस्तानी टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ही इस मैच में बुरी तरह से फेल रहे। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 127 रन बनाए। भारत ने ये टारगेट 15.5 ओवरों में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।



# सौरव गांगुली फिर कैब के अध्यक्ष बन सकते हैं बड़े भाई की जगह लेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली एक फिर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने कैब के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उनके खिलाफ किसी और प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा है। ऐसे में उम्मीद है कि वह 22 सितंबर को होने वाले कैब चुनाव में वे अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे।

हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा- गांगुली गांगुली ने रविवार को एक बयान में कहा, मैं सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। कैब में कोई विपक्ष नहीं है। हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा है। हम सब मिलकर कैब और बंगाल क्रिकेट को आगे ले जाएंगे। आगे आने वाले सीजन में ईडन गार्डन्स को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, मेंस टी-20 वर्ल्ड कप और बंगाल प्रो टी-20 लीग की मेजबानी करनी है। मैं इसके सफल मेजबानी की पूरी कोशिश करूंगा।

2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# विकास का 'मॉडल शहर' बन रहा वाराणसी प्राचीन होने के साथ प्रगतिशील भी : हरदीप

**2014 से अब तक वाराणसी में 35,155 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।**




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि 2014 से अब तक वाराणसी में 35,155 करोड़ की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और इसके अलावा, 16,338 करोड़ की 125 अतिरिक्त परियोजनाओं पर काम चल रहा है। केंद्रीय मंत्री पुरी वाराणसी में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री पुरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए इस बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि दिशा कमेटी की यह मीटिंग काफी समय बाद हुई है। इस मीटिंग में एक उत्पादक चर्चा हुई। मीटिंग में सरकारी स्कीम्स का रिव्यू किया गया और इन योजनाओं को लागू करने को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा, "मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि इस मीटिंग मे सभी सहयोगियों, सांसद और राज्य सरकार के मंत्रियों की भागीदारी रही और सभी की ओर से बेहतरीन सुझाव दिए गए। अगली मीटिंग 3-4 महीनों में की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिशा प्लेटफॉर्म के माध्यम से हजारों वर्ष पुराने इतिहास वाले वाराणसी शहर को एक स्मार्ट सिटी में बदलने पर काम किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आशाओं, सपनों और संभावनाओं की इस धरा पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास, सांस्कृतिक विरासत आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 2200 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर नव्य-दिव्य काशी की भव्यता में एक और कड़ी जोड़ी। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि वाराणसी विकास का 'मॉडल शहर' बन रहा है। वाराणसी में विकास की धारा बह रही है। देश के प्रधानमंत्री और काशी के सांसद के मंत्र पर इस पौराणिक शहर को सजाने और संवारने का काम किया जा रहा है।

अब यह शहर प्राचीन भी है और प्रगतिशील भी। दिशा बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि दिशा की यह बैठक बेहद सार्थक रही। जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा और फैसले लिए गए। अब दिशा की अगली बैठक का उत्साहपूर्वक इंतजार रहेगा, ताकि बेहतर समन्वय से विकास की इस गति को और तेज किया जा सके।

# सेंसेक्स लाल निशान में बंद हुआ, मिडकैप और स्मॉलकैप में रही खरीदारी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में सोमवार के सत्र में मिलाजुला कारोबार हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 118.96 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,785.74 और निफ्टी 44.80 अंक या 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,069.20 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 258.90 अंक या 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,486.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 137.10 अंक या 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,127 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, कंजप्शन और सर्विसेज लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, इटरनल (जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, ट्रेंट और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, टाइटन, सन फार्मा, टीसीएस, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा कि भारतीय इक्विटी बाजारों की सपाट शुरुआत हुई थी, लेकिन अंतिम कारोबारी घंटों में बिकवाली का दबाव देखा गया।

# देश में 10,000 एफपीओ में बढ़ी किसानों की हिस्सेदारी, उत्पादन लागत कम करने में मिली मदद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



देश में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) में किसानों की हिस्सेदारी बढ़ रही है और इससे किसानों को उत्पादन की लागत में कमी और अपनी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिल रही है। सरकार की ओर से फरवरी 2020 के बजट में देश में 10,000 एफपीओ बनाने का ऐलान किया गया था। इसके लिए 6,865 करोड़ रुपए का बजट अगले पांच वर्षों के लिए निर्धारित किया गया था।


रिपोर्ट्स के मुताबिक, देश के 10,000 एफपीओ में करीब 5 मिलियन से अधिक किसान शेयरहोल्डर बन चुके हैं। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, एफपीओ के कुल शेयरहेल्डर्स में से तेलंगाना (0.67 मिलियन), उत्तर प्रदेश (0.59 मिलियन), आंध्र प्रदेश (0.57 मिलियन), मध्य प्रदेश (0.32 मिलियन) और महाराष्ट्र (0.3 मिलियन) का हिस्सा 50 प्रतिशत है। एफपीओ किसान उत्पादकों द्वारा बनाया गया एक सामूहिक संगठन है जो विभिन्न प्रकार से छोटे और सीमांत की मदद करता है। एफपीओ किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा, बेहतर सौदा करने की क्षमता और उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 25 में 340 एफपीओ की बिक्री 10 करोड़ रुपए को पार कर गई है। वहीं, 1,100 से अधिक किसानों की बिक्री एक करोड़ रुपए से अधिक रही थी।

# आरबीआई 2025 की चौथी तिमाही में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कर सकता है कटौती : रिपोर्ट

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। निर्यात ऑर्डर में गिरावट और सरकारी खर्च में कमी के कारण विकास दर में गिरावट की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया जा सकता है। एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अनाज का मजबूत उत्पादन, पर्याप्त भंडार, तेल की कम कीमतें और चीन से सस्ता निर्यात जैसे कारक मुद्रास्फीति को लंबे समय तक कम बनाए रख सकते हैं। ब्रोकिंग फर्म ने कहा कि चालू तिमाही के लिए औसत मुद्रास्फीति 1.8 प्रतिशत है।

# भारत की डिजिटल क्रांति ने हर भारतीय की जिंदगी को तेज, सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक बना दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बीते एक दशक में भारत में हुई डिजिटल क्रांति के सफर के बारे में बताया, जिसमें जेएएम (जन धान-आधार-मोबाइल) ट्रिनिटी, यूपीआई, गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) और ई-एमएएम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) और अन्य के बारे में चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आर्टिकल शेयर करते हुए कहा, "डिजिटल इंडिया का दशक केवल टेक्नोलॉजी के बारे में नहीं, बल्कि बदलाव के बारे में भी है और यहां से कहानी की केवल शुरुआत हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो किसी असाधारण घटना से कम नहीं है। लक्षित तकनीकी हस्तक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई यह क्रांति अब एक व्यापक परिवर्तन में बदल गई है, जिसने भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वाणिज्य, और यहां तक कि देश के सुदूर कोनों में रहने वाले किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित किया है । केंद्रीय मंत्री ने आर्टिकल में लिखा, "यह यात्रा आकस्मिक नहीं रही है।

**यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट**

# ग्राहकों को खरीदारी के लिए जीएसटी सुधार लागू होने का रहा इंतजार : सियाम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग में विपरीत रुझान देखने को मिले हैं। ग्राहक 22 सितंबर से लागू होने वाले जीएसटी सुधार के लाभों का इंतजार कर रहे हैं, जिसके चलते यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। यात्री वाहनों की थोक बिक्री इस वर्ष अगस्त में सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 3,21,840 यूनिट रह गई, जबकि अगस्त 2024 में यह 3,52,921 यूनिट दर्ज की गई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती और उसके बाद वाहनों की कीमतों में कमी की उम्मीद में ग्राहकों द्वारा खरीदारी को टाले जाने से बिक्री में गिरावट आई।

# मोहम्मदगंज में स्थापित है पलामू का सबसे बड़ा विश्वकर्मा मंदिर

17 को पूजा-पाठ के लिए प्रखंड भर से जुटेंगे समाज के श्रद्धालू

1 परिसर में स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर को जिले का सबसे बड़ा विश्वकर्मा मंदिर माना जा रहा है

2 यह परिसर अब महादेव-विश्वकर्मा मंदिर परिसर के रूप में विशेष पहचान बना चुका है

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्राचीन गीता भवन परिसर में स्थापित शिल्पकारों के भगवान विश्वकर्मा का जिले के सबसे बड़े मंदिर के रूप में बन गई है। जिसके दो साल पहले विधिवत प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान में विधायक आलोक चौरसिया सहित अन्य कई गणमान्य सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया था। इसी परिसर में ही भगवान महादेव मंदिर का भी साथ ही में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न हुआ था। इस प्रकार प्रकृति के रमणीय वातावरण के बीच स्थित इस धार्मिक स्थल को महादेव-विश्वकर्मा मंदिर परिसर के रूप में विशेष और अलग पहचान बन गई है। इससे यह पवित्र-पावन स्थल अन्य धार्मिक स्थलों व मंदिरों के साथ ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचुल्हा शिव मंदिर की श्रृंखला में शुमार हो गया है। इस मंदिर में सलाना विश्वकर्मा पूजा और अन्य दिनों में इसकी देखभाल के लिए, कमिटी का गठन हुआ है। जिसके लल्लू विश्वकर्मा अध्यक्ष, अरविंद शर्मा महासचिव और कंचन विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रखंड भर से समाज के लोग परंपरानुसार जुटकर इस मंदिर में भगवान विश्वकर्मा के पूजा-पाठ अनुष्ठान में आस्था का प्रकटीकरण करेंगे। तत्पश्चात स्थानीय मंडली के कलाकार भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण सृजन करेंगे। उन्होंने बताया कि वैसे,तो कई वर्षों पहले से इस परिसर में इस मौके पर भगवान विश्वकर्मा का पूजा-पाठ इस समाज के लोग करते आ रहे थे। मगर साथ में महादेव मंदिर निर्माण के बाद से विश्वकर्मा समाज के साथ ही आसपास के सनातनियों की आस्था का यह भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। उन्होंने जिले में सबसे बड़े विश्वकर्मा मंदिर के रूप में इसकी पहचान कायम होने का दावा किया है।



## भजनियां में दुर्गापूजा पर अंतरराष्ट्रीय वाचिका बहाएंगी श्रीराम कथा की रसधारा

नवीन मेल संवाददाता। मोहम्मदगंज



प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों में दुर्गापूजा की तैयारी जोरों पर आ गया है। प्रतिमा और पंडाल निर्माण को अंतिम रूप दिया जाने लगा है। साथ ही धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी प्रक्रियागत प्रयास किए जा चुके हैं।इसी क्रम में भजनियां गांव में भी दुर्गापूजा समिति प्रतिमा निर्माण कराने में जुटी है।

जबकि 24 सितंबर से एक अक्टूबर तक धार्मिक प्रवचन के लिए वाचिका के अनुबंध का काम पूरा कर लिया गया,बताया जाता है। बताया गया कि इस वर्ष इस मौके पर जबलपुर की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वाचिका पूज्या दीदी शिरोमणि दुबे मधुर कंठ से श्रीराम कथा की रसधारा बहाएंगी।इस धार्मिक प्रवचन का प्रस्तुतिकरण संध्या 7 से रात्रि 10 बजे तक नियमित रूप से किया जाएगा। दुर्गापूजा अनुष्ठान को सफल संचालन के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें केवल नए सचिव के रूप में सर्वसम्मति से रंजन कुमार सिंह को चुना गया। जबकि अध्यक्ष सहित अन्य सभी पदधारी यथावत बने रहेंगें। पूर्व से चली आ रही समिति के सदस्य सहित सभी ग्रामीण तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करते हुए इस महान पर्व के प्रति आस्था व विश्वास का प्रकटीकरण कर रहे हैं। इससे सामाजिक सौहार्द्र और धार्मिक एकजुटता का वातावरण बन गया है।

### पिंडारकोम ग्राम में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट

## गेरेंजा की टीम ने पिंडारकोम की टीम को पांच-चार गोल से हराया

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत पिंडरकोम ग्राम में आयोजित पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ ।इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था जिसमें फाइनल गेंरेंजा एवं पिंडारकोम के बीच खेली गई। दोनों टीमों ने बहुत अच्छी खेल का प्रदर्शन किया जो पीनाल्टी शूटआउट में गेरेंजा की टीम पिंडारकोम की टीम को हरा कर 5/4 से विजय रही।

मौके पर उपस्थित अतिथि राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रखंड प्रतिनिधि लक्ष्मण कुशवाहा ,पंचायत की मुखिया विमला देवी, सीसीएल मैनेजर आर के बेहरा समाजसेवी सुरेश उरांव के हाथों विजेता की टीम गैरेजा को 21,000 का चेक, बड़ा शील्ड ,मेडल दिया गया ।वहीं उप विजेता पिंडारकोम की टीम को द्वितीय पुरस्कार,तृतीय पुरस्कार फुलबसिया एवं चतुर्थ पुरस्कार चमरेगा की टीम को दिया गया। मैन ऑफ़ द सीरीज उपेंद्र यादव को दी गई। वहीं मंचासीन अतिथियों द्वारा रेफरी संजय उरांव एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव कोषाध्यक्ष दिलीप यादव सचिव देवानंद पाहन निरंजन यादव,संजय यादव, उपेन्द्र यादव,बबलू यादव आदि समिति को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों ने आयोजन समिति का सराहना करते हुए कहा कि गांव में इस तरह का प्रतियोगिता का आयोजन होना गांव का एकजूटता, शांति के साथ-साथ आपसी भाईचारा को दर्शाता है एवं गांव में छुपे हुए प्रतिभा निखार आता है। मौके पर हजारों दर्शक मौजूद रहे।

## खाद की किल्लत किसानों को होने लगा राजनीतिक मोहभंग

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत हैदरनगर, मोहम्मदगंज व हुसैनाबाद प्रखंड सहित इससे जुड़े सैकड़ों ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को यूरिया खाद की किल्लत गत दो माह से झेलनी पड़ी है। इस दौरान आंशिक रुप में खुदरा दुकानदारों और पैक्स के माध्यम खाद का आवंटन भी किया गया, जो अपर्याप्त साबित हुआ। सरकार और प्रशासनिक कुव्यवस्था से क्षुब्ध किसानों की उम्मीद राजनीतिक शक्ति पर लगी रही। किंतु संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी ने तो किसानों के समूह में राजनीतिक मोहभंग करने स्थिति उत्पन्न कर दी है। किसान सह सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, अरविंद सिंह, विनय कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह, ज्ञानी कुमार, कनिष कुमार, भोला प्रजापति, भीम प्रजापति आदि ने कहा कि जनता की सेवा देने और असुविधा दूर करने के नाम पर सत्तासीन जनप्रतिनिधि उनके क्षेत्र में यूरिया खाद की किल्लत दूर करने में विफल रहे हैं।

## अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में सहभागी हुए एसवीएम लातेहार के विद्यार्थी

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार सोमवार को संस्कृति बोध परियोजना अंतर्गत अखिल भारतीय छात्र निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ से दशम तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस वर्ष के लिए वर्गानुसार निबंध विषय इस प्रकार निर्धारित किए गए थे। शिशु वर्ग (कक्षा 4-5) के लिए महाकुंभ का आंखों देखा या कानों सुना रोमांचक वर्णन, बाल वर्ग (कक्षा 6-7-8) केलिए महाकुंभ का पौराणिक व सांस्कृतिक महत्व वहीं किशोर वर्ग (कक्षा 9-10) के लिए महाकुंभ के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन विषय निर्धारण था जिस पर छात्र-छात्राओं में निबंध लिखे। चयनित निबंध प्रांत स्तर पर चयन के लिए विद्या विकास समिति झारखंड प्रेषित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रमुख दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने अपनी मौलिकता, अभिव्यक्ति एवं लेखन कौशल का परिचय देते हुए निबंध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कला, चिंतनशीलता एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी आचार्य दीदी जी का योगदान रहा।

## नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब जर्जर,मरम्मत की मांग

- बीडीओ ने मुखिया को दिए दिशा-निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रसिद्ध नगर भगवती मंदिर के समीप स्थित नगर ग्राम का एकमात्र छठ तालाब की स्थिति जर्जर हो गई है। छठ पर्व नजदीक होने के कारण ग्रामीणों ने इसकी शीघ्र मरम्मत की मांग की है। सोमवार को विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज छठ घाट पहुंचे जहां ग्रामीणों ने उन्हें तालाब की खराब हालत से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब पूरे गाँव का एकमात्र छठ घाट है और पर्व से पूर्व इसकी मरम्मत अति आवश्यक है। रवि राज ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी बातों को संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा और घाट की मरम्मत करवाई जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने चंदवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद से मुलाकात की और मामले की जानकारी दी। बीडीओ ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चकला पंचायत की मुखिया को दूरभाष पर घाट को दुरुस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुखिया रंजीता एक्का ने छठ तालाब को दुरुस्त करवाने पर पहल करने की बात कही। मौके पर कृष्णा कुमार,टिंकू वर्मा, राहुल नायक समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## तीन दिन बाद मिला पतरातू से गायब हुआ 14 वर्षीय बालक

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदीया पंचायत अंतर्गत टूढामु गांव से 14 वर्षीय एक बालक को पुलिस ने एक घर से बरामद किया है। यह बच्चा तीन दिन से अपने घर से लापता था। बच्चे की मां पिंकी देवी पति धनेश्वर ठाकुर अपने बच्चे को खोजते हुए चंदवा पहुंचे जहां टोरी स्टेशन के पास अपने कुछ जान पहचान के लोगों से विचार विमर्श कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चंदवा पीएलवी राजेश प्रसाद से संपर्क किया। इसके बाद सभी लोग चंदवा थाना पहुंचकर मामले की सूचना चंदवा थाना को दी। बच्चे की मां पिंकी देवी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेरा बच्चा तीन दिन से घर से लापता है। हमारा घर तुर्कीसुत तेरपा थाना पतरातू जिला रामगढ़ है। कुछ दिनों पूर्व चंदवा के ही एक व्यक्ति जिसका तुर्कीसुत गांव में ससुराल है। वह वहां गया हुआ था उसी दरमियान बच्चे को वह ठग फुसलाकर ईंट भट्ठा में काम दिलाने के नाम पर चंदवा ले आया। इसकी भनक चंदवा आने के बाद परिजनों को लगी। परिजनों के द्वारा जानकारी मिलने पर पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के निर्देश पर शशि रंजन सिंह गस्ती दल के साथ बच्चे की तलाश को लेकर टूढामु गांव पहुंचे जहां पर बच्चा एक घर में पाया गया । बच्चे से पूछताछ के उपरांत बच्चा को सकुशल चंदवा थाना लाया गया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे की मां को बच्चा सुपुर्द किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राजेश प्रसाद के अलावे कपिल कुमार, रिंकू कुमार,रवि ठाकुर,कृष साव,जनक साव का योगदान सराहनीय रहा ।

## जमीरा आजीविका महिला संकुल स्तरीय सहकारी प्राथमिक समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा संकुल प्रांगण में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के बैनर तले आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीडीओ चंदन प्रसाद,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुजीबूल आरफिन, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार,पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गाया। इसके पूर्व समिति के द्वारा गुलदस्ता व अंग वस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर संकुल के सभी कैडर को डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। वहीं पांच ग्राम संगठन को बेहतर कार्य हेतू सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सभा में संकुल संगठन का वार्षिक लेखा-जोखा सीएलएफ मैनेजर आकाश कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमे संकुल की शुद्ध आय 736935 रुपये हुआ। कार्यक्रम में संकुल की सचिव पूनम देवी,सरोज कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

# बालूमाथ में पारंपरिक जितिया जतरा मेला धूमधाम से संपन्न

- बालूमाथ के चमातू टोला में पारंपरिक जितिया जतरा मेला का आयोजन
- मुख्य अतिथि उप प्रमुख कामेश्वर राम सहित कई गणमान्य लोगों ने किया उद्घाटन
- नागपुरी कलाकारों की गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत चमातू टोला में पारंपरिक जितिया जतरा मेला में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बालूमाथ प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम विशिष्ट अतिथि गणेशपुर पंचायत के मुखिया परमेश्वर उरांव पदुम यादव शंभू साव सतनारायण प्रसाद त्रिवेणी प्रसाद विनोद गंझू खेमलाल गंझू शीतल अमरवाडीह पिकेट पुलिस मुख्तार अंसारी आदि ने सामूहिक रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।कार्यक्रम उद्घाटन से पूर्व मंचासीन अतिथियों को समिति की ओर से फूल माला गुलदस्ता एवं शौल ओढ़कर भव्य सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में झारखंड के कोने-कोने से आए नागपुरी कलाकार एक से बढ़कर एक गीत संगीत नृत्य प्रस्तुत किए गए जिनकी प्रस्तुति देखकर दर्शकों का मन मोह लिया मेले में हजारों हजार महिला पुरुष दर्शन आए थे जो भरपूर मेला एवं और कृष्ण का आनंद लिए।बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से जितिया जतरा मेला मनाया गया । जतरा मेला के अध्यक्ष लालू गंझू सचिव प्रीतम साव कोषाध्यक्ष हरिनंदन प्रसाद संरक्षक उप प्रमुख कामेश्वर राम अनिल प्रसाद मंच संचालक दुर्गा उरांव मीडिया प्रभारी पवन कुमार उपाध्याय झमन गंझू उपसचिव देवानंद गंझू संयोजक बहादुर गंझू के साथ-साथ कई सदस्यों ने इस कार्यक्रम को लेकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया मेले में कोई और सामाजिक तत्व शांति व्यवस्था को भांग ना करें जिसको लेकर स्थानीय अमरवाडीह पिकेट पुलिस तैनात रहे।

## पेज एक के शेष

### मुख्यमंत्री ने झारखंड...

सचिव अमिताभ कौशल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव मनोज कुमार, सचिव चंद्रशेखर, सचिव अरवा राजकमल, सचिव मनोज कुमार, पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी, निदेशक खान राहुल सिन्हा, पीसीसीएफ अशोक कुमार, वन संरक्षक पीआर नायडू, डीएफओ दिलीप कुमार, विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी और संयुक्त सचिव रवि शंकर विद्यार्थी मौजूद थे।

### हाइड्रोजन इंजन व...

मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, ग्लोबल हेड-गवर्नमेंट पब्लिक अफेयर्स टाटा मोटर्स लि. सुशांत चंद्रकांत नाईक, वाइस प्रेसिडेंट, ऑपरेशन, विशाल बादशाह, प्लांट हेड टाटा कमिंस अनितेश मोंगा, गवर्नमेंट अफेयर्स टीम के कनिष्क कुमार, सिद्धार्थ बक्शी, जोकिम सलताना, फाइनेंस टीम के पंकज पटवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एक करोड़ का...

पुलिस मुख्यालय के द्वारा तीनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि कर दी गई है। बरकट्ठा के गोरहर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में केंद्रीय कमेटी के मेंबर और एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश, झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का सदस्य 25 लाख का इनामी रघुनाथ हेंब्रम तथा कमेटी का मेंबर 10 लाख का इनामी वीर सेन गंझू मारा गया। जिसके पश्चात पुलिस ने सर्च अभियान में तीनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। साथ ही मौके से तीन एके-47 हथियार भी बरामद किया है। एक करोड़ का इनामी नक्सली सुखदेव सोरेन ग्राम भंडेरी प्रखंड विष्णुगढ़ हजारीबाग तथा 25 लाख का इनामी नक्सली रघुनाथ हेंब्रम प्रखंड पीरटांड जिला गिरिडीह का रहने वाला था। मुठभेड़ में कोबरा 209 बटालियन के जवान अजय भौमिक, सुब्रतो विश्वास व दो अन्य लोग घायल हो गए। नक्सलियों को मार गिराए जाने के बाद घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीआईजी श्रुति अग्रवाल, एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, सीओ बरही,गोरहर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार समेत बगोदर, टाटी झरिया थाना के पदाधिकारी शामिल थे।

**विष्णुगढ़ के मंदेरी का रहने वाला था मारा गया सहदेव सोरेन :** मुठभेड़ में मारा गया एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के मंदेरी गांव का रहने वाला था। उसका पूरा नाम अनुज उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश उर्फ अमलेश है। माओवादी संगठन में वह केंद्रीय कमेटी का सदस्य था। झारखंड सरकार ने उसपर एक करोड़ का इनाम घोषित कर रखा था।

**अब झारखंड में बचे हैं तीन एक करोड़ के इनामी माओवादी :** सहदेव सोरेन के मारे जाने के बाद अब झारखंड में एक करोड़ के इनामी माओवादियों की संख्या तीन है। इनमें मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल उर्फ सागर, असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर तथा अनल उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश शामिल हैं।

### लुगु पहाड़, झुमरा...

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि साल 2025 में लगातार चलाए गए अभियानों के कारण बोकारो जिले के लुगु और झुमरा क्षेत्र, और गिरिडीह जिले के पारसनाथ क्षेत्र को भाकपा माओवादी के प्रभाव से पूरी तरह से मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने सभी नक्सलियों से झारखंड राज्य की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

**गोरहर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ :** डीजीपी ने बताया कि यह मुठभेड़ गोरहर थाना क्षेत्र के पनतीतरी के जंगली इलाके में हुई, जो बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा से सटा हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के ये नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इस क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस सूचना के बाद कोबरा बटालियन, गिरिडीह और हजारीबाग पुलिस की एक संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाया। जैसे ही टीम पनतीतरी जंगल में पहुंची, नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेड से हमला कर दिया। सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में तीनों इनामी नक्सली मारे गए। मौके से तीन एके-47 राइफल और कारतूस समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ में कोबरा 209 बटालियन के दो जवान भी ग्रेनेड के स्प्लिन्टर लगने से घायल हुए हैं, जिनका इलाज रांची के मेदांता अस्पताल में चल रहा है और वे खतरे से बाहर हैं।

### दैनिक यूपीआई भुगतान...

जबकि दैनिक सीमा 10 लाख रुपए है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस लेनदेन की सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। यात्रा बुकिंग, ऋण चुकौती और ईएमआई संग्रह के लिए प्रति लेनदेन सीमा भी 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए भी एक ही लेनदेन में 5 लाख रुपए तक की अनुमति है, हालांकि 24 घंटे की सीमा 6 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इसके अलावा, आभूषणों की खरीदारी में भी मामूली वृद्धि हुई है, इसके लिए यूपीआई सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति लेनदेन और 6 लाख रुपए प्रति दिन कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल ऑनबोर्डिंग के माध्यम से सावधि जमा जैसी बैंकिंग सेवाओं की सीमा अब प्रति लेनदेन और प्रति दिन 5 लाख रुपए तक सीमित है, जबकि पहले यह 2 लाख रुपए थी।

### नियुक्ति में विज्ञापन...

इस मामले में 21 अगस्त को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और फैसला सुरक्षित रखा गया था। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार गिजरोया मामले में दिया गया आदेश सभी मामलों पर स्वतः लागू नहीं होगा। राज्य सरकार, झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को जाति प्रमाणपत्र का फॉर्मेट और मान्यता की शर्तें तय करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के राम कुमार गिजरोया केस का हवाला देते हुए दलील दी गई कि जाति प्रमाणपत्र जन्म के आधार पर होता है, न कि समय के आधार पर। इसलिए विज्ञापन की तिथि के बाद जारी प्रमाणपत्र भी मान्य होना चाहिए। वहीं, आयोग की तरफ से यह दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट का एक अन्य आदेश स्पष्ट करता है कि नियुक्ति विज्ञापन की तिथि तक का ही जाति प्रमाणपत्र मान्य होगा। यदि उस तिथि तक प्रमाणपत्र नहीं है, तो अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। अदालत ने आयोग के तर्क को स्वीकार किया और कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है।

### कलेक्टर को प्रॉपर्टी...

लेकिन कुछ धाराओं पर अंतरिम संरक्षण जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा, “हमने प्रत्येक धारा को दी गई प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया है। हमने पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है।” फैसला देते हुए सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नए कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा रहे हैं। कोर्ट ने आदेश में कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कलेक्टर को ऐसी शक्तियों से संबंधित प्रावधान पर रोक रहेगी। इसके अलावा, कोर्ट ने फैसला दिया कि वक्फ करने के लिए 5 साल की इस्लाम की प्रैक्टिस करने की अनिवार्यता पर रोक लगाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के प्रावधान पर भी विचार किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाने चाहिए। फिलहाल वक्फ परिषदों में कुल 4 से अधिक गैर-मुस्लिम शामिल नहीं किए जाएंगे।

# कतर में इजराइल के खिलाफ 50 मुस्लिम देशों की बड़ी बैठक

### ईरान बोला- इस्लामी देश इजराइल से रिश्ता तोड़ें, पाकिस्तान की नाटो जैसी फोर्स बनाने की सलाह

एजेंसी । दोहा

कतर की राजधानी दोहा में आज मुस्लिम देशों के 50 नेता इजराइल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए हैं। यह बैठक अरब लीग और ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन ने बुलाई है। इसका मकसद 9 सितंबर को कतर पर हुए इजराइली हमले का जवाब देना है। इस हमले में हमास के 5 मेंबर और एक कतरी सुरक्षा अधिकारी मारा गया था। यह हमला उस समय हुआ जब हमास की एक टीम गाजा में दो साल से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका के प्रस्ताव पर बात करने दोहा में थी। आज की मीटिंग से पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने मुस्लिम देशों से इजराइल के साथ रिश्ते तोड़ने को कहा है। उन्होंने इस्लामिक देशों से एकजुट होने की अपील की। वहीं, पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसे जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इजराइल को लेकर सख्त बयान दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इजराइल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूरी है और कोई भी देश यह न सोचे कि वह गाजा युद्ध से बचा रहेगा।



## विदेश मंत्रियों ने रविवार को बंद कमरे में मीटिंग की

रविवार को इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों ने दोहा में इजराइल के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर बंद कमरे में एक बैठक की थी। इस दौरान कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी ने इजराइली हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि कतर अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने कहा कि दुनिया भर के मुस्लिम इस बैठक पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र किया और कहा कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय (उम्माह) के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

**हमास चीफ को निशाना बनाकर हमला किया था :** इजराइल ने 9 सितंबर कतर की राजधानी दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमले में अल-हय्या बच गया, जबकि 6 अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भी कहा था कि इजराइल इस हमले की 'पूरी जिम्मेदारी' लेता है।

## विटामिन डी टैबलेट/पाउडर खाने का लाभ नहीं मिल रहा है तो करें ये काम

ब्यूरो



एआई जेनरेटेड

**नई दिल्ली।** विटामिन डी मजबूत हड्डियों के लिए तो ज़रूरी है ही, रोग प्रतिरोधक क्षमता व शरीर के स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए भी बहुत ज़रूरी है। वैसे तो जब आप धूप में जाते हैं तो आपकी शरीर विटामिन डी का उत्पादन स्वयं करने लगती है। लेकिन जब धूप कम मिलती है और शरीर में विटामिन डी का उत्पादन ठीक से नहीं हो पाता है, तो विटामिन के लिए खाद्य खाद्य पदार्थ व टेबलेट या पावडर लेना जरूरी हो जाता है। अब तो जिनके शरीर में विटामिन डी की ज्यादा कमी हो जाती है, उनको विटामिन डी की सुई लगाई जाती है। वैसे तो इससे पर्याप्त विटामिन डी नहीं मिलता है। लेकिन जो लोग विटामिन डी सप्लीमेंट लेते हैं, उनमें से कुछ लोग ऐसी आम गलतियां कर बैठते हैं जिससे उनके शरीर में इस विटामिन डी की कमी बनी रहती है। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि जब विटामिन डी लेने के बाद भी रोज थकान, मूड में उतार चढ़ाव या फिर हड्डियों में दर्द की शिकायत रहे तो इसका मतलब यह है कि आप गलत तरीके से विटामिन डी ले रहे हैं।

- **खाली पेट विटामिन डी नहीं लें :** यदि आप विटामिन डी सप्लीमेंट खाली पेट लेते हैं तो ऐसा करने से आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पूरी नहीं होगी। इससे विटामिन के अवशोषण को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसा नहीं हो इसके लिए विटामिन डी हमेशा फैट (दूध, दही...) के साथ लेना चाहिए। आप अपने भोजन में हल्का फैट जोड़ सकते हैं। इसके लिए आपको दूध-दही-सूखे मेवे या अंडा भी खाना जरूरी है।
- **कितनी मात्रा लें :** यदि विटामिन डी सप्लीमेंट का सही डोज नहीं लेते हैं तब भी आपके शरीर में इसकी कमी बनी रहेगी। ज्यादातर लोग सप्लीमेंट के मार्फ़त भी बहुत ही कम डोज लेते हैं। वयस्कों को 1000 से 2000 इंटरनेशनल यूनिट की जरूरत होती है। इसलिए सप्लीमेंट लेने से पहले आपको चिकित्सकों से इसके डोज के बारे जरूर पूछ लेना चाहिए।
- **विटामिन के 2 :** विटामिन डी के साथ विटामिन के2 भी जरूरी है। यदि आपको सही मात्रा में विटामिन के2 नहीं मिल रहा है तो यह आपके कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित कर सकता है। क्योंकि विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाता है, लेकिन बिना विटामिन के2 के यह हड्डियों की जगह आर्टिरीज में जमा होने लगता है।
- **मैग्नीशियम की मात्रा :** आप अपने विटामिन डी सप्लीमेंट का पूरा लाभ चाहते हैं तो आप यह सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम भी मिले। बिना मैग्नीशियम के विटामिन डी एक्टिव नहीं होता है। फिर चाहे आप कितना ही सप्लीमेंट क्यों ना ले रहे हैं। मैग्नीशियम के लिए आप बादाम, मूंगफली, पालक, लौकी का बीज, कोटड़ा का बीज आदि का सेवन कर सकते हैं।
- **गर्मी में भी विटामिन डी लें :** बहुत से लोग गर्मी के मौसम में विटामिन डी सप्लीमेंट लेना बंद कर देते हैं। उनको लगता है कि तेज धूप के कारण उन्हें पर्याप्त विटामिन डी मिल रहा है। लेकिन चिकित्सकों का कहना है कि यदि आप अगर विटामिन भी सप्लीमेंट ले रहे हैं, तो आपको इसे लगातार लेने की जरूरत है। यदि आप इसे सही मात्रा में ले रहे हैं तो आपकी ऊर्जा व रोग प्रतिरोधक क्षमता दोनों ही बढ़ेंगे, इसके साथ आपकी हड्डी भी मजबूत होगी।
- **विटामिन डी के अन्य माध्यम :** आपको अपने शरीर में विटामिन डी की कमी को पूरा करना है तो सबसे पहले खान-पान में में दूध, दही, पनीर, मशरूम, मूंगफली, फल आदि का भी सेवन करें। रोज़ कम से कम आधे घंटे आप धूप सेंकने कोशिश करें।

## न्यूज बॉक्स

### नौसेना का 'निस्तार' चांगी बेस पहुंचा, साउथ चाइना सी अभ्यास



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय नौसेना का नवीनतम डाइविंग सपोर्ट वेसल आईएनएस निस्तार साउथ चाइना सी में होने वाले सैन्य अभ्यास में शामिल होने जा रहा है। आईएनएस निस्तार अपनी पहली विदेशी यात्रा के तहत सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर पहुंच चुका है। यह समुद्री जहाज स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित है। सिंगापुर के चांगी नेवल बेस पर मौजूद यह भारतीय नौसेनिक पोत अब यहां बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'पैसिफिक रीच 2025 (एक्सपीआर-25)' में हिस्सा लेगा। यह सैन्य अभ्यास सोमवार 15 सितंबर से हो होने जा रहा है। 2018-19 में दो डीएसआरवी निस्तार (पूर्वी और पश्चिमी तट के लिए) के शामिल होने के बाद, भारत उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में आ गया है।

### जेन-जी आंदोलन से नेपाल में अरबों का कारोबारी नुकसान



**काठमांडू (आईएएनएस)।** जेन-जी आंदोलन के बाद नेपाल के कारोबारी गहरे सदमे में हैं। बीते सप्ताह हुई तोड़फोड़ और आगजनी ने देश के निजी क्षेत्र को अरबों का नुकसान पहुंचाया है। शॉपिंग मॉल, होटल, फैक्ट्रियां, ऑटो शोरूम और व्यापारियों के घरों तक को निशाना बनाया गया। इन हमलों में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। सबसे बड़ा झटका राजधानी काठमांडू के होटल हिल्टन को लगा, जिसे बीते साल ही भव्य रूप से खोला गया था। 9 सितंबर को हुई हिंसा में इस बहुमंजिला होटल को भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) के अनुसार सिर्फ हिल्टन को ही 8 अरब नेपाली रुपये (करीब 5 अरब भारतीय रुपये) से अधिक का नुकसान हुआ है।

### दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास



**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने सोमवार को अपना त्रिपक्षीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शांति स्थापित करने और उत्तर कोरिया के सैन्य खतरों के खिलाफ सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के तीनों देशों के निरंतर प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। पांच दिवसीय यह अभ्यास दक्षिण कोरिया के दक्षिणी द्वीप जेजू के पूर्व और दक्षिण में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में शुरू हुआ। दक्षिण कोरिया में ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के प्रवक्ता यांग सेउंग-क्वान ने एक प्रेस वार्ता में कहा, "फ्रीडम एज एक्सरसाइज 19 सितंबर तक होगी, ताकि उत्तर कोरिया के उभरते परमाणु और मिसाइल खतरों को रोकने और उनका जवाब देने की क्षमताओं को मजबूत किया जा सके।

### उत्तर कोरिया जासूसी एजेंसी में विस्तार खुफिया क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित



**सोल ।** दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने बाहरी खुफिया जानकारी एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने की अपनी क्षमताओं को मजबूत करके देश की जासूसी एजेंसी जनरल रिकोनेसेंस ब्यूरो (जीआरबी) के संचालन का विस्तार किया है। सत्तारूढ़ पार्टी के केंद्रीय सैन्य आयोग के उपाध्यक्ष पाक जोंग-चोन ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने पहली बार जनरल रिकोनेसेंस इंफॉर्मेशन ब्यूरो नामक एक नई इकाई का उल्लेख किया। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने जीआरबी का विस्तार जनरल रिकोनेसेंस इंफॉर्मेशन ब्यूरो में कर दिया है। मंत्रालय के प्रवक्ता कू ब्योंग-सैम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "हम इस संभावना पर नजर रख रहे हैं।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने इजरायल को दिया अटूट समर्थन

### हमास के सफाए की मांग



**यरुशलम (आईएएनएस)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को इजरायल की यात्रा के दौरान गाजा में जारी सैन्य अभियान के प्रति वॉशिंगटन के "अटूट समर्थन" का भरोसा दिलाया और हमास के सफाए की मांग की। यरुशलम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो ने कहा, "गाज़ा के लोगों का बेहतर भविष्य बन सकता है, लेकिन वह तब तक संभव नहीं है जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता। आप हमारे अटूट समर्थन और प्रतिबद्धता पर भरोसा कर सकते हैं। नेतन्याहू ने रुबियो की यात्रा को "वॉशिंगटन के स्पष्ट समर्थन का संदेश" करार दिया। रुबियो ने उन पश्चिमी देशों की आलोचना भी की, जिन्होंने हाल ही में फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा, "ऐसे फैसले महज प्रतीकात्मक हैं और इनका वास्तविक असर कुछ नहीं है। उल्टा, यह हमास को और हौसला देता है। बैठक से पहले रुबियो ने कहा था कि वह नेतन्याहू के साथ गाजा में सैन्य अभियान के "लक्ष्यों और उद्देश्यों" पर चर्चा करेंगे। पिछले हफ्ते दोहा में इजरायली हवाई हमले में छह लोगों की मौत पर खाड़ी देशों की नाराजगी के बारे में पूछे जाने पर रुबियो ने कहा, "हमारा ध्यान आगे क्या होगा, उस पर है।

## ऑस्ट्रेलिया में एचआईवी मामलों में गिरावट, सामान्य यौन रोगों में बढ़ोतरी

**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया की 2024 यौन स्वास्थ्य रिपोर्ट में मानव इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (एचआईवी) के मामलों में कमी दर्ज की गई है, लेकिन इसके साथ ही सामान्य यौन संचारित रोगों (एसटीआई) में खतरनाक वृद्धि सामने आई है। न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय के किर्बी इंस्टीट्यूट द्वारा सोमवार को जारी "ऑस्ट्रेलिया का 2024 यौन स्वास्थ्य चेक-अप" के अनुसार पिछले एक दशक में सिफलिस और गोनोरिया (सूजाक) के मामलों में दोगुनी से भी ज्यादा वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में सिफलिस के 5,866 और गोनोरिया के 44,210 मामले दर्ज किए गए। एडिलेड में आयोजित ऑस्ट्रेलियन एचआईवी एवं एड्स सम्मेलन में जारी इस राष्ट्रीय निगरानी रिपोर्ट ने बताया कि यौन स्वास्थ्य जांच में गंभीर खामियां हैं और बीते दशक में सिफलिस व गोनोरिया के मामलों में तीव्र वृद्धि हुई है।

## 2026 तक मानव से ज्यादा स्मार्ट हो जाएगा एआई : मस्क

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** टेस्ला,एक्स , स्पेस एक्स , न्यूरालिंक के मालिक व दुनिया के धनी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट्स 2026 तक किसी भी चीज में इंसान से ज़्यादा बुद्धिमान हो जाएंगे। मस्क ने एक पॉडकास्ट में दिए गए बयान में कहा कि एक्स एआई में उनकी टीम अगले साल तक ग्रोक चैटबॉट का एक और ज्यादा पावरफुल वर्जन रिलीज करने पर काम कर रही है। एजेंक्टिक एआई की तरफ बढ़ने वाला यह एक बड़ा कदम है। मस्क का मानना है कि एआई की क्षमता इतनी बढ़ जाएगी कि 2026 तक यह किसी भी औसत इंसान से भी ज्यादा बुद्धिमान हो जाएगा। ग्रोक का मौजूदा वर्जन पहले ही अपनी क्रिएटिव कामकाज की क्षमताओं को साबित कर चुका है। और अगले वर्जन में एक्स एआई का ग्रोक अधिक एजेंटिक फंक्शंस शामिल कर सकता है, जिससे जीवन थोड़ा और आसान हो जाएगा। ग्रोक-4 में 130,000-टोकन का कॉन्टेक्स्ट विंडो है। जिससे यह एक ही बातचीत में बड़ी मात्रा में जानकारी संभाल और याद रख सकता है। टेक्स्ट के अलावा यह मॉडल विजन व इमेज जेनरेशन को भी सपोर्ट करता है ,इस तरह यह मल्टी मॉडल है।

## टेक्सास में भारतीय व्यक्ति की हत्या पर ट्रंप ने किया वादा, 'न्याय की पूरी सीमा तक कार्रवाई'

**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेक्सास में एक भारतीय नागरिक की हत्या मामले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोपी के खिलाफ 'न्याय की पूरी सीमा तक' मुकदमा चलाने का वादा किया। हत्यारे पर 'प्रथम श्रेणी की हत्या का आरोप' लगाया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, "मुझे टेक्सास के डलास में प्रतिष्ठित व्यक्ति चंद्र नागमल्लैया की हत्या से जुड़ी भयावह खबरों की जानकारी है। उनकी पत्नी और बेटे के सामने, क्यूबा से आए एक अवैध विदेशी ने, जिसे हमारे देश में कभी होना ही नहीं चाहिए था, बेरहमी से उनका सिर काट दिया। उन्होंने हत्या के आरोपियों को छोड़ने के लिए पहले के बाइडेन प्रशासन को भी दोषी ठहराया।

## एसआईआर प्रक्रिया में अवैध गतिविधि पाई गई तो पूरी प्रक्रिया रद्द हो सकती है : सर्वोच्च न्यायालय

### आखिरी सुनवाई 8 अक्टूबर को

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर जिस तरह मनमानी, तानाशाही का आरोप विपक्ष लगा रहा है, उसकी एक झलक बीते दिनों हुई सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय में देखने को मिली ।जिसमें कहा गया कि चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अधिकार का प्रयोग कर रहा है , उसमें सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। लगता है उसके इस कहे व रवैये को सर्वोच्च न्यायालय ने भी ठीक से समझ लिया । इसके पहले तो विपक्षी दल वाले सप्रमाण इसकी मनमानी व तानाशाही का मुद्दा मीडिया से लेकर जनता तक उठा ही रहे थे। इसका कोई असर चुनाव आयोग पर नहीं हुआ तब सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाए। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा कराये जा रहे वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की। सुको ने कहा कि यदि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार अवैध गतिविधि होती है तो फिर कोर्ट पूरी प्रक्रिया को ही रद्द कर सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि ऐसा फैसला लिया गया तो वो केवल बिहार के एसआईआर के लिए नहीं बल्कि पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले में कोई भी फैसला टुकड़ों टुकड़ों में नहीं दे सकते। इसलिए जो भी फैसला होगा, वह पूरे देश के लिए लागू होगा। सुको ने यह भी कहा कि वह यह मानता है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी के तौर पर भारत निर्वाचन आयोग वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण का काम पूरा करने में कानून और अनिवार्य सभी नियमों का पालन कर रहा है ।बिहार एसआईआर की वैधता पर आखिरी बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 7 अक्टूबर 2025 की तारीख तय की है। बीते सोमवार यानी 8 सितंबर 2025 को आदेश दिया था कि एसआईआर की प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए जरूरी 11 दस्तावेजों के अलावा, आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर शामिल किया जाए। 8 सितंबर की उस सुनवाई के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट ने उन शिकायतों को सुना था, जिनमें ये कहा गया था कि चुनाव अधिकारी पूर्व निर्देशों के बावजूद इसे मान्यता देने से इनकार कर रहे हैं। उन शिकायतों के चलते ही कोर्ट ने चुनाव आयोग को आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के तौर पर शामिल करने का आदेश दिया था ।मालूम हो कि विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान पर सवाल उठाए थे। इसके चलते ही सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई हो रही है। विपक्ष द्वारा कथित तौर पर उचित सत्यापन के बिना वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने की बात कही गई है, जिसको लेकर लगातार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई का दौर जारी है। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 8 अक्टूबर को आखिरी सुनवाई की तारीख के तौर पर तय कर दिया है। देखना है उस दिन क्या होता है?

## पवन ने 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग खत्म की

### फैंस बोले- अब इंतजार नहीं होता!



कहानी फिल्म जगत की

यह बात जगजाहिर है कि टॉलीवुड के शीर्ष स्टार और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण ब्लैक बेल्ट धारक हैं। पावर स्टार पवन कल्याण ने आधिकारिक तौर पर उस्ताद भगत सिंह के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है, और इस खबर ने उनके प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है जो फिल्म की रिलीज़ का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं। सिनेमा और सार्वजनिक जीवन, दोनों में संतुलन बनाए रखने वाले अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण ने सेट पर अपनी सह-कलाकार राशि खन्ना के साथ एक गर्मजोशी भरी सेल्फी खिंचवाई, जिससे उनका शेड्यूल खत्म हो गया।

### राशि खन्ना बोलीं यादगार अनुभव

हरिश शंकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कल्याण के साथ राशि खन्ना और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। कहानी एक भारतीय पुलिस (आईपीएस) अधिकारी और उसकी बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पुराने दुश्मनों द्वारा परिवार की हत्या के बाद अपनी मौत का नाटक करते हैं।

